नई दिल्ली
मंगलवार 2 जून 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष, द्वितीया वर्ष : 30, अंक : 44
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 42
न्यून. 32

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

### युद्धाभ्यासों में बढ़ेगी भागीदारी

*नए क्षेत्रों में बढ़ते सैन्य सहयोग को लेकर दोनों रक्षा मंत्रियों ने संतोष जाहिर किया है। जिसमें 2026 में होने वाले सैन्य युद्धाभ्यास ऑस्ट्रा-हिंद में उभयचरी युद्ध और तटवर्ती गतिविधियों का समावेश किया गया है। ऑपरेशन रेंडर सेफ 2026 में भारत की उद्घाटन भागीदारी को ऑस्ट्रेलिया ने सराहा है। पनडुब्बी बचाव युद्धाभ्यास ब्लैक कार्रिलन में भाग लेने को लेकर दिए गए ऑस्ट्रेलिया के निमंत्रण के लिए भारत ने धन्यवाद दिया है। रणनीतिक मुख्यालयों के बीच सूचनाओं को साझा करने को लेकर दोनों पक्षों ने संवाद के दौरान अपनी स्वीकृति प्रदान करते हुए मौजूदा साल में संयुक्त स्टाफ वार्ता के उद्घाटन को लेकर भी सहमति जताई है। सामरिक, रणनीतिक और टैक्टिकल स्तर पर सुरक्षित द्विपक्षीय संवाद को बनाए रखने के महत्व को भी वार्ता में रेखांकित किया गया। मामले पर विषयगत आदान-प्रदान के प्रयासों के जरिए आगे बढ़ा जाएगा।*

### ऑस्ट्रेलियाई रक्षा कॉलेज में जाएंगे इंस्ट्रक्टर

*प्रशिक्षण सहयोग के मुद्दे पर दोनों मंत्रियों ने ऑस्ट्रेलिया के रक्षा कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2028-2029 तक भारतीय इंस्ट्रक्टर की नियुक्ति को लेकर तमाम गतिविधियों को अंतिम रूप देने के लिए प्रेरित किया जाएगा। जिससे कहीं न कहीं दोनों देशों के बीच व्यावसायिक सैन्य गतिविधियों, ज्ञान के आदान-प्रदान और रणनीतिक एकत्रीकरण को मजबूती मिलेगी।*

### क्वाड की मजबूती के पक्षधर

*राजनाथ सिंह और रिचर्ड मार्लेस ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका के बीच बढ़ते रणनीतिक समन्वय यानी क्वाड का स्वागत किया है। अपने भागीदार देशों के बीच अंतर-संचालनीयता को बढ़ावा देने के लिए समुद्री क्षेत्र में जागरूकता को और अधिक मजबूती देने के संबंध में सहयोग बढ़ाने को लेकर भी दोनों पक्षों ने अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। क्वाड के हिंद-प्रशांत समुद्री निगरानी सहयोग कदम को लेकर भी मजबूत सहयोग प्रदान करने को लेकर दोनों देश तैयार हैं। जिसे शुरुआत में हिंद-महासागर क्षेत्र में विशेषज्ञों के आदान-प्रदान और टेबलटॉप अभ्यासों के माध्यम से क्रियान्वित किया जाएगा। भारत, ऑस्ट्रेलिया ने हिंद-महासागर क्षेत्र कार्यक्रम के संचालन के आगाज को लेकर प्रसन्नता जताई है। जिसका संबंध समुद्री क्षेत्र जागरूकता के लिए गुरुग्राम स्थित आईएफसी-आईओआर के जरिए क्वाड हिंद-प्रशांत साझेदारी पर केंद्रित है। दोनों देश समूचे समुद्री क्षेत्र में समान रणनीतिक तस्वीर को विकसित करने के लिए साझेदारी को बढ़ावा देने के प्रयासों को बढ़ाने के पक्ष में हैं।*

भारत और ऑस्ट्रेलिया ने इस मुद्दे पर एकस्वर में जताई अपनी प्रतिबद्धता

# वैश्विक समुद्री क्षेत्र में नौवहन आवाजाही का मुख्य आधार होने चाहिए यूएन के कानून

यह जानकारी राजनाथ सिंह और रिचर्ड मार्लेस के बीच सोमवार को हुए दूसरे रक्षा संवाद से मिली है

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया संकट से लेकर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में दिनों दिन बढ़ती जा रही चीन की उग्रता के बीच भारत और ऑस्ट्रेलिया अंतरराष्ट्रीय समुद्री क्षेत्र में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के प्रचलित कानूनों के तहत नौवहन की निर्बाध आवाजाही और उड़ान की स्वतंत्रता को मजबूती के साथ बरकरार रखने के पक्ष में हैं। सोमवार को नई दिल्ली में दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों के संवाद का दूसरा संस्करण आयोजित किया गया। जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और ऑस्ट्रेलिया के उप-प्रधानमंत्री व रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस ने एक खुले हुए, स्वतंत्र, स्थिर



और समृद्ध हिंद-प्रशांत का गठन करने के लिए क्षेत्रीय भागीदारों के साथ सहयोग बढ़ाने पर अपनी सहमति प्रदान की है। साथ ही क्षेत्र में स्वतंत्र रूप से व्यापार को बनाए रखने और वैश्विक कानूनों के मुताबिक समुद्र के उचित इस्तेमाल करने के महत्व को भी रेखांकित किया है। वर्ष 1982 की यूएन संधि जिसे हम 'यूनाइटेड नेशंस कन्वेंशन ऑन द लॉ ऑफ द सी (यूएनसीएलओएस)' के नाम से जानते हैं, वह इस पूरे मामले में मुख्य रूप से शामिल है। संवाद के दौरान दोनों देशों के आपसी संबंधों को मजबूत बनाने के अलावा क्षेत्रीय सुरक्षा के मसले पर भी गंभीरता के साथ विचार-विमर्श किया गया। यह जानकारी रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए एक बयान से मिली है। जिसमें यह बताया गया कि दोनों शीर्ष मंत्रियों ने ⏩ शेष पेज 5 पर

### दोनों रक्षा मंत्रियों के तर्क

*राजनाथ सिंह ने इस संवाद को उत्कृष्ट बताते हुए कहा कि हमने मिलकर द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के समूचे दायरे की समीक्षा की और इसे भविष्य में और अधिक बढ़ाने तथा संबंधित साधनों को लेकर विचार-विमर्श किया है। दोनों देशों की रक्षा साझेदारी आगामी वर्षों में स्थिर प्रगति करने के लिए तैयार है। ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस ने कहा कि दोनों देशों के रणनीतिक संबंध पहले के मुकाबले कहीं अधिक मजबूत हुए हैं। इस बढ़ते हुए रक्षा और सुरक्षा सहयोग को लेकर उन्होंने क्षेत्रीय स्थिरता के लिए भी काफी महत्वपूर्ण बताया।*

### एयर मार्शल चौधरी ने वायुसेना की सेंट्रल कमांड के प्रमुख के रूप में संभाला कार्यभार

**नई दिल्ली ।** एयर मार्शल तरुण चौधरी ने सोमवार को वायुसेना की सेंट्रल कमांड के प्रमुख यानी एयर ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ के रूप में अपना कार्यभार ग्रहण किया। उन्हें दिसंबर 1989 में बल की लड़ाकू शाखा में कमीशन किया गया था। वह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, डिफेंस सर्विसेज स्टॉफ कॉलेज, कॉलेज ऑफ एयर वारफेयर और राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के पूर्व छात्र रहे हैं। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि एयर मार्शल चौधरी ने यह जिम्मेदारी एयर मार्शल बालाकृष्णन के स्थान पर संभाली है। जो चार दशक तक देश सेवा करने के बाद बीते 31 मई को सेवानिवृत्त हो गए। एयर मार्शल चौधरी ने अपने लंबे सेवाकाल के दौरान वायुसेना में कई अहम रणनीतिक, स्टाफ और राजनयिक पदों पर कार्य किया है। जिसमें स्वीडन में वह भारतीय दूतावास में रक्षा अताशे के पद पर रहे हैं। साथ ही उन्होंने नार्वे, फिनलैंड और डेनमार्क में भी समान जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है। सेंट्रल एयर कमांड का दायित्व संभालने से पहले एयर मार्शल चौधरी वायुसेना की दक्षिणी कमांड मुख्यालय में वरिष्ठ वायुसेना अधिकारी के पद पर तैनात थे। वहीं, वाइस एडमिरल विनीत मकार्थी ने अंडमान निकोबार कमांड के 20वें प्रमुख के रूप में अपना पदभार ग्रहण किया है। इसके अलावा मेजर जनरल आर.थॉमस ने ⏩ शेष पेज 5 पर

सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी के साथ हुई उच्च-स्तरीय बैठक में म्यांमार के राष्ट्रपति का ठोस आशवासन

# भारत के सुरक्षा हितों के खिलाफ नहीं होगा म्यांमार की धरती का इस्तेमालः जनरल ह्लाइंग

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

घरेलू और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और म्यांमार के राष्ट्रपति जनरल मिन आंग ह्लाइंग के बीच सोमवार को राजधानी के हैदराबाद हाउस में एक उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक हुई। जिसका सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण निष्कर्ष यही है कि इसमें म्यांमार के राष्ट्रपति ने भारत को आश्वासन देते हुए कहा है कि उनके देश की जमीन का इस्तेमाल कहीं से भी भारत के सुरक्षा हितों के खिलाफ करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने म्यांमार की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्धता के साथ भारत के समर्थन को राष्ट्रपति ह्लाइंग के समक्ष मजबूती के साथ दोहराया है। यह जानकारी विदेश मंत्रालय द्वारा बैठक के बाद जारी किए गए संयुक्त बयान से मिली है। यहां बता दें कि म्यांमार के राष्ट्रपति बीते 30 मई से भारत की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं। जिसके तहत पीएम मोदी के साथ उनकी यह बैठक हुई। बैठक के बाद उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात की है। ⏩ शेष पेज 5 पर

बीते 30 मई से 3 जून तक भारत की यात्रा पर हैं म्यांमार के राष्ट्रपति

राष्ट्रपति ह्लाइंग ने पीएम मोदी को दिया म्यांमार यात्रा का निमंत्रण



### म्यांमार आधारित प्रयासों से खुलेगी शांति की राह

बैठक में दोनों पक्षों ने संप्रभु क्षेत्र का अपने सुरक्षा हितों के विरूद्ध इस्तेमाल करने से बचने के महत्व को रेखांकित किया है। पीएम मोदी ने म्यांमार के राष्ट्रपति को भरोसा दिलाते हुए कहा कि भारत, म्यांमार के लिए एक मजबूत और भरोसेमंद साझेदार है। वह दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग को और अधिक गहराई प्रदान करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने शांति, स्थिरता, राष्ट्रीय समाधान और सामाजिक-आर्थिक विकास को लेकर म्यांमार आधारित और म्यांमार केंद्रित प्रयासों को समर्थन प्रदान करने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के बीच आपसी सम्मान और मित्रवत संबंधों के तहत लगातार अपना समर्थन और सहयोग बनाए रखने को लेकर सहमति जताई है। राष्ट्रपति ह्लाइंग ने भारत के रचनात्मक समर्थन और सहयोग की सराहना की है।

### बैठक में इन मुद्दों पर हुई चर्चा

*विदेश सचिव ने कहा कि इस बैठक में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग से जुड़े हुए विभिन्न पहलुओं जैसे व्यापार-निवेश, आर्थिक संबंध, रक्षा-सुरक्षा, सीमा प्रबंधन, जटिल खनिजों-दुर्लभ पृथ्वी तत्वों, कनेक्टिविटी, विकास सहायता, क्षेत्रीय हालात और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के मामले पर विचार-विमर्श किया गया है। दोनों पक्षों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, ऊर्जा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसी महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में भी सहयोग को और अधिक बढ़ाने पर सहमति जताई है। मिस्री ने बताया कि भारत और म्यांमार के बीच व्यापार का आंकड़ा 2 बिलियन डॉलर के पार पहुंच गया है। वहीं, भारत ने म्यांमार को 600 मिलियन डॉलर का निर्यात किया है। जबकि म्यांमार ने नई दिल्ली को 1.5 बिलियन डॉलर का निर्यात किया है। संयुक्त बयान के मुताबिक, दोनों देश अपने द्विपक्षीय व्यापार को रुपी-क्यात तंत्र के जरिए और आगे बढ़ाने के पक्ष में हैं। मई 2024 में इसकी शुरुआत के बाद मामले में हुई प्रगति को लेकर दोनों संतुष्ट हैं। कृषि-प्रसंस्करण, पेट्रोलियम, ऊर्जा, खनन जैसे क्षेत्रों में व्यापार-निवेश को लेकर निकट सहयोग बढ़ाने पर भी बैठक में सहमति प्रदान की गई है। जिसमें राष्ट्रीय कानूनों को प्राथमिकता दी जाएगी।*

### सहयोग के केंद्र में रक्षा सहयोग का मुद्दा

*विक्रम मिस्री ने बताया कि दोनों देशों के बीच कई सालों से रक्षा सहयोग का मामला केंद्र में रहा है। भारत और म्यांमार आपस में कुल करीब 1 हजार 643 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करते हैं। वार्ता से जुड़े इस विषय में प्रशिक्षण, संस्थागत क्षमता विकास और यूएन शांति सैनिकों का मसला भी शामिल है। इसके अलावा जटिल-दुर्लभ खनिजों का मामला भी दोनों नेताओं की बातचीत में उठा। दोनों देशों के बीच इसे लेकर एक-दूसरे के संपर्क में बने रहने को लेकर समझ बनी है।*

### दो कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट में यूं होती देरी

*उन्होंने कहा कि बैठक में दोनों शीर्ष नेताओं ने कनेक्टिविटी से जुड़ी कलादान, भारत-म्यांमार-थाईलैंड त्रिपक्षीय राजमार्ग परियोजना के विकास के मामले पर भी चर्चा की गई। राष्ट्रपति जनरल ह्लाइंग ने पीएम को आश्वासन देते हुए कहा है कि यह परियोजनाएं अपने समापन की ओर आगे बढ़ेंगी। विदेश सचिव ने एक प्रश्न के जवाब में इस बात को स्वीकार किया कि इन परियोजनाओं के विकास में देरी हो रही है। जिसके पीछे सुरक्षा के हालात और खासतौर पर रखाइन क्षेत्र में म्यांमार की सेना और वहां सक्रिय सशस्त्र गुटों के बीच जारी संघर्ष है। लेकिन तनाव के हालात के बीच जैसे-जैसे निर्माण कार्य में लगे हुए लोगों को मौका मिलता है। वह अपनी गतिविधियों को आगे बढ़ाने में लगे हुए हैं। इस संबंध में मौजूदा अस्थिर माहौल को देखते हुए किसी तय समय सीमा की घोषणा करना कठिन है। पीएम ने कहा कि कनेक्टिविटी परियोजनाएं क्षेत्रीय आर्थिक जुड़ाव और समृद्धि को बढ़ाने साझा रूप से लाभप्रद हैं।*

### आर्थिक साझेदारी को मिलेगी मजबूती

*प्रधानमंत्री ने विश्वास जताते हुए कहा कि महाराष्ट्र के राज्यपाल और प्रदेश के मुख्यमंत्री के साथ होने वाली राष्ट्रपति की बैठकों और मुंबई में 2 से 3 जून तक चलने वाली उनकी तमाम आर्थिक गतिविधियों के जरिए दोनों देशों के द्विपक्षीय, आर्थिक सहयोग को और मजबूती मिलेगी। राष्ट्रपति की यह भारत यात्रा दोनों देशों के बीच मौजूद दीर्घकालिक संबंधों और निकट साझेदारी को प्रदर्शित करती है। दोनों पक्षों ने भविष्य में भी आपस में निकट संपर्क में बने रहने को लेकर सहमति जताई है।*

### 2,411 भारतीयों की हुई स्वदेश वापसी

*मिस्री ने कहा कि बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने म्यांमार के राष्ट्रपति के समक्ष उनके देश व दक्षिण-पूर्व एशियाई भूभाग में सक्रिय साइबर अपराधियों के मकड़जाल के मुद्दे को भी उठाया। जिनका शिकार नौकरी की तलाश कर रह भोले भाले भारत के लोग बन रहे हैं। बीते करीब डेढ़ साल में इस तरह के मामलों का शिकार हुए 2 हजार 411 भारतीयों को सुरक्षित स्वदेश वापस लाया जा चुका है। इसके अलावा आज भी 150 लोग ऐसे हैं। जो फर्जी साइबर भर्ती केंद्रों के चंगुल में फंसे हुए हैं। सरकार इन सभी लोगों की देश वापसी को लेकर म्यांमार के साथ चर्चा कर रही है। मामला इसलिए भी पेचीदा हो जाता है। क्योंकि यह लोग भारत से सीधे म्यांमार या अन्य जगहों पर मौजूद केंद्रों तक नहीं पहुंचते हैं। बल्कि इन्हें किसी तीसरे देश के माध्यम से इन केंद्रों तक पहुंचाया जाता है। पीएम मोदी ने म्यांमार के राष्ट्रपति को बताया कि 2026 में भारत ने म्यांमार के छात्रों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति मेकांग गंगा आईसीसीआर छात्रवृत्ति को 36 से बढ़ाकर 100 करने का ऐलान किया है।*

लंबे समय बाद कांग्रेस में ओवरहॉलिंग की तैयारी

## पंजाब समेत आधा दर्जन प्रदेश अध्यक्षों को बदलने की तैयारी, छग पर भी मंथन

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरिभूमि विशेष

विधानसभा चुनावों का दौर समाप्त होने और कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की प्रक्रिया लगभग पूरी होने के बाद अब कांग्रेस संगठन में बड़े पैमाने पर फेरबदल की तैयारी कर रही है। पार्टी नेतृत्व की नजर 2027 के विधानसभा चुनावों और 2029 के लोकसभा चुनावों पर है। ऐसे में कई राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों को बदला जा सकता है, जबकि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी स्तर पर भी नई जिम्मेदारियों का बंटवारा होने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी संगठन में नए और अपेक्षाकृत युवा चेहरों को आगे लाने के पक्ष में हैं। हाल के महीनों में पार्टी के प्रदर्शन, राज्यों में गुटबाजी और आगामी चुनावी चुनौतियों को देखते हुए कांग्रेस नेतृत्व संगठनात्मक पुनर्गठन को जरूरी मान रहा है। इस विषय पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को और राहुल गांधी के बीच कई दौर की चर्चा हुई है।सबसे ज्यादा चर्चा पंजाब कांग्रेस को लेकर है। मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वारिंग की जगह नए चेहरे को जिम्मेदारी देने पर विचार चल रहा है। पार्टी के हालिया स्थानीय निकाय चुनावों में अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाने और संगठन के भीतर बढ़ती गुटबाजी को इसके पीछे प्रमुख कारण माना जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक जालंधर से सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी का नाम संभावित दावेदारों में शामिल है। केरल कांग्रेस में भी बदलाव लगभग तय माना जा रहा है। वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सनी जोसेफ़ के राज्य सरकार में मंत्री बनने के बाद संगठन की कमान नए नेता को सौंपे जाने पर विचार चल रहा है। दावेदारों में सांसद कोडिकुन्निल सुरेश, बेनी बेहनान, एंटो एंटनी, वरिष्ठ नेता जोसेफ वाझक्कन और यूडीएफ संयोजक अदूर प्रकाश के नाम चर्चा में हैं। केरल में जातीय और सामुदायिक संतुलन को लेकर भी बहस तेज है। एक पक्ष दलित चेहरे को प्रदेश अध्यक्ष बनाने की वकालत कर रहा है, जबकि दूसरा पक्ष ईसाई समुदाय को प्रतिनिधित्व देने की मांग उठा रहा है तमिलनाडु कांग्रेस अध्यक्ष के. सेल्वापरंग थगाई के कामकाज को लेकर शीर्ष नेतृत्व पूरी तरह संतुष्ट नहीं बताया जा रहा है। ऐसे में राज्य इकाई में भी बदलाव की संभावना जताई जा रही है। कांग्रेस दक्षिण भारत में अपनी संगठनात्मक पकड़ मजबूत करने के लिए नए समीकरणों पर काम कर रही है। कर्नाटक में सत्ता परिवर्तन के बाद संगठन और सरकार दोनों ⏩ शेष पेज 5 पर

मानसून से पहले गुणवत्ता, रखरखाव और सुरक्षा उपायों में तेजी लाने के निर्देश

## मीडिया रिपोर्ट्स पर सख्त हुए गडकरी, आंध्र और बंगाल के राष्ट्रीय राजमार्गों की समीक्षा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय राजमार्गों की गुणवत्ता तथा रखरखाव कार्यों की व्यापक समीक्षा की। यह समीक्षा मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त शिकायतों एवं फीडबैक के आधार पर की गई।



उच्चस्तरीय बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री , सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, राष्ट्रीय राजमार्ग एवं ⏩ शेष पेज 5 पर

केंद्रीय मंत्री चौहान ने रायसेन जिले से शुरू किया राष्ट्रव्यापी 'खेत बचाओ अभियान'

## केंद्रीय कृषि मंत्री बोले- मिट्टी बचेगी तो खेती बचेगी, किसान बचेगा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



■ शिवराज ने संतुलित खाद, सॉयल हेल्थ कार्ड और वैज्ञानिक खेती पर दिया जोर

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को मध्य प्रदेश के रायसेन जिले के ग्राम रमासिया से राष्ट्रव्यापी 'खेत बचाओ अभियान' का शुभारंभ करते हुए किसानों को साफ संदेश दिया कि मिट्टी बचेगी तो खेती बचेगी, किसान मजबूत होगा और देश समृद्ध बनेगा। उन्होंने संतुलित उर्वरक उपयोग, मिट्टी परीक्षण, सॉयल हेल्थ कार्ड, प्राकृतिक खेती ⏩ शेष पेज 5 पर

सम्मेलन में किफायती आवास, स्वच्छता और शहरी विकास पर होगा फोकस

## 11-12 जून को नई दिल्ली ब्रिक्स सम्मेलन की मेजबानी करेगा भारतः मनोहर लाल

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



■ सुषमा स्वराज भवन में होगा आयोजन, ब्रिक्स के सभी '11 सदस्य देशों' को मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडल लेंगे हिस्सा

भारत आगामी 11-12 जून को नई दिल्ली में सुषमा स्वराज भवन में ब्रिक्स शहरीकरण मंच (ब्रिक्स सम्मेलन 2026) की मेजबानी करेगा। केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित संकल्प भवन में ब्रिक्स सम्मेलन 2026 को लेकर आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 13वें ब्रिक्स सम्मेलन में समावेशी शहरी विकास, किफायती आवास, स्वच्छता, डिजिटल ⏩ शेष पेज 5 पर

दोनों नेताओं के बीच संगठन विस्तार और आगामी कार्यक्रमों पर हुई चर्चा

## हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से की शिष्टाचार भेंट

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी हरियाणा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने सोमवार को नई दिल्ली में



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर डॉ. गुप्ता ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को महाराजा अग्रसेन की मूर्ति तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। दोनों नेताओं के बीच संगठन की मजबूती, आगामी राजनीतिक एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों तथा पार्टी के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक और सकारात्मक चर्चा हुई। साथ ही कार्यकर्ताओं को संगठन से जोड़ने, बूथ स्तर तक पार्टी को ⏩ शेष पेज 5 पर

नायब सैनी की उपस्थिति में 1 लाख 10 हजार करोड़ के हुए एमओयू

# 5 लाख करोड़ के निवेश लक्ष्य के साथ सीएम ने किया 'मेक इन हरियाणा पॉलिसी' को लॉन्च

**इन्वेस्टिंग इन हरियाणा का मतलब है इन्वेस्टिंग इन फ्यूचर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम में 'मेक इन हरियाणा' इंडस्ट्रियल पॉलिसी को लॉन्च किया। प्रदेश में 5 लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य लेकर लॉन्च की गई इस पॉलिसी के पहले ही दिन 1 लाख 10 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों के एमओयू हुए। इसके साथ-साथ उन्होंने 9 नई सेक्टोरल पॉलिसी, एक स्मार्ट निवेश सुविधा पोर्टल को भी लॉन्च किया। सीएम सैनी ने ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के




लोगो का भी अनावरण किया। उन्होंने कहा कि इस नई पॉलिसी से उद्योग और सशक्त होंगे। निवेश प्रक्रिया सरल होगी और विकास के अवसर और अधिक व्यापक होंगे। इससे प्रदेश को एक नई दशा और दिशा मिलेगी।

### आर्थिक विकास का रोडमैप

*सीएम सैनी ने कहा कि 'मेक इन हरियाणा' हरियाणा के आर्थिक विकास के अगले चरण का रोडमैप है। यह कॉम्पिटिटिवनेस, इनोवेशन, सस्टेनेबिलिटी, एक्सपोर्टर्स, रोजगार और फ्यूचर–रेडी मैन्युफैक्चरिंग पर आधारित है। उन्होंने निवेशकों से आह्वान किया कि हरियाणा में निवेश कीजिए। हरियाणा के साथ बढ़िए और अपने भविष्य का निर्माण कीजिए।*

### जल्द ग्लोबल इन्वेस्टर समिट होगी

*उन्होंने कहा कि इन्वेस्टिंग इन हरियाणा का मतलब इन्वेस्टिंग इन फ्यूचर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जल्द ही हरियाणा ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का आयोजन किया जाएगा। हरियाणा भारत की जीडीपी में लगभग 3.6 प्रतिशत योगदान देता है।*

## 'अवैध निर्माण की जानकारी के बाद भी डीसी ने नहीं की कोई कार्रवाई'

# साकेत बिल्डिंग हादसे पर 'आप' ने निगम डीसी का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

साकेत बिल्डिंग हादसे में भाजपा शासित दिल्ली नगर निगम के साउथ जोन के डीसी राकेश कुमार की भारी लापरवाही सामने पर आने पर सोमवार को आम आदमी पार्टी ने डीसी ऑफिस का घेराव कर उनके निलंबन की मांग की। एमसीडी के सह प्रभारी प्रवीण कुमार के नेतृत्व में आयोजित घेराव में साउथ जोन के सभी 'आप' पार्षद शामिल हुए और डीसी से जवाबदेही मांगी।

लेकिन डीसी जवाब देने के बजाय कार्यालय छोड़कर भाग गए। अधिकारियों की इस गैर-जिम्मेदाराना हरकत के विरोध में पार्षदों ने उनके कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया और साउथ जोन के निगम कार्यालय के मुख्य द्वार पर ताला लगाकर विरोध दर्ज कराया। इस अवसर पर पार्षद राजीव चौधरी, कृष्णा जाखड़, पिंकी नरेश त्यागी, राजबाला टॉक्स, अरुण नवारिया, गीता कुमारी, रेखा महेंद्र चौधरी, रामस्वरूप कनौजिया, आशु कुमारी, भागवीर पहलवान समेत कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इस मामले को लेकर आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि साउथ जोन के सभी पार्षदों ने डीसी कार्यालय का घेराव कर डीसी राकेश कुमार के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस ग़ैर क़ानूनी बिल्डिंग के बारे में बार-बार शिकायत डीसी को भेजी गई, मगर उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। डीसी की निष्क्रियता के कारण ही अवैध निर्माण होने के चलते पांच मंजिला इमारत ढह गई। उधर, एमसीडी में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि साकेत इमारत हादसे और साउथ जोन में चल रहे अवैध निर्माण के खिलाफ शिकायत देने आम आदमी पार्टी के सभी पार्षद डीसी कार्यालय पहुंचे।

केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार, भाजपा महापौर, स्थाई समिति अध्यक्ष और साउथ जोन के जिम्मेदार पदों पर बैठे भाजपा नेता मिलकर दिल्ली को लूटने और अवैध निर्माण को संरक्षण देने में लगे हैं। भाजपा सरकार को न लोगों की सुरक्षा की चिंता है, न उनके घरों की, न उनकी जान की। हम मांग करते हैं कि साकेत हादसे के सभी दोषी अधिकारियों के साथ-साथ अवैध निर्माण को संरक्षण देने वाले डीसी को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए।



### 'डीसी, महापौर और निगम आयुक्त को इस्तीफा दे देना चाहिए'

प्रवीण कुमार ने आरोप लगाते हुए कहा कि एमसीडी अधिकारियों ने पैसे खाकर बिल्डिंग बनने दी, डीसी, महापौर और निगम आयुक्त को इस्तीफा दे देना चाहिए। वहीं, कृष्णा जाखड़ ने कहा कि मौत के आंकड़ों को छिपाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन को जानबूझ कर धीमा किया गया। रेखा महेंद्र चौधरी ने कहा कि सरकार छोटे अधिकारियों को निलंबित कर हादसे के लिए जिम्मेदार बड़े अधिकारियों को बचाने की कोशिश कर रही।

# दो अंतरराज्यीय वाहन चोर अरेस्ट

## चोरी की आठ लग्जरी कारें बरामद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- दिल्ली के विभिन्न इलाकों से चुराकर उन्हें पंजाब और राजस्थान में बेचते थे

दिल्ली के विभिन्न इलाकों से लग्जरी कारें चुराकर उन्हें पंजाब और राजस्थान में बेचने वाले अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के दो कथित सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने उनके पास से चोरी के आठ वाहन बरामद किए हैं। आरोपियों की पहचान पंजाब निवासी मनिंदर सिंह (32) और हरजोत सिंह (33) के रूप में हुई है।

रोहिणी के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) शशांक जायसवाल ने एक बयान में कहा कि दोनों आरोपी वाहन चोरी करने वाले एक गिरोह का हिस्सा थे, जो दिल्ली में लग्जरी कारों को निशाना बनाते थे और उन्हें अमृतसर, चंडीगढ़ और जयपुर जैसे शहरों में बेचते थे। पुलिस के अनुसार, वाहन चोरी पर अंकुश लगाने और ऐसे अपराधों में शामिल गिरोहों को खत्म करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया था। इस अभियान के दौरान, 21 मई को एक टीम को दिल्ली में लग्जरी वाहन चोरी में शामिल चोरों की गतिविधियों के बारे में सूचना मिली। सूचना मिलने पर रोहिणी में जाल बिछाकर मनिंदर सिंह को उस समय गिरफ्तार किया गया जब वह चोरी की गाड़ी में घूम रहा था। जांच के दौरान पता चला कि वह गाड़ी बेगमपुर इलाके से चोरी हुई थी। पूछताछ के दौरान मनिंदर ने अपने साथी हरजोत सिंह की संलिप्तता का खुलासा किया और अन्य जानकारी दी।

पुलिस ने 24 मई को अमृतसर से हरजोत को गिरफ्तार किया और उसके पास से चोरी की एक गाड़ी बरामद की। इसके बाद पुलिस ने दिल्ली, अमृतसर और जयपुर में कई स्थानों पर छापेमारी की, जिससे चोरी की छह और गाड़ियां बरामद हुईं।

## प्रधान इंकलेव में पुलिस पब्लिक मीटिंग : कॉलोनी में बढ़ते अपराध पर हुई चर्चा, मिला सुरक्षा का भरोसा

**नई दिल्ली।** बुराड़ी विधानसभा अंतर्गत सबसे बड़ी कॉलोनी प्रधान इंकलेव में गत लंबे समय से कई तरह के अपराध बढ़ गए है। जिसमें घरों में चोरी, छिना छपटी, लड़कियों व महिलाओं के साथ छेड़छाड़ आदि शामिल है। इन समस्याओं को लेकर सोमवार को पुलिस पब्लिक मीटिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर थाना बुराड़ी से सब इंस्पेक्टर (एसआई) अमित राठी व हेड कांस्टेबल आशुतोष, प्रधान एनक्लेव की जन कल्याण समिति (जेकेएस) के संरक्षक व पूर्व अध्यक्ष सतीश त्यागी, पूर्व प्रधान महेंद्र रजवार, विधायक प्रतिनिधि व जेकेएस पदाधिकारी रत्नाकर पांडेय, प्रदीप रावत, एडवोकेट राकेश वोहरा, निशांत कुमार सहित स्थानीय जनता मौजूद थी। लोगों ने पुलिस अधिकारियों को बताया कि कॉलोनी में सबसे ज्यादा चोरी की वारदातें हो रही है। घरों के अंदर चोरी के अलावा बाहर गली में खड़े वाहनों, पानी की मोटर साइकिल व अन्य सामान पर चोर बड़े आराम से हाथ साफ कर जाते है। जेकेएस के पदाधिकारियों ने थानाध्यक्ष को बताया कि रात के समय पुलिस गश्त बढ़ाई जाए, पुश्ता की तरफ से कॉलोनी में आने वाले सभी रास्तों पर यथासंभव बैरिकेडिंग की जानी चाहिए। क्योंकि अपराधियों के लिए पुश्ता रोड से आना और वारदात करके आसानी से भाग जाना सबसे सुगम व सुरक्षित रास्ता है। एसआई अमित राठी ने लोगों को पूरा भरोसा दिया है कि थानाध्यक्ष को पूरी जानकारी देकर सुरक्षा संबंधित सभी कदम उठाए जाएगें।



## वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने की एलजी से मुलाकात, प्रदूषण को लेकर हुई चर्चा

नई दिल्ली। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने सोमवार को लोक निवास में उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू से भेंट की। इस मौके पर उपराज्यपाल संधू व वर्मा के बीच राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण को कम करने और यहां की वायु गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए समन्वित प्रयासों को मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा हुई। जानकारी अनुसार इस चर्चा का मुद्दा वायु प्रदूषण को कम करना, दिल्ली सहित एनसीआर के जन स्वास्थ्य की सुरक्षा और राजधानी के लिए एक स्वच्छ, अधिक टिकाऊ भविष्य सुनिश्चित करने हेतु एक अत्यंत ज़रूरी प्राथमिकता है। इस दौरान चर्चा में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए प्रदूषण-नियंत्रण उपायों के प्रभावी कार्यान्वयन, विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय और दीर्घकालिक रणनीतियों पर ज़ोर दिया गया।

# मुखर्जी नगरः तीन मंजिला इमारत में लगी आग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर पश्चिमी दिल्ली के मुखर्जी नगर इलाके में एक तीन मंजिला इमारत में आग लगने से एक छात्रा झुलस गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अनुसार, इंदिरा विहार स्थित भूतल प्लस तीन मंजिला इमारत में आग लग गई, जिसमें पेइंग गेस्ट (पीजी) आवास भी संचालित था। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने की सूचना रविवार रात 10 बजकर 29 मिनट पर मिली, जिसके बाद दमकल की पांच गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि जानकारी के अनुसार आग इमारत के भूतल पर रखे बिजली के सामान में लगी और तेजी से फैलते हुए दूसरी मंजिल तक के हिस्सों को अपनी चपेट में ले लिया। अधिकारियों ने कहा कि इमारत में मौजूद सभी लोगों को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। उन्होंने बताया कि दमकल कर्मियों ने रात 12 बजकर 15 मिनट तक आग पर काबू पा लिया। उन्होंने बताया कि इस घटना में एक छात्रा को मामूली चोटें आईं, जिसे उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। अधिकारियों के अनुसार, प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट होने की आशंका जतायी गई है।

## शिक्षा मंत्रालय के कार्यालय की दूसरी मंजिल पर आग लगी

एजेंसी. नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के आईटीओ इलाके में स्थित स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए) परिसर में शिक्षा मंत्रालय के कार्यालय की दूसरी मंजिल पर आग लग गयी। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि अग की घटना में किसी के भी हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि दिल्ली दमकल सेवा को सुबह करीब 9.37 बजे आग लगने की सूचना मिली, इसके बाद आग पर काबू पाने के लिये विभाग ने आठ दमकल गाड़ियों को तत्काल मौके पर भेजा । उन्होंने बताया कि इमरत में लगी आग को बुझाने का काम जारी है। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

## मॉडल टाउन में युवक की चाकू मारकर हत्या

**एजेंसी. नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के मॉडल टाउन इलाके में 25 वर्षीय एक युवक की चाकू मारकर कथित तौर पर हत्या कर दी गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, रविवार को मॉडल टाउन थाने को विनायक अस्पताल से एक युवक को मृत अवस्था में लाए जाने के संबंध में सूचना मिली। इसके बाद पुलिस अस्पताल पहुंची और पाया कि बुराड़ी के तोमर कॉलोनी निवासी साहिल (25) को उसके दोस्त शिव और शुभम वहां लेकर आए थे। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतक के सीने, पीठ और गर्दन पर चाकू से वार किए जाने के कई निशान थे। जांच के दौरान पता चला कि यह घटना एमसीडी कॉलोनी में हुई थी। चश्मदीद शिव के बयान के अनुसार, लालबाग निवासी आशु उर्फ लाला (18) ने साहिल पर चाकू से वार किए थे। वारदात में इस्तेमाल चाकू को घटनास्थल से करीब 100 मीटर की दूरी से बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में मॉडल टाउन थाने में प्रासंगिक धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आरोपी को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं और अपराध के मकसद की जांच की जा रही है। मामले में आगे की जांच जारी है।

## एनडीएमसी क्षेत्र में अब मुफ्त में मिलेगा ठंडा पानी: चहल

नई दिल्ली। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् (एनडीएमसी) क्षेत्र में आज, 2 जून 2026 से सभी 38 वाटर एटीएमों से नागरिकों को निःशुल्क पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने सोमवार को परिषद क्षेत्र में स्थापित वाटर एटीएमों का स्थलीय निरीक्षण के बाद यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पड़ रही भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए एनडीएमसी ने जनहित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ, स्मार्ट एवं नागरिक-केंद्रित शहरी विकास के विज़न को आगे बढ़ाते हुए ऐसी पहल शुरू की गई है। चहल ने विभिन्न स्थानों पर पेयजल की उपलब्धता, मशीनों की कार्यक्षमता, स्वच्छता मानकों तथा नागरिकों को प्रदान की जा रही सुविधाओं का विस्तृत जायजा लिया। इस अवसर पर संबंधित विभागों के विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## महिला की हत्या के मामले में नौ साल से फरार आरोपी अरेस्ट

**एजेंसी. नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने 50 लाख रुपये की बीमा पॉलिसी और संपत्ति के लिए एक महिला की हत्या के मामले में नौ साल से फरार आरोपी को बिहार के लखीसराय से गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इस मामले में एक अन्य आरोपी की 2018 में मृत्यु हो गई थी। पुलिस के अनुसार, चंदन कुमार (46) को 29 मई को लखीसराय से गिरफ्तार किया गया है। अपराध शाखा के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि बुराड़ी थाने में दर्ज हत्या के मामले में उसे 2018 में भगोड़ा घोषित किया गया था। पुलिस ने बताया कि चंदन, अपने भाई कुंदन कुमार और अपने रिश्तेदार कमल कुमार के साथ अगस्त 2017 में अनीता देवी (43) की हत्या में कथित तौर पर शामिल था। पीड़िता कमल कुमार की बहन थी। अधिकारी ने बताया कि बुराड़ी के अजीत विहार इलाके में स्थित एक घर पर मालिकाना हक और 50 लाख रुपये की जीवन बीमा पॉलिसी हासिल करने की साजिश के तहत अनीता की हत्या की गई। महिला ने अपने भाई कमल कुमार को बीमा पॉलिसी का लाभार्थी नामित किया था और वसीयत में अपने बेटे को संपत्ति का वारिस बनाया था। उनके मुताबिक, 22 अगस्त 2017 को अजीत विहार में महिला की गला रेत कर हत्या कर दी गई थी। शुरू में, कमल ने पीड़िता के पति गिरधारी लाल पर हत्या का आरोप लगाकर जांचकर्ताओं को गुमराह करने का प्रयास किया। हालांकि, छानबीन के दौरान, पुलिस ने कहा कि उन्हें ऐसे सबूत मिले हैं जिनसे पता चलता है कि कमल कुमार ने कथित तौर पर अपने रिश्तेदारों चंदन और कुंदन के साथ मिलकर अपनी बहन की हत्या करने और उसके पति को इस मामले में फंसाने की साजिश रची। पुलिस ने बताया कि आजादपुर मंडी के पास क्लीनिक चलाने वाले कमल पर भारी कर्ज था। अधिकारी ने बताया कि कमल को 2017 में ही गिरफ्तार कर लिया गया था जबकि चंदन और कुंदन तब से फरार थे।

# घर से नकदी और आभूषण चुराने वाला गिरफ्तार, 1.80 लाख रुपये बरामद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पुरानी दिल्ली के हौज काजी इलाके में एक घर से पौने चार लाख रुपये की नकदी और गहने चुराने के आरोप में एक शख़्स को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपी अरशद अली (38) के पास से चोरी के 1.80 लाख रुपये नकद और अन्य माल बरामद कर लिया गया है। मध्य दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) रोहित राजबीर सिंह ने बताया कि अली पहले भी चोरी के पांच मामलों में शामिल रहा है। उनके अनुसार, 30 मई को हौज काजी थाने में चोरी की एक शिकायत दर्ज की गई थी। पेशे से एसी मैकेनिक शिकायतकर्ता ने बताया कि 29 मई की शाम वह अपनी पत्नी के साथ कहीं गए हुए थे और जब वह देर रात लौटे, तो मुख्य दरवाजे और अलमारी का ताला टूटा हुआ मिला, जहां से 3,75,000 रुपये नकद और सोना, चांदी व आर्टिफिशियल आभूषण गायब थे। पुलिस ने इस संबंध में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत ई-प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की। उन्होंने बताया कि एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया जिसने घटनास्थल और आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज का गहन विश्लेषण किया, स्थानीय मुखबिरों को सक्रिय किया और तकनीकी निगरानी का इस्तेमाल किया। सिंह ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों और खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस ने चांदनी महल इलाके में छापेमारी कर वारदात के 24 घंटे के भीतर आरोपी को धर दबोचा। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उसकी निशानदेही पर नकदी, व आभूषण बरामद कर लिए हैं और चोरी का बाकी माल बरामद करने और अन्य मामलों में उसकी संलिप्तता का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।




### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **ऋषि, पुत्रः भरत, पताः एन–68/558, अरुणा नगर, मजनू का टीला, सिविल लाइंस, दिल्ली** ने **FIR No. 151/2025, U/s 20/29 NDPS, पुलिस थाना तिमारपुर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **ऋषि** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **ऋषि** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 151/2025, U/s 20/29 NDPS, पुलिस थाना तिमारपुर, दिल्ली** के अभियुक्त **ऋषि** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.07.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस)
केंद्रीय जिला, कमरा नं. 222
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/7175/N/2026

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी/84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखें।**

मेरे सनक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तः **विकास, पुत्रः श्री. श्याम, निवासीः मकान नंबर 50, सीता सरन कॉलोनी, घंटा घर, सब्जी मंडी, मलका गंज, दिल्ली–110007** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **Case Reg. No.21190/2019 U/S 138 NI Act** के तहत यह मामला **थाना केशव पुरम, उत्तर–पश्चिमी जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **विकास** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **विकास** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **Case Reg. No.21190/2019 U/S 138 NI Act, थाना केशव पुरम, उत्तर–पश्चिमी जिला, दिल्ली** के अभियुक्त **विकास** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए **दिनांक 24.07.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, श्री संयम जैन,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–04
(उत्तर–पश्चिम), कमरा संख्या 112, प्रथम तल,
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/7011/NW/2026
(अदालती मामला)


### 11-12 जून को नई दिल्ली के सुषमा स्वराज भवन में होगा आयोजन

# नई दिल्ली ब्रिक्स सम्मेलन की मेजबानी करेगा भारतः मनोहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आगामी 11-12 जून को नई दिल्ली के सुषमा स्वराज भवन में ब्रिक्स शहरीकरण मंच (ब्रिक्स सम्मेलन 2026) की मेजबानी भारत करेगा। केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित संकल्प भवन में ब्रिक्स सम्मेलन 2026 को लेकर आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि 13वें ब्रिक्स सम्मेलन में समावेशी शहरी विकास, किफायती आवास, स्वच्छता, डिजिटल गवर्नेंस, शहरी गतिशीलता और जलवायु अनुकूल अवसंरचना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा होगी। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि सम्मेलन का मुख्य विषय -लोगों के लिए शहरः समावेशी और लचीले शहरी भविष्य के लिए ब्रिक्स सहयोग- रखा गया है। इसका उद्देश्य लोगों की जरूरतों को केंद्र में रखकर शहरों का विकास करना है। उन्होंने बताया कि किफायती आवास, पेयजल, सीवरेज, स्वच्छता, बुनियादी सेवाएं, रोजगार और सतत शहरी विकास आज सभी देशों के सामने प्रमुख चुनौतियां हैं। ब्रिक्स देशों के प्रतिनिधि इन विषयों पर अपने अनुभव साझा करेंगे और बेहतर मॉडलों का अध्ययन करेंगे। ब्रिक्स के सभी '11 सदस्य देशों' को मंत्रिस्तरीय स्तर के प्रतिनिधिमंडलों के साथ भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। इसमें ब्रिक्स सदस्य देशों के मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी, नीति-निर्माता, शहरी विकास विशेषज्ञ और पेशेवर भाग लेंगे। मंच के पहले दिन उद्घाटन सत्र और ब्रिक्स देशों की साझा शहरी प्राथमिकताओं पर उच्चस्तरीय पूर्ण अधिवेशन (प्लेनरी) आयोजित किया जाएगा। प्रतिनिधियों को नई दिल्ली के चयनित स्थलों का भ्रमण भी कराया जाएगा, जिससे वे भारत के शहरी परिवर्तन और विकास कार्यों को प्रत्यक्ष रूप से देख सकें। दूसरे दिन, मंच की प्राथमिकता वाले विषयों पर विषयगत पैनल चर्चाएं आयोजित होंगी। सदस्य देश अपने-अपने अनुभव साझा करेंगे तथा विभिन्न देशों के बीच द्विपक्षीय बैठकें भी आयोजित की जाएंगी।




### 'ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग को और मजबूत करने की उम्मीद'

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि सम्मेलन में होने वाले विचार-विमर्श से शहरीकरण संबंधी चुनौतियों के लिए साझा नीतिगत समाधान विकसित करने तथा समावेशी, लचीले और जन-केंद्रित शहरों के निर्माण के लिए ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग को और मजबूत करने की उम्मीद है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत नई दिल्ली में ब्रिक्स परिवार के सभी प्रतिनिधियों का स्वागत करने और लोगों के लिए बेहतर शहरों के निर्माण के उद्देश्य से मिलकर कार्य करने को लेकर उत्साहित है।


### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी रोहतक | बरवाला में आधुनिक मण्डी में हाई मास्ट लाइटिंग स्थापना, सर्विस लाइन, स्ट्रीट लाइट का प्रावधान और 2 अदद नियंत्रण कक्ष 15'×18' का निर्माण। | 30.05.2026 08.06.2026 | 76,25,008/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812100311 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/45773/I/88/7 दि. 01.06.26

### हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | 202674BBE4358D OB4CBDB41A 997BC111AB4010 56HVP/ TENDER ID:2026_HBC_ 517830_1/E-TENDER ENQUIRYNO. 0427202610-41-18/ HVPNL/HRY. DATED 27.04.2026 | "शुद्धिपत्र सं. 3, ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 12.06.2026 (13.00 बजे) तक बढ़ा दी गई है।" | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/60/45765/I/88/7 दि. 01.06.26

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में कैबिनेट ने दी मंजूरी

# बारिश से हुए फसल के नुकसान पर मिलेगा 75 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार ने किसानों को राहत देते हुए पिछले साल अगस्त-सितंबर के दौरान भारी वर्षा और खेतों में जलभराव से जिन किसानों की फसलों को नुकसान हुआ है उनके लिए 75 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से अनुग्रह सहायता प्रदान करने को मंजूरी दे दी गई। यह कैबिनेट की बैठक में लिया गया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार के इस निर्णय से राजधानी के करीब 10 हजार किसानों को सीधा लाभ मिलेगा, जिनकी फसलें पिछले वर्ष लगातार हुई भारी बारिश और प्राकृतिक नालों के उफान के कारण खेतों में हुए जलभराव से गंभीर रूप से प्रभावित हुई थी। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली में कुल 10,977.44 एकड़ (लगभग 4,442.41 हेक्टेयर) कृषि क्षेत्र प्रभावित हुआ था। मुख्यमंत्री के अनुसार वर्ष 2015 में तत्कालीन सरकार द्वारा वर्षा से फसल क्षति की स्थिति में किसानों को 20 हजार रुपये प्रति एकड़ की दर से अनुग्रह सहायता देने का प्रावधान किया गया था। यह राशि लगभग 49 हजार 421 रुपये प्रति हेक्टेयर है। अब हमारी सरकार ने दस वर्षों से अधिक समय की अवधि में कृषि लागत में हुई वृद्धि को ध्यान में रखते हुए सहायता की दर बढ़ाकर 75 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर कर दी है। इस प्रकार किसानों को पहले की तुलना में उल्लेखनीय रूप से अधिक सहायता प्राप्त होगी। यह सहायता उन किसानों को मिलेगी जिनकी फसलें भारी वर्षा और उसके कारण खेतों में हुए जलभराव से क्षतिग्रस्त हुई हैं। वर्तमान निर्णय विशेष रूप से अगस्त-सितंबर 2025 के दौरान हुई अत्यधिक वर्षा और प्राकृतिक जल निकासी तंत्र के प्रभावित होने से उत्पन्न परिस्थितियों के संदर्भ में लिया गया है।

### 'भूमि के अभिलेखित स्वामियों को दी जाएगी सहायता'

मुख्यमंत्री के अनुसार यह सहायता भूमि के अभिलेखित स्वामियों को दी जाएगी। कंपनियों के स्वामित्व वाली भूमि, ग्राम सभा में निहित भूमि तथा पक्की चारदीवारी वाले प्लॉट स्वरूप के फार्महाउस इस सहायता के दायरे में शामिल नहीं होंगे। मुख्यमंत्री के अनुसार राजस्व विभाग द्वारा कराए गए विस्तृत आकलन में पाया गया कि अगस्त-सितंबर 2025 की भारी वर्षा और खेतों में जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों में फसलों को व्यापक नुकसान पहुंचा और फसल क्षति का आकलन 100 प्रतिशत किया गया। इसी के मद्देनजर कैबिनेट ने प्रभावित किसानों को पूर्ण दर से 75 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर की अनुग्रह सहायता देने का निर्णय लिया है। पूर्व में लागू व्यवस्था के तहत 70 प्रतिशत तक फसल क्षति होने पर उसी अनुपात में तथा 70 प्रतिशत से अधिक क्षति होने पर पूर्ण सहायता देने का प्रावधान था।

### 'दिल्ली सरकार किसानों की आजीविका और कृषि सुरक्षा को देती है प्राथमिकता'

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार किसानों के परिश्रम, उनकी आजीविका और कृषि सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। प्राकृतिक आपदाओं, अत्यधिक वर्षा अथवा अन्य विपरीत परिस्थितियों के कारण जब किसानों की फसलें प्रभावित होती हैं, तब सरकार का दायित्व है कि वह उनके साथ मजबूती से खड़ी रहे और उन्हें समय पर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार किसानों की आय बढ़ाने, कृषि को अधिक लाभकारी बनाने और संकट की घड़ी में किसानों को सुरक्षा कवच प्रदान करने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उसी सोच और प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए दिल्ली सरकार ने फसल क्षति से प्रभावित किसानों को राहत पहुंचाने का यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि यह सहायता किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें अगली फसल की तैयारी में सक्षम बनाएगी और कृषि गतिविधियों की निरंतरता सुनिश्चित करेगी।

## जम्मू-कश्मीर प्रवासी परिवारों की राहत के लिए प्रस्ताव मंजूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- दिल्ली कैबिनेट ने लाभार्थियों के रिकॉर्ड व्यवस्थित करने के लिए वन टाइम एमनेस्टी योजना शुरू करने और अचल संपत्ति और आय की शर्तें हटाने की दी मंजूरी

दिल्ली कैबिनेट ने जम्मू-कश्मीर से विस्थापित होकर दिल्ली में रह रहे प्रवासी परिवारों के कल्याण, पुनर्वास और सामाजिक सुरक्षा के लिए एड-हॉक मंथली रिलीफ योजना के प्रस्तावों को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस निर्णय से दिल्ली सरकार के साथ पंजीकृत लगभग 1 हजार 832 जम्मू-कश्मीर प्रवासी परिवारों को लाभ मिलेगा।

यह योजना केवल उन पंजीकृत जम्मू-कश्मीर प्रवासी परिवारों पर लागू होगी, जिन्होंने 31 मार्च 2024 तक राहत प्राप्त की है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली सरकार ने जम्मू-कश्मीर प्रवासी परिवारों को राहत प्रदान करने के लिए आय संबंधी पात्रता की शर्त को समाप्त करने का निर्णय लिया है। अब परिवार की आय कितनी भी हो या उसके पास कोई अचल संपत्ति हो, इससे राहत प्राप्त करने की पात्रता प्रभावित नहीं होगी। दिल्ली सरकार में पंजीकृत पात्र प्रवासी परिवारों को वर्तमान नियमों के अनुसार राहत प्रदान की जाएगी। एक परिवार में अधिकतम चार सदस्यों तक राहत का लाभ उपलब्ध रहेगा। मुख्यमंत्री के अनुसार लाभार्थियों के रिकॉर्ड को पूरी तरह सही और व्यवस्थित करने के लिए यह वन टाइम एमनेस्टी योजना शुरू की जा रही है। इसके तहत प्रवासी परिवारों को अपने परिवार के मौजूदा सदस्यों की सही जानकारी और उनके आधार विवरण को अपडेट करने का एक और मौका मिलेगा। इस प्रक्रिया के दौरान अगर किसी लाभार्थी को पहले अनजाने में या किसी तकनीकी गड़बड़ी की वजह से अधिक राहत राशि मिल गई थी तो वह पैसा उनसे वापस नहीं लिया जाएगा। इस पूरी पहल का मुख्य उद्देश्य सरकारी रिकॉर्ड की गलतियों को सुधारना है ताकि भविष्य में सरकार की तरफ से मिलने वाली राहत केवल सही और पात्र परिवारों तक ही बिना किसी रुकावट के पहुंच सके।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि वन टाइम एमनेस्टी योजना की कट-ऑफ तिथि, जिसे पहले 1 अक्टूबर 2025 निर्धारित किया गया था, अब बढ़ाकर 1 अप्रैल 2026 कर दिया गया है ताकि सभी पात्र परिवारों को योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए पर्याप्त समय मिल सके। कैबिनेट ने एड-हॉक मंथली रिलीफ की बकाया राशि के भुगतान से संबंधित व्यवस्था को भी मंजूरी दी है।

## खबर संक्षेप

### 'हैदरपुर में उजाड़े गए परिवारों को मिले एक-एक करोड़ का मुआवजा'

नई दिल्ली। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता अपनी विधानसभा क्षेत्र के हैदरपुर से विस्थापित हुए प्रत्येक परिवार को एक एक करोड़ रूपए मुआवजा दे। क्योंकि सरकार ने जो प्रत्येक प्रभावित परिवार को 3 लाख रुपये का एकमुश्त अनुग्रह राशि देगी वह बेहद कम है। यादव ने कहा कि सीएम के निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत हैदरपुर में सड़क चैड़ीकरण परियोजना के नाम पर करीब 150 से अधिक घरों को तोड़कर हटाया है। यादव ने कहा कि याचिका को खारिज करने के पीछे कहीं दिल्ली सरकार ओ जोन की 91 कालोनियों में तोड़फोड़ अभियान की शुरुआत तो नही कर रही।

### कार्यरत शिक्षकों पर सीटीईटी थोपना अन्यायपूर्णः शिक्षक संघ

नई दल्ली। राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ (जीएसटीए) ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को एक विस्तृत प्रतिनिधित्व भेजकर कार्यरत शिक्षकों पर सीटीईटी/टीईटी उत्तीर्ण करने की अनिवार्यता के विरुद्ध तत्काल विधायी एवं नीतिगत हस्तक्षेप की मांग की है। जीएसटीए के महासचिव अजय वीर यादव ने कहा कि हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों के परिणामस्वरूप ऐसे हजारों शिक्षक प्रभावित होंगे, जो वर्षों पूर्व उस समय लागू भर्ती नियमों के अनुसार विधिवत नियुक्त हुए थे और लंबे समय से सफलतापूर्वक शिक्षण कार्य कर रहे हैं। संघ ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि दिल्ली सरकार इस विषय को केंद्र सरकार एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री के समक्ष मजबूती से उठाए तथा एक उपयुक्त कैबिनेट प्रस्ताव पारित कर उन शिक्षकों के लिए विशेष एकमुश्त छूट अथवा विधायी संरक्षण की अनुशंसा करे, जो अपनी नियुक्ति के समय लागू नियमों के अनुसार विधिवत नियुक्त हुए थे।

### सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने पर जोर दें प्रधानाचार्य : सूद

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता को और सुदृढ़ बनाने के लिए प्रधानाचार्य और स्कूल प्रमुख विशेष ध्यान दें। इसके लिए स्कूलों में उपलब्ध स्मार्ट कक्षाओं, डिजिटल पुस्तकालयों, आईसीटी लैब, भाषा प्रयोगशालाओं, व्यावसायिक शिक्षा प्रयोगशालाओं तथा अन्य तकनीक-आधारित शिक्षण संसाधनों के प्रभावी उपयोग किया जाए। यह बात सोमवार को दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने सीएम श्री स्कूल पोसंगीपुर जनकपुरी में शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सरकारी स्कूलों के प्रधानाचार्यों एवं विद्यालय प्रमुखों के साथ संवाद करते हुए कही।

## 40 से अधिक डॉक्टरों और अफसरों का हुआ तबादला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राजधानी की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक मजबूत, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत कार्यरत केंद्रीय खरीद एजेंसी (सीपीए) के 40 से अधिक मेडिकल, पैरामेडिकल और प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों का तबादला कर दिया गया है। इस बात की जानकारी सोमवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दी है। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि सीपीए में एचओओ (हेड ऑफ ऑफिस) डॉ. विनोद कुमार रंगा समेत 10 डॉक्टरों का तबादला किया गया है। इसके अलावा पैरामेडिकल सेवाओं को मजबूत करने के लिए 19 कर्मचारियों का तबादला कर दिया गया है। इसमें फार्मासिस्ट, जूनियर मेडिकल लैब टेक्नीशियन, लैब अटेंडेंट और ड्राइवरो आदि शामिल हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के अनुसार प्रशासनिक कार्यों में दक्षता बढ़ाने के लिए सेक्शन ऑफिसर, सीनियर असिस्टेंट और जूनियर असिस्टेंट स्तर के 10 कर्मचारियों का भी स्थानातंरण किया गया है। मानव संसाधनों की समीक्षा के दौरान सीपीए में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों की स्थिति का भी आकलन किया गया है। साथ ही ऐसे कर्मचारियों की जानकारी भी संकलित की गई है जो सीपीए के वेतनमान पर हैं लेकिन अन्य कार्यालयों में कार्यरत हैं ताकि उपलब्ध संसाधनों का अधिक प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। इसके अलावा अन्य स्टाफ को भी सीपीए से हटाया गया है। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि सीपीए दिल्ली सरकार की स्वास्थ्य व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण केंद्र है, जहां से दवाओं, चिकित्सा उपकरणों और अन्य आवश्यक स्वास्थ्य सामग्रियों की खरीद एवं आपूर्ति का कार्य संचालित होता है।

## वर्षा जल संचयन के लिए बनेंगे 500 नए ढांचे, एक हजार निष्क्रिय प्रणालियां होंगी पुनर्जीवितः प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में जल सुरक्षा को मजबूत करने और मानसून से पहले भूजल स्तर में सुधार लाने के उद्देश्य से दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने जल संचयन (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) अभियान शुरू किया है। इस वर्षा जल संचयन अभियान के प्रथम चरण में जल बोर्ड 500 नए वर्षा जल संचयन ढांचों का निर्माण करेगा तथा विभिन्न सरकारी भवनों में स्थापित एक हजार निष्क्रिय प्रणालियों को पुनः कार्यशील बनाएगा। इस बात की जानकारी जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने सोमवार को दी है। उन्होंने कहा कि इस पहल के अंतर्गत नगर निगम दिल्ली (एमसीडी), लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), दिल्ली अर्बन शेल्टर इम्प्रूवमेंट बोर्ड (डीयूएसआईबी), शिक्षा निदेशालय तथा अन्य सरकारी विभागों के भवनों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में वर्ष 2001 से 100 वर्ग मीटर या उससे अधिक क्षेत्रफल वाले भूखंडों पर वर्षा जल संचयन प्रणाली अनिवार्य है। वर्षों के दौरान हजारों प्रणालियां स्थापित की गईं, लेकिन नियमित रखरखाव के अभाव में इनमें से कई निष्क्रिय हो गईं, जिससे भूजल पुनर्भरण में उनका योगदान सीमित हो गया। मंत्री प्रवेश ने कहा कि वर्तमान में दिल्ली के 9,148 सरकारी भवनों में से लगभग 7,596 भवन वर्षा जल संचयन प्रणालियों से सुसज्जित हैं।

दिल्ली जल बोर्ड ने यह सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान शुरू किया है कि ये सभी प्रणालियां पूरी तरह कार्यशील हों और आगामी मानसून के दौरान वर्षा जल को प्रभावी ढंग से संग्रहित एवं भूजल में पुनर्भरित कर सकें। इस अभियान के लिए तत्काल निविदाएं आमंत्रित की जा रही हैं। जून के प्रथम सप्ताह में कार्यादेश जारी किए जाएंगे तथा प्रथम चरण के सभी कार्य 30 जून 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। मंत्री प्रवेश ने कहा कि इस परियोजना से राजधानी में भूजल पुनर्भरण को महत्वपूर्ण बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। परियोजना के अंतर्गत आने वाले भवनों के छत क्षेत्रफल तथा दिल्ली की औसत वार्षिक वर्षा के आधार पर अनुमान है कि प्रतिवर्ष लगभग 733 मिलियन लीटर (73 करोड़ लीटर से अधिक) जल का भूजल में पुनर्भरण किया जा सकेगा।

## निरंतर सीखना और तकनीकी ज्ञान की जानकारी होना जरूरी : खिरवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



तेजी से बदलते परिवेश में निरंतर सीखना और तकनीकी ज्ञान की ताजा जानकारी रखना अत्यंत आवश्यक हो गया है। निगम मुख्यालय में निगम के वरिष्ठ अभियंताओं के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए निगम आयुक्त संजीव खिरवार ने यह बात कही।

उन्होंने कहा कि वर्तमान तकनीक एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के युग में नई सीख को आत्मसात करना समय की आवश्यकता है। दिल्ली नगर निगम ने सोमवार को यह जानकारी साझा करते हुए बताया कि निगम आयुक्त संजीव खिरवार ने मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन सत्र की शोभा बढ़ाई। यह दो दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम दिल्ली नगर निगम के योजना विभाग द्वारा राष्ट्रीय सीपीडब्ल्यूडी अकादमी, गाज़ियाबाद तथा उसके अनुभवी संकाय के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर एमसीडी अतिरिक्त आयुक्त (इंजीनियरिंग) एल. डी. मेघवाल, इंजीनियर-इन-चीफ पी.सी. मीणा, एमसीडी के योजना सलाहकार मनीष रस्तोगी तथा सीपीडब्ल्यूडी के एडिशनल डायरेक्टर जनरल एडीजी (टी एंड आर) मनोज कुमार भी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त सीपीडब्ल्यूडी के दो एडिशनल डायरेक्टर जनरल, दो मुख्य अभियंता एवं एक अधीक्षण अभियंता भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 100 से अधिक अभियंताओं ने भाग लिया ।

### प्रतिभागी अधिकारियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा

निगम आयुक्त ने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अनुभवी संकाय द्वारा साझा किया गया ज्ञान एवं व्यावहारिक अनुभव सभी प्रतिभागी अधिकारियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि यह पहल दिल्ली में बेहतर नागरिक अवसंरचना एवं सार्वजनिक सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने में सहायक होगी।

## डीटीसी ने 90 दिनों में 10 लाख से अधिक 'पिंक सहेली कार्ड' जारी कर बनाया रिकॉर्ड : डॉ. पंकज

**नई दिल्ली।** दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए लॉन्च के 90 दिनों के भीतर 'पिंक सहेली नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड' (एनसीएमसी) के 10 लाख से अधिक कार्ड जारी कर दिए हैं, जो देश में सबसे तेज और बड़े पैमाने पर डिजिटल मोबिलिटी समाधान के रोल-आउट में से एक है। इस बात की जानकारी सोमवार को प्रैसवार्ता में दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने दी है। उल्लेखनीय है कि 2 मार्च 2026 को लॉन्च किया गया 'पिंक सहेली एनसीएमसी कार्ड' दिल्ली में सफर करने वाली महिलाओं को डीटीसी बसों में मुफ्त यात्रा का एक आधुनिक, डिजिटल और सुविधाजनक माध्यम उपलब्ध कराने के लिए पेश किया गया था। कार्यक्रम के दौरान परिवहन मंत्री डॉ. पंकज ने कहा कि परिवहन विभाग और डीटीसी की टीमों ने इस पहल को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए शुरुआत से ही पूरी लगन और प्रतिबद्धताके साथ काम किया।उन्होंने कहा कि इतने कम समय में 10 लाख का आंकड़ा पार करना बेहद संतोष का विषय है। सबसे बड़ी खुशी इस बात की है कि यह सुविधा हमारी माताओं और बहनों तक पहुंच गई है। यह केवल एक ट्रैवल कार्ड नहीं है, बल्कि यह सुविधा, सशक्तिकरण और एकीकृत मोबिलिटी की दिशा में एक बेहद महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि 'पिंक सहेली कार्ड' केवल मुफ्त बस यात्रा तक ही सीमित नहीं है। यह कई और फायदे देता है। इस कार्ड को रिचार्ज किया जा सकता है और दिल्ली मेट्रो, आरआरटीसए और एनसीएमसी-सक्षम जैसे अन्य सिस्टम में भी इस्तेमाल किया जा सकता है, जिससे महिला यात्रियों को वास्तविक रूप में एकीकृत मोबिलिटी का शानदार अनुभव मिलता है।

## पिंक कार्ड के लिए आधार-मोबाइल लिंक की शर्त पर ग्रामीणों में रोष

**नई दिल्ली।** दिल्ली में महिलाओं को सार्वजनिक परिवहन में निशुल्क यात्रा सुविधा देने के लिए बनाए जा रहे पिंक कार्ड को लेकर आधार - मोबाइल लिंक की शर्त से ग्रामीणों में और गरीब वर्ग में रोष है। ग्रामीण परिवहन विकास मंच, उत्तर-पश्चिम दिल्ली ने पिंक कार्ड बनवाने के लिए आधार कार्ड का मोबाइल नंबर से लिंक होना अनिवार्य किए जाने पर चिंता जताई है। मंच के महासचिव विजेंद्र डबास ने कहा कि दिल्ली में बड़ी संख्या में महिलाएं दिहाड़ी मजदूरी करती हैं और उनके पास आधार को मोबाइल से लिंक कराने या आवश्यक दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी करने के लिए पर्याप्त समय नहीं होता। उनका दावा है कि इस शर्त के कारण करीब 30 से 35 प्रतिशत महिलाएं पिंक कार्ड बनवाने से वंचित रह सकती हैं। ग्रामीण परिवहन विकास मंच ने सुझाव दिया है कि आधार-मोबाइल लिंक की अनिवार्यता में राहत दी जाए या वैकल्पिक सत्यापन व्यवस्था लागू की जाए, जिससे सभी पात्र महिलाओं को योजना का लाभ मिल सके। डबास ने कहा कि कई परिवारों में केवल एक ही मोबाइल फोन होता है, जो अक्सर परिवार के पुरुष सदस्य के नाम पर होता है और कई मामलों में वह आधार से भी लिंक नहीं होता। ऐसी स्थिति में महिलाओं को पिंक कार्ड बनवाने में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

## नरेला विधायक राजकरण खत्री ने किया बिजली आपूर्ति का शुभारंभ

# '50 साल का अंधेरा खत्म : भाजपा सरकार ने रजापुर कलां कॉलोनी में पहुंचाई बिजली'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली देहात की नरेला विधानसभा क्षेत्र के भोरगढ़ गांव के निकट स्थित रजापुर कलां कॉलोनी में करीब 'पांच दशक बाद बिजली आपूर्ति शुरू होने' से स्थानीय निवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। वर्षों तक मूलभूत सुविधा से वंचित रहे लोगों का कहना है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) सरकारों के दौरान उन्हें केवल आश्वासन मिले, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। वहीं, भाजपा सरकार ने चुनाव से पहले किया गया वादा करीब डेढ़ वर्ष में पूरा कर दिखाया। बता दें कि सोमवार को क्षेत्रीय विधायक राजकरण खत्री ने एक सादे कार्यक्रम में कॉलोनी में बिजली आपूर्ति का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी मौजूद रहे और



उन्होंने लंबे संघर्ष के बाद बिजली मिलने पर संतोष जताया। बिजली आपूर्ति शुरू होने के बाद क्षेत्र के लोगों ने विधायक राजकरण खत्री और संबंधित विभागों का आभार व्यक्त किया। उनका कहना है कि बिजली आने से बच्चों की पढ़ाई, घरेलू कार्यों और छोटे व्यवसायों को बड़ी राहत मिलेगी तथा क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी।

### निरीक्षण होते रहे समाधान नहीं मिला

स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले कई वर्षों में बिजली कंपनी, एसडीएम, एडीएम और अन्य अधिकारियों के कई दौरे हुए। अधिकारी आते, ट्रांसफार्मर लगाने के लिए जगह देखते और वापस चले जाते, लेकिन जमीन पर कोई प्रगति नहीं होती थी। निवासियों का आरोप है कि आम आदमी पार्टी सरकार के कार्यकाल में तत्कालीन मंत्री सत्येंद्र जैन और विधायक शरद चौहान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कई बार क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंचे, लेकिन बिजली आपूर्ति शुरू कराने की दिशा में कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आया।

### खंभे लगे, पैसे जमा हुए, लेकिन बिजली नहीं आई

स्थानीय निवासी डॉ. गुलजार रहमान, सतीश आदि ने बताया कि कांग्रेस सरकार के समय कॉलोनी में बिजली के खंभे तो लगा दिए गए थे, लेकिन बिजली आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी। उस समय यहां करीब 200 परिवार रहते थे। बिजली जैसी बुनियादी सुविधा नहीं होने के कारण कई परिवार क्षेत्र छोड़कर चले गए और वर्तमान में यहां लगभग 150 परिवार ही रह गए हैं। उन्होंने बताया कि करीब 80 परिवारों ने बिजली मीटर के लिए टाटा पावर-डीडीएल में लगभग 10-10 हजार रुपये तक जमा भी कराए थे, लेकिन वर्षों तक बिजली नहीं मिलने के कारण लोगों को अपनी जमा राशि वापस लेनी पड़ी।

### पांच दशक की प्रतीक्षा हुई समाप्त

स्थानीय निवासियों का कहना है कि भाजपा सरकार बनने के बाद उनकी समस्या को गंभीरता से लिया गया और संबंधित विभागों के समन्वय से बिजली आपूर्ति का रास्ता साफ हुआ। लोगों ने कहा कि जिस कार्य के लिए वे वर्षों तक सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाते रहे, वह अब जाकर पूरा हुआ है।



## उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन से मिलने पहुंचे उपराज्यपाल संधू

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू भारत के उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन से मिलने पहुंचे। इस मौके पर उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन को उपराज्यपाल संधू ने अपने दादा सरदार तेजा सिंह समुद्री के जीवन पर लिखी पुस्तक भेंट की। इस मुलाकात को उपराज्यपाल ने अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर फोटो सहित पोस्ट की है। संधू ने पोस्ट करते हुए लिखा है कि उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन से मिलना और उन्हें अपने दादाजी सरदार तेजा सिंह समुंद्री के जीवन और उनकी अमिट विरासत पर आधारित एक पुस्तक भेंट करना मेरे लिए सौभाग्य की बात थी। उन्होंने लिखा कि एक महान समाज सुधारक, स्वतंत्रता सेनानी और दूरदर्शी नेता के रूप में, सरदार तेजा सिंह समुंद्री ने लोकतांत्रिक मूल्यों, शिक्षा, सामाजिक सुधार तथा महिलाओं और युवाओं के सशक्तिकरण के क्षेत्र में स्थायी योगदान दिया।

## खबर संक्षेप

### ठगी के मामले में चाचा-भतीजा किया गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा साइबर अपराधियों के खिलाफ लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। जानकार बनकर 1,90,000 रुपये की ठगी करने के मामले में बैंक खाता उपलब्ध करवाने वाले चाचा-भतीजा को साइबर थाना एनआईटी की टीम ने 31 मई को आगरा एवं फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया। जिनकी पहचान राजकुमार एवं पुष्पेन्द्र निवासी जिला फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता अनुसार जांच में सामने आया कि पुष्पेन्द्र की पहचान नईन से थी। नईन ने अपने साले आबिद का बैंक खाता पुष्पेन्द्र को उपलब्ध कराया था। पुष्पेन्द्र ने उक्त खाता अपने चाचा राजकुमार को दिया था, जिसने इस खाता को आगे साइबर ठगों को उपलब्ध कराया था। उन्होंने आगे बताया कि खाताधारक आबिद एवं नईन को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।

### पिछले 5 महीनों में दो लाख 66 हजार चालान काटे



**फरीदाबाद।** सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमों की पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से फरीदाबाद पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रमों के साथ-साथ दंडात्मक कार्रवाई भी की जा रही है। ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन के विरुद्ध व्यापक कार्रवाई करते हुए फरीदाबाद पुलिस ने 2,66,005 चालान किये हैं। पुलिस के अनुसार सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात पुलिस फरीदाबाद द्वारा लगातार विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जनवरी 52,690 फरवरी में 40,807, मार्च में 56,220, अप्रैल में 57,028 तथा मई माह में 59,260 चालान किए गए।

## ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में 16 में से 13 मामलों का किया समाधान

# जन शिकायतों के समाधान में लापरवाही न बरते अधिकारी: सीएम सैनी, संबंधित शिकायतों की विस्तार से समीक्षा की

धर्मेंद्र कौशिक ▶▶ गुरुग्राम

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अधिकारी जन शिकायतों के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। सरकार की प्राथमिकता आम नागरिकों को त्वरित राहत प्रदान करना है, इसलिए प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से परीक्षण कर निर्धारित समय सीमा में उसका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी जनता के साथ संवाद बनाए रखें और समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक एवं जवाबदेह दृष्टिकोण अपनाएं, ताकि लोगों को सरकारी कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें और प्रशासनिक व्यवस्था अधिक प्रभावी एवं जनहितकारी बन सके। मुख्यमंत्री सोमवार को गुरुग्राम में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में कुल 16 परिवाद रखे गए,



जिनमें से मुख्यमंत्री ने 13 का मौके पर ही निपटारा किया, जबकि तीन मामलों को आगामी बैठक तक लंबित रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बैठक के दौरान गुरुग्राम की सड़क व्यवस्था और आधारभूत ढांचे से संबंधित शिकायतों की विस्तार से समीक्षा की। एचएसआईआईडीसी, पीडब्ल्यूडी, नगर निगम गुरुग्राम तथा जीएमडीए के अधिकारियों से विभागवार जानकारी लेते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारियों को केवल प्राप्त शिकायतों के आधार पर ही नहीं, नियमित निरीक्षण कर स्वयं भी उन स्थानों की पहचान करनी चाहिए।

### सीएम ने अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए

बैठक में लक्ष्मण विहार निवासी एक महिला शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी व्यथा रखते हुए बताया कि एक फाइनेंसर ने ऋण के लेनदेन के दौरान विश्वास का दुरुपयोग करते हुए धोखाधड़ी से उनके मकान की रजिस्ट्री अपने नाम करवा ली। शिकायतकर्ता ने कहा कि वह बकाया राशि लौटाने के लिए तैयार है, लेकिन इसके बावजूद फाइनेंसर मकान पर कब्जा बनाए हुए है। मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल जांच के निर्देश दिए। उन्होंने रजिस्ट्री प्रक्रिया के दौरान तैनात रहे संबंधित तहसीलदार की भूमिका की भी जांच कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा। साथ ही मुख्यमंत्री ने फाइनेंसर के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करते हुए शिकायतकर्ता को जल्द से जल्द न्याय दिलाने तथा मकान को कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए।

बैठक में सेक्टर-4 निवासी एक शिकायतकर्ता ने क्षेत्र में जलभराव, पेयजल आपूर्ति, सीवरेज तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का मुद्दा मुख्यमंत्री के समक्ष उठाया। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सेक्टर-4 में मौजूद सभी प्रमुख समस्याओं का व्यापक सर्वेक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए। मुख्यमंत्री ने सीएम विंडो के एमिनेंट पर्सन को भी निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत को बंद करने से पूर्व शिकायतकर्ता से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर उसकी संतुष्टि सुनिश्चित की जाए।

## एनआईटी जोन की 2400 यूनिट को नोटिस भेजने का कार्य जारी: सुमन रतरा

# 30 जून तक बकाया प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने पर ब्याज में पूरी छूट: धीरेंद्र खड़गटा



### प्रॉपर्टी टैक्स बकायेदारों को बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नगर निगम फरीदाबाद के आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा के मार्गदर्शन में नगर निगम द्वारा सरकार के आदेशों के बाद प्रॉपर्टी टैक्स बकायेदारों को बड़ी राहत दी गई है। एनआईटी जॉन की जेडीटीओ सुमन रतरा ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार के शहरी स्थानीय निकाय विभाग की अधिसूचना के अनुसार प्रॉपर्टी टैक्स बकाया राशि पर लगने वाले ब्याज में विशेष छूट प्रदान की गई है।

उन्होंने बताया कि एनआईटी जोन में 1 लाख से ज्यादा के ऐसे लगभग 2400 बकायाधार यूनिट को नोटिस भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि वे योजना में लाभ नहीं उठाएंगे तो उनकी यूनिट पर सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2010-11 से 2024-25 तक के लंबित प्रॉपर्टी टैक्स पर लगने वाले ब्याज में 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी, बशर्ते संबंधित प्रॉपर्टी मालिक अपना बकाया टैक्स 30 जून 2026 तक जमा करवा दें।

#### भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक विनय भाटी ने किया मंत्री राजेश नागर का अभिनंदन

### भाजपा सरकार ने दी पंचायती राज संस्था को मजबूती: राजेश नागर

**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के जिला फरीदाबाद पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक विनय भाटी ने अपने साथियों के साथ मंत्री राजेश नागर का अभिनंदन किया। संयोजक विनय भाटी के साथ आये पंचायती राज प्रकोष्ठ के नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ संवाद में मंत्री राजेश नागर ने कहा कि भाजपा सरकारों ने पंचायती राज संस्था को मजबूती दी जिससे सुदूर गांवों तक भी सुशासन पहुंचने लगा है।

उन्होंने कहा कि सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास ने पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी को समर्थन दिलाया है। हमारी अंत्योदय की योजना ने छोर पर खड़े व्यक्ति तक सुशासन को पहुंचाया है। भाजपा के पास ऐसा नेतृत्व है जिसने राष्ट्रहितेषी कार्यकर्ताओं की टीम खड़ी की है जो राष्ट्र को संबल देने के कार्य कर रही है। पूर्व के अछूते रहने वाले राज्य भाजपा के सुशासन से खिल उठे हैं। दक्षिण में भी भाजपा का कमल खिल रहा है। उन्होंने कहा कि शहरों की पार्टी कही जाने वाली भाजपा आज गांव में भी मतदाताओं का समर्थन प्राप्त कर दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। मेरी आप सभी लोगों से अपील है कि गांव गांव घर-घर जाएं और पंचायती राज संस्था को मजबूत करने के लिए भाजपा सरकार के सुशासन को लोगों तक पहुंचाएं।

## रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया

# स्कूल में आयोजित समर कैंप में विद्यार्थियों ने की जमकर मस्ती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

प्रताप विहार स्थित इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल में आयोजित समर कैंप में विद्यार्थियों ने फुल मस्तीकी। विद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं ग्रीष्मावकाश को रचनात्मक बनाने के उद्देश्य से समर कैंप का आयोजन बकिया गया।कैंप के समापन के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय सचिव शप्रियंक जोशी ने दीप प्रज्वलन कर किया।कैंप में विद्यार्थियों ने नृत्य, संगीत, कला एवं शिल्प, योग, खेलकूद, व्यक्तित्व विकास तथा विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। समर कैंप के दौरान बच्चों ने नई-नई कलाओं को सीखते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खेल एवं मनोरंजक गतिविधियों ने विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन तथा टीम भावना का विकास किया। शिक्षकों ने बच्चों को रोचक एवं व्यावहारिक तरीकों से प्रशिक्षण प्रदान किया, जिससे विद्यार्थियों में सीखने के प्रति उत्साह बना रहा। विद्यालय प्रधानाचार्य मधुकर प्रिय ने विद्यार्थियों के उत्साह एवं सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों के मानसिक, शारीरिक एवं रचनात्मक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। समर कैंप के समापन अवसर पर विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रशंसा-पत्र भी प्रदान किए गए। समर कैंप के सफल आयोजन से विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में विशेष उत्साह एवं प्रसन्नता देखने को मिली।

# किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाला आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

### आरोपी से तमंचा, स्कूटी और कारतूस बरामद



लोनी बॉर्डर थाने की पुलिस ने रविवार की रात को मुठभेड़ के दौरान दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली से आरोपी घायल हो गया। आरोपी के पैर में गोली लगी है। कब्जे से तमंचा, स्कूटी और कारतूस बरामद हुए हैं। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि बॉर्डर थाना क्षेत्र के कॉलोनी में 13 साल की किशोरी के साथ पड़ोसी ने दुष्कर्म किया था। मामले की शिकायत परिजनों ने पुलिस से की थी।

दुष्कर्म के दौरान किशोरी गर्भवती हो गई थी। किशोरी ने पुलिस को बताया कि आरोपी पड़ोसी करीब तीन माह से उनके साथ दुष्कर्म कर रहा था। पेट में दर्द होने के बाद परिजनों ने उन्हें डॉक्टर को दिखाया तो घटना का पता चला। एसीपी ने बताया कि पुलिस की टीम आरोपी की तलाश कर रही थी। टीम सेवा धाम इलाके में चेकिंग कर रही थी। सभी स्कूटी से संदिग्ध आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो आरोपी ने फायरिंग कर दी। पुलिस में मुठभेड़ के बाद स्कूटी सवार को गिरफ्तार कर लिया।


## हरियाणा सरकार | निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड, पंचकूला | एनसीआर, हरियाणा के जिलों हेतु 28 चलायमान खाद्य प्रशिक्षण वैन्स (फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स) की अधिप्राप्ति हेतु निविदा। | 01.06.2026 15.06.2026 | 25,20,00,000/- | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentbymt2020@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/45777/I/88/7 दि. 01.06.26


#### सिलेक्शन न होने से बौखलाए दोस्त ने ही कर दी हत्या

## पैरा एथलीट चिराग हत्याकांड का खुलासा मुख्य आरोपी खटीक व साथी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



कोतवाली पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी चिराग त्यागी हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तमंचा बरामद किया है। डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने बताया कि थाना कोतवाली नगर पर राजेश त्यागी (पुत्र बिजेन्द्र त्यागी, निवासी बसन्तपुर सैतली,ना मुरादनगर, द्वारा तहरीर दी गयी कि अभियुक्त यश खटीक ने उनके भतीजे चिराग त्यागी उर्फ तुषार (24 वर्ष) की गोली मारकर हत्या कर दी है। चिराग अंतरराष्ट्रीय पैरा खिलाड़ी था। तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर पर तत्काल सुसंगत धारा 103 (1) बीएनएस के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया तथा घटना के अनावरण व गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया। थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए साक्ष्य संकलन, सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस व मैनुअल इनपुट के आधार पर घटना का अनावरण किया गया।

# गो हेल्दी विद ताइवान 2026 वैश्विक प्रस्ताव अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

> उद्देश्य स्वास्थ्य समाधान आमंत्रित करना

ताइवान ने अपने स्वास्थ्य और वेलनेस उद्योगों को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के लिए गो हेल्दी विद ताइवान 2026 वैश्विक प्रस्ताव अभियान की शुरुआत की है। इस साल की थीम डिजाइनिंग हेल्दीयर फ्यूचर्स टुगेदर रखी गई है। अभियान का मकसद ताइवान की स्मार्ट हेल्थकेयर, स्पोर्ट्स टेक्नोलॉजी और प्रीमियम साइकिल इंडस्ट्री की विशेषज्ञता के साथ दुनियाभर से नवाचार आधारित स्वास्थ्य समाधान आमंत्रित करना है। आर्थिक मामलों के मंत्रालय के तहत अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रशासन (टीआईटीए) ने टीएआईटीआरए को अभियान आयोजित करने की जिम्मेदारी सौंपी है। टीआईटीए के महानिदेशक विलियम लियू ने कहा कि हेल्दी ताइवान सरकार की प्रमुख नीतिगत दृष्टियों में से एक है। ताइवान को एक स्वस्थ, नवाचारी और गतिशील औद्योगिक शक्ति के रूप में वैश्विक मंच पर स्थापित करने के लिए गो हेल्दी विद ताइवान वैश्विक प्रस्ताव अभियान को पुनः शुरू किया गया है। उन्नत अभियान के माध्यम से इसका उद्देश्य प्रेरणादायक और बहुगुणक प्रभाव उत्पन्न करना है, जिससे ताइवान स्वास्थ्य समाधानों के लिए विश्व का पसंदीदा साझेदार बन सके।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हिमांशु सेठ पुत्र** सोम नाथ सेठ, **निवासी** डब्ल्यूजेड–104, ए मुख राम पार्क एक्सटेंशन, तिलक नगर, नई दिल्ली –110018, ने **CC No. 8250/24, U/S 138 NI Act, पुलिस स्टेशन देशबन्धु गुप्ता रोड, नई दिल्ली–05,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हिमांशु सेठ** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हिमांशु सेठ** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 8250/24, U/S 138 NI Act, पुलिस स्टेशन देशबन्धु गुप्ता रोड, नई दिल्ली–05,** के उक्त अभियुक्त **हिमांशु सेठ** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.08.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री अर्जुन किरार
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05, (एनआई एक्ट),
केंद्रीय जिला, कमरा नं0–02, भूतल, सीबीए–1,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/7240/CD/2026
(Court Matter)



## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, बस्तर मण्डल, जगदलपुर

### ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-
निविदा डाऊनलोड करने की अंतिम तिथिः 18/06/2026

| स. क्र. | नि.आ.सू.क्र. /नि.आ.सू. दिनांक | सिस्टम निविदा क्रमांक निविदा का क्रम | कार्य का नाम | कार्य की अनुमाति लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 |
| 1 | 41/2026-27 दिनांक 29/05/2026 | 191839 (द्वितीय आमंत्रण) | जिला-सुकमा, ब्लाक-सुकमा के ग्राम मड़कामीपारा से साउथनार मार्ग पर 1 स्पान X 10 मी. स्लैब पुलिया (पहुंच मार्ग लं. 0.75 कि मी.) निर्माण कार्य। | 133.01 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
बस्तर मण्डल जगदलपुर

G-262701102/6



#### प्रशासन ने चस्पाया नोटिस, मुठभेड़ में मारा जा चुका है आरोपी असद

# छात्र सूर्या प्रताप हत्याकांड के आरोपी असद के मकान पर चलेगा बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

बकरीद के दिन गाजियाबाद के खोड़ा में 11वीं के छात्र सूर्या प्रताप (17) हत्यकाण्ड मुख्य आरोपी असद (19) शनिवार देर रात पुलिस मुठभेड़ में मारे जाने के बाद अब उसके मकान पर बुलडोजर चलाने की तैयारी कर दी है। रविवार को प्रशासन की ओर से उसके मकान पर नोटिस चस्पा दिया। साथ ही मुनादी भी कराई। यह कार्रवाई ढोल बाजे के साथ की गई।

नोटिस में कहा गया कि जिस मकान में असद और उसका परिवार रह रहा था वह 50 गज में बना हुआ है और करीब दो मंजिला मकान है। मकान को अवैध बताते हुए प्रशासन की टीम ने यह कार्रवाई की है। साथ ही 15 जून तक इस मकान को खाली करने की चेतावनी दी गई है।



### सूर्या की हत्या का आरोपी असद मुठभेड़ में ढेर

बकरीद के दिन गाजियाबाद के खोड़ा में 11वीं के छात्र सूर्या प्रताप (17) की हत्या का मुख्य आरोपी असद (19) शनिवार देर रात पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। उधर पुलिस ने बताया, असद की मां, भाई और भाभी घर छोड़कर चले गए हैं। खोड़ा के नवनीत विहार निवासी सूर्या को 28 मई को बकरीद पर कुर्बानी दिखाने के बहाने असद ने बुलाया था। इसी दौरान उसने चाकू घोंपकर उसे लहूलुहान कर दिया।


## हरियाणा सरकार | निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | 220 केवी जीन्द से 220 केवी सब स्टेशन थुआ तक 132 केवी नगूरां की शिफ्टिंग के अधीन वित्तीय वर्ष 2026-27 में एचवीपीएनएल द्वारा (1×40/50 जमा 1×20/25) एमवीए, 132/33 केवी जमा (10/16 जमा 16/20) एमवीए, 132/11 केवी टीएफएस से (2×20/25 जमा 1×40/50) एमवीए, 132/33 केवी जमा (10/16 जमा 16/20) एमवीए, 132/11 केवी टीएफएस तक 132 केवी सब स्टेशन नगूरां (जीन्द) का संवर्धन। | 27.05.2026 08.06.2026 | अनुमानित लागत रु. 22,66,047/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | अतिरिक्त हॉट स्पेयर 132/11 केवी 16/20 एमवीए टी/एफ, जिला सिरसा के प्रावधान द्वारा 132 केवी सब स्टेशन सिकंदरपुर का संवर्धन। | 27.05.2026 08.06.2026 | अनुमानित लागत रु. 32,83,402/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 3 | एचवीपीएनएल | वित्तीय वर्ष 2026-27 जिला सिरसा में एचवीपीएनएल द्वारा (1×40/50 जमा 1×20/25) एमवीए, 132/33 केवी टीएफएस से (2×20/25 जमा एल×40/50) एमवीए, 132/33 केवी टीएफएस तक 132 केवी सब स्टेशन कुरंगवाली का संवर्धन। | 27.05.2026 08.06.2026 | अनुमानित लागत रु. 38,60,418/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 4 | एचवीपीएनएल | 400 केवी सब स्टेशन नुहियावाली में अतिरिक्त 100 एमवीए, 220/132 केवी टी/एफ के प्रावधान द्वारा 400 केवी सब स्टेशन नूहियांवाली का संवर्धन। (रेडियेटर फाउंडेशन, एनआईएफपीईएस ऑयल टैंक और पीएनटी अग्निशमन प्रणाली फाउंडेशन, 220 केवी और 132 केवी एसएफ-6 ब्रेकर फाउंडेशन, सीवीटी'एस फाउंडेशन, एनसीटी फाउंडेशन, मौजूदा ग्रेवल का एकत्रीकरण, सतह खुदाई में मिट्टी कार्य, यार्ड में पीसीसी और यार्ड में ग्रेवल को फैलाना का बकाया कार्य) जिला सिरसा। | 27.05.2026 08.06.2026 | अनुमानित लागत रु. 20,82,025/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 5 | एचवीपीएनएल | वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान (01.06.2026 से 31.03.2027 तक) अनुबंध आधार पर एसई सिविल सर्कल एचवीपीएनएल, पंचकूला के तहत 2500 किमी. प्रति माह तक चलाने के लिए एक्सईएन सिविल वर्क्स डिवीजन, सोनीपत (2 अदद), एसई/सिविल-निर्माण-सह-रखरखाव वृत्त, एचवीपीएनएल, पंचकूला (01 अदद) और एक्सईएन सिविल वर्क्स डिवीजन, रोहतक (1 अदद) के कार्यालयों के लिए अनुबंध आधार पर चालकों सहित 04 अदद वाणिज्यिक वाहनों को किराये पर लेना। | 29.05.2026 05.06.2026 | रु. 40,000/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 6 | एचवीपीएनएल | वित्तीय वर्ष 2026-27 में एचवीपीएनएल द्वारा अतिरिक्त 20/×5एमवीए, 132/33 केवी ट्रांसफॉर्मर की फीडिंग हेतु 132 केवी सब स्टेशन रतिया (फतेहाबाद) में 132/33 केवीजैडटी/एफ बे की रचना और वित्तीय वर्ष 2026-27 में एचवीपीएनएल द्वारा (1×40/50 जमा 1×20/25) एमवीए, 132/33 केवी जमा 10/16एमवीए,132/11केवी टी/एफएस से 2×20/25 जमा 1×40/50) एमवीए 132/33 केवी जमा 10/16 एमवीए, 132/11 केवी टी/एफएस तक 132 केवी सब स्टेशन रतिया (फतेहाबाद) का संवर्धन। | 29.05.2026 09.06.2026 | अनुमानित लागत रु. 41,84,530/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 7 | एचवीपीएनएल | एचवीपीएनएल द्वारा 220 केवी सब स्टेशन भिवानी और 132 केवी सब स्टेशन आईए भिवानी के बीच 33 केवी लिंक लाइन के एस/सी को एकोमॉडेट करने के लिए 220 केवी सब स्टेशन भिवानी बापोरा पर 1 अदद 33 केवी बे की रचना। | 29.05.2026 09.06.2026 | अनुमानित लागत रु. 1,88,112/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 8 | एचवीपीएनएल | वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम अर्ध वर्ष में एचवीपीएनएल द्वारा 132 केवी सब स्टेशन आदमपुर में 33 केवी सब स्टेशन मोडा खेड़ा की फीडिंग हेतु 01 अदद 33 केवी बे की रचना। | 29.05.2026 09.06.2026 | अनुमानित लागत रु. 3,42,359/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/160/45757/I/88/7 दि. 01.06.26

## खबर संक्षेप

### टायर फटने से पलटी कार, एक की मौत

**रांची।** मृतक की पहचान राजेश कुमार जायसवाल के रूप में हुई है। उनके पुत्र शुभम कुमार ने बताया



कि उनके पिता झारखंड में सर्वेयर के पद पर कार्यरत थे। परिवार रांची के रातू रोड स्थित अपने आवास लौट रहा था। वे अपने पैतृक घर मधेपुरा से रांची जा रहे थे। इसी दौरान मोकामा और हाथीदह के बीच उनकी कार का टायर फट गया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर कई बार पलट गया।

### 12 लाख रुपए का प्रतिबंधित डोडा बरामद

**रांची।** सदर एसडीपीओ सन्नी वर्धन ने प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी के निर्देश पर चलाए जा रहे



विशेष अभियान के तहत गुप्त सूचना के आधार पर चरकाखुर्द गांव में छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान सुनील कुमार के घर से छह प्लास्टिक बोरियों में रखा 83 किलो 790 ग्राम प्रतिबंधित अफीम डोडा बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार जब्त डोडा की अनुमानित बाजार कीमत करीब 12 लाख 56 हजार रुपये है। प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि इस खेप को बिहार में सप्लाई करने की तैयारी थी।

### सीएम योगी ने बिजनौर में कहा- 'खर-दूषण' सामने हो तो शस्त्र उठाना जरूरी

# दोस्ती की आड़ में छुरेबाजी बर्दाश्त नहीं, नालायक औलादों को समझाएं मौलाना-मौलवी: सीएम योगी

*सूर्या प्रताप चौहान और असद से जुड़े मामले का उल्लेख करते हुए अपराधियों और उनके संरक्षकों को सख्त लहजे में संदेश दिया, मुख्यमंत्री ने अपराधियों की मानसिकता पर प्रहार करते हुए कहा, दोस्ती की आड़ में अब छुरेबाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नालायक औलादों को सबक सीखना होगा।*

एजेंसी ▶▶ बिजनौर

उत्तर प्रदेश के बिजनौर में सोमवार (1 जून 2026) को आयोजित सरकारी कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गाजियाबाद की हालिया हिंसक घटना का कड़ा संज्ञान लिया। पाकिस्तान से आए विस्थापितों को भूमिधरी अधिकार प्रमाण पत्र वितरित करने पहुँचे सीएम योगी ने मंच से साफ चेतावनी दी कि सूबे में कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने सूर्या प्रताप चौहान और असद से जुड़े मामले का उल्लेख करते हुए अपराधियों और उनके संरक्षकों को सख्त लहजे में संदेश दिया।

मुख्यमंत्री ने अपराधियों की मानसिकता पर प्रहार करते हुए कहा, दोस्ती की आड़ में अब छुरेबाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नालायक औलादों को सबक सीखना होगा। अगर कोई अपनी नालायक औलाद को नहीं समझा रहा है तो वह बहुत बड़ी गलती कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि अहिंसा और मानवता समाज के आभूषण हैं, लेकिन जब व्यवस्था के सामने चुनौती खड़ी करने वाली ताकतें हों, तब उनके मुकाबले के लिए आवश्यक कदम उठाना जरूरी है। शस्त्र उठाना होगा अगर सामने खर-दूषण हो, क्योंकि करुणा मनुष्यों के लिए होती है, खर-दूषणों के लिए नहीं।



### मौलाना और मौलवी अपने शोहदों को समझाएं:

अपने संबोधन में सीएम योगी ने कुछ मुस्लिम धर्मगुरुओं के दोहरे चरित्र पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, आज मौलाना और मौलवी गौमाता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने के लिए ज्ञापन दे रहे हैं। गाय तो हमारी माता है वह पशु नहीं है। पशु तो ऐसे लोगों की बुद्धि है जो ऐसी माँग कर रहे हैं। मौलाना और मौलवी अपने शोहदों को समझाएँ, अगर वे नहीं माने तो अंजाम अच्छा नहीं होगा। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि इनके पाले हुए तत्वों ने बकरीद पर गाय की फोटो वाले मेसेज प्रसारित किए, जो इनका दोगलापन दिखाता है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि ये लोग कभी पाकिस्तान और बांग्लादेश की प्रताड़ना की निंदा नहीं करते और न ही जुमे की नमाज में इसकी घोषणा करते हैं। उन्होंनेदोहराया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ सबका विकास' के मंत्र के अनुरूप सभी वर्गों को बिना किसी भेदभाव के सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है, लेकिन बहुसंख्यक समाज और कानून का पालन करने

### सीएम योगी ने दी सख्त चेतावनी : योगी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बकरीद से पहले सड़कों पर नमाज पढ़े जाने के खिलाफ सख्त चेतावनी दी थी। उन्होंने लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि नमाज पढ़नी है, आप शिफ्ट में पढ़िए। प्यार से मानेंगे ठीक है, नहीं मानेंगे तो दूसरा तरीका अपनाएंगे. हम सड़क को बाधित नहीं करने देंगे। सरकार का नियम सार्वभौम है। सबके लिए समान रूप से लागू होता है। सीएम योगी ने ये भी कहा, कानून का राज होगा। कानून के राज को सबके लिए समान रूप से लागू करेंगे। नमाज पढ़नी आवश्यक है। आप शिफ्ट में पढ़िए। हम उसको रोकेंगे नहीं। लेकिन सड़क पर नहीं। सड़क चलने के लिए एक आम नागरिक के लिए, एक बीमार व्यक्ति के लिए, एक आम नागरिक के लिए, एक कामगार के लिए, एक कर्मचारी के लिए, एक सामान्य नागरिक के लिए, एक व्यापारी के लिए हम सड़क को बाधित नहीं करने देंगे। सरकार का नियम सार्वभौम है. सबके लिए समान रूप से लागू होता है।

### सीएम सम्राट चौधरी ने दी बधाई

# बिहार का बेटा देश में नंबर-1: जेईई एडवांस में गया के शुभम का कमाल

**शुभम कुमार ने जेईई एडवांस्ड 2026 में ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल कर बिहार**

**360 में से 330 अंक प्राप्त किए, जिसकी सीएम चौधरी ने भी सराहना की**



एजेंसी ▶▶ पटना

देश की सबसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में शामिल जेईई एडवांस्ड 2026 में बिहार के लाल शुभम कुमार ने इतिहास रच दिया है। गया जिले के रहने वाले शुभम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया रैंक-1 (एआईआर-1) हासिल की है।

इस उपलब्धि के साथ उन्होंने न केवल बिहार, बल्कि पूरे देश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। शुभम को परीक्षा में 360 में से 330 अंक प्राप्त हुए हैं। उनकी सफलता कोई संयोग नहीं, बल्कि लगातार मेहनत और उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिणाम है।

#### दो साल से कर रहे थे तैयारी

इससे पहले भी उन्होंने जेईई मेन 2026 के दोनों सत्रों में 100 परसेंटाइल हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था। शुभम ने कहा कि दो साल से जेईई एडवांस्ड की तैयारी कर रहे थे। बहुत मेहनत करने पर बेहतर की उम्मीद तो रहती ही है। परिणाम से बहुत अच्छा लग रहा है।

गया शहर के नादरागंज निवासी शुभम एक साधारण परिवार से आते हैं। उनके पिता शिव कुमार हार्डवेयर व्यवसायी हैं, जबकि मां कंचन देवी गृहिणी हैं। बेटे की इस ऐतिहासिक सफलता से परिवार में खुशी का माहौल है। शुभम की उपलब्धि ने पूरे बिहार को गौरवान्वित किया है और राज्य के लाखों विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है।

#### मुख्यमंत्री ने कहा-बिहार का नाम किया रोशन

शुभम की सफलता पर राजनीतिक और सामाजिक जगत से भी उन्हें बधाइयां मिल रही हैं। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर शुभम की तस्वीर साझा करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा कि जेईई एडवांस्ड 2026 में ऑल इंडिया रैंक-1 प्राप्त कर शुभम ने पूरे देश में बिहार का नाम रोशन किया है।

## पेज एक का शेष

### वैश्विक समुद्री क्षेत...

इस संवाद की सह-अध्यक्षता की है। पिछले साल 9 अक्टूबर 2025 को इसका पहला संस्करण आयोजित किया गया था।

**समुद्री सुरक्षा रोडमैप को देंगे अंतिम रूप** : रक्षा-सुरक्षा सहयोग पर संयुक्त घोषणापत्र के नवीनीकरण और उसे मजबूती प्रदान करने के लिए दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों द्वारा बीते वक्त में जताई गई प्रतिबद्धता के मामले में हुई प्रगति का संवाद के दौरान स्वागत किया गया। शीर्ष नेताओं द्वारा सहयोगात्मक क्षमता को बढ़ाने, सुरक्षा में योगदान देने और क्षेत्रीय शांति-स्थिरता में अहम योगदान देने के मामले पर भी विचार-विमर्श किया गया है। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय समुद्री सुरक्षा सहयोग और संयुक्त समुद्री सुरक्षा सहयोग रोडमैप को अंतिम रूप देने के प्रयासों को आगे बढ़ाने के मामले को भी अपनी चर्चा में शामिल किया। समुद्री गश्ती विमानों द्वारा सहयोगात्मक समुद्री क्षेत्र जागरुकता से जुड़ी हुई गतिविधियों की प्रगति को लेकर भी दोनों राजी हुए हैं। जिसमें समुद्र के अंदर जागरुकता से संबंधित क्षेत्रों को बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। भारतीय तटरक्षकबल और ऑस्ट्रेलिया की समुद्री सीमा कमांड के बीच भी सहयोग को भविष्य में मजबूती देने को लेकर दोनों देश एकमत हैं।

**यूं बढ़ेगा रक्षा औद्योगिक सहयोग** : मंत्रालय ने बताया कि वार्ता में दोनों देशों के बीच रक्षा औद्योगिक सहयोग को और अधिक प्रगाढ़ बनाने के लिए अगले चरण तक पहुंचाने के लिए राजनाथ सिंह और रिचर्ड मार्लेस ने रक्षा आर्टिकल्स और सेवाओं के संबंध में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) की घोषणा की है। दोनों ने इस विषय के सामरिक महत्व पर जोर देते हुए पिछले साल अक्टूबर 2025 में भारत आए ऑस्ट्रेलिया के पहले रक्षा व्यापार मिशन और ऑस्ट्रेलिया-इंडिया रक्षा उद्योग की परिचर्चा का स्वागत किया। जो दोनों देशों के रक्षा उद्योग संबंधों में जारी प्रगति को प्रदर्शित करती हैं। मामले पर दोनों ने भविष्य में सहयोग को और बढ़ाने पर भी अपनी रजामंदी प्रदान की है। जिसमें रक्षा उद्योग, शोध और मटेरियल के मुद्दे पर संयुक्त कार्यसमूह की मदद से भावी आदान-प्रदान पर जोर दिया गया है।

**सेंसर तकनीक में बढ़ेगा सहयोग** : दोनों रक्षा मंत्रियों ने रक्षा विज्ञान और तकनीकी शोध सहयोग से जुड़े नए क्षेत्रों जैसे सेंसर तकनीक के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ाने पर सहमति प्रदान की है। ऑस्ट्रेलिया के उप-प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्लेस ने भारत को 2026 में होने वाले ऑस्ट्रेलिया रक्षा विज्ञान, तकनीक और शोध सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। दोनों मंत्रियों ने सशस्त्र बलों के बीच बढ़ती गतिविधियों की सराहना करते हुए अगले साल 2027 में होने वाले तालिस्मन सबरे युद्धाभ्यास में भारत की व्यापक भागीदारी को लेकर उम्मीद जताई है। ऑस्ट्रेलिया के इस साल फरवरी में हुए मिलन युद्धाभ्यास में भाग लेने और मार्च महीने में ककाडू (ऑस्ट्रेलिया) में हुए सैन्य अभ्यास में भारत की भागीदारी की भी दोनों पक्षों ने प्रशंसा की है। मौजूदा साल में होने वाले बहुपक्षीय हवाई युद्धाभ्यासों में दोनों देशों की सेनाओं के शामिल होने के तथ्य का भी संवाद के दौरान उल्लेख किया गया। जिसमें पिच ब्लैक युद्धाभ्यास में हवा में विमानों में ईंधन भरने के लिए हुए समझौते का क्रियान्वयन शामिल है।

### भारत के सुरक्षा हितों...

**स्थायी शांति के पक्ष में भारत** : बैठक के बाद आयोजित की गई मीडिया ब्रीफिंग में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बताया कि दोनों शीर्ष नेताओं के बीच हुई बातचीत को मैं खुले तौर पर हुई औपचारिक चर्चा के रूप में परिभाषित करना चाहता हूं। म्यांमार की पूर्व प्रमुख आंग सान सू ची के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने इस मुद्दे को म्यांमार के राष्ट्रपति के साथ वार्ता के दौरान उठाया। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच चर्चा मुख्य रूप से म्यांमार में चल रही शांति प्रक्रिया के संदर्भ में हुई। मिस्री ने कहा कि शांति प्रक्रिया अभी भी चल रही है। इसलिए मैं एक बार फिर से मामले पर भारत के रुख को स्पष्ट करते हुए यह कहना चाहता हूं कि हमारा देश म्यांमार में स्थायी शांति, स्थिरता और समावेशिता के साथ सभी हितधारकों को वार्ता की मेज पर एक साथ लाए जाने की आवश्यकता को अपना समर्थन प्रदान करता है। यहां हालांकि मैं यह भी बता दूं कि म्यांमार के साथ हमारा जुड़ाव उस देश की राजनीतिक व्यवस्था पर टिप्पणी करने से जुड़ा हुआ नहीं है। मामले पर समाधान को म्यांमार की आम जनता की स्वीकृति मिलनी चाहिए। बाहरी समाधान से काम नहीं चलेगा। भारत इस मसले पर केवल अपने अनुभव साझा कर सकता है।

**मिजोरम में बढ़ता शरणार्थी संकट** : मिस्री ने कहा कि बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने सीमाई इलाकों में जारी सशस्त्र गुटों की गतिविधियों के मामले को उठाया। इसे लेकर म्यांमार की सेना और वहां के अधिकारियों को ध्यान देने की आवश्यकता है। किसी भी घटना के दौरान दोनों पक्षों की तरफ से कार्रवाई की जाती है। जिसका प्रभाव कहीं ने कहीं इलाके में रहने वाले भारतीयों पर भी पड़ता है। मिजोरम में शरणार्थी आए हैं। जहां तक इन्हें वापस भेजने का मुद्दा है। तो उसके लिए एक तय प्रक्रिया है। रोहिंग्या ज्यादातर बांग्लादेश में रह रहे हैं। जो हमारे देश में हैं। उनकी वापसी की भी एक प्रक्रिया है।

### पंजाब समेत आधा...

स्तरों पर नई टीम बनाने की कवायद जारी है। मुख्यमंत्री पद संभालने जा रहे डीके शिवकुमार प्रदेश अध्यक्ष पद पर भी थे।पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया दिल्ली में शीर्ष नेतृत्व से लगातार चर्चा कर रहे हैं। मंत्रिमंडल गठन, प्रदेश अध्यक्ष और संगठनात्मक संतुलन पर मंथन जारी है। सूत्रों का कहना है कि कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के लिए किसी ओबीसी चेहरे को आगे लाने पर विचार किया जा रहा है ताकि सरकार और संगठन के बीच संतुलन बनाया जा सके। राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा जुलाई 2020 से पद पर हैं, जबकि उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय अगस्त 2023 से संगठन का नेतृत्व कर रहे हैं। पार्टी नेतृत्व दोनों राज्यों में संगठनात्मक प्रदर्शन की समीक्षा कर रहा है और बदलाव की संभावना से इनकार नहीं किया जा रहा। विशेषकर उत्तर प्रदेश में 2027 विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस संगठन को अधिक सक्रिय और आक्रामक बनाने की रणनीति पर काम कर रही है। समाजवादी पार्टी के साथ संभावित सीट साझेदारी को लेकर भी कांग्रेस की रणनीतिक तैयारी चल रही है। आंध्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष वाई एस शर्मिला को राज्यसभा भेजे जाने की संभावना जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि पार्टी नेतृत्व ने उन्हें 2024 में कांग्रेस में शामिल होने के दौरान भविष्य में महत्वपूर्ण भूमिका देने का आश्वासन दिया था। वहीं गोवा में प्रदेश अध्यक्ष गिरीश छोड़न्नकर की पुनर्नियुक्ति को लेकर पार्टी के भीतर असंतोष की खबरें हैं। 2027 विधानसभा चुनाव से पहले गोवा इकाई में भी नए समीकरण बन सकते हैं। छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष के नए नामों पर भी विचार हो रहा है। सूत्रों के बताया कि प्रभारी सचिन पायलट और पीसीसी दोनों पदों पर नए चेहरे पर मंथन जारी है। सिर्फ राज्यों तक ही नहीं, कांग्रेस आलाकमान अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी में भी बदलाव पर विचार कर रहा है। कई राज्यों के प्रभारी महासचिवों के कामकाज को लेकर असंतोष बताया जा रहा है। ऐसे में संगठन के शीर्ष स्तर पर नई नियुक्तियां और जिम्मेदारियों का पुनर्वितरण हो सकता है।

पार्टी के भीतर यह भी चर्चा है कि कांग्रेस राज्यों में समन्वय समितियां बनाने पर विचार कर रही है, ताकि सरकार और संगठन के बीच बेहतर तालमेल बनाया जा सके और फैसलों का क्रियान्वयन अधिक प्रभावी हो।

कांग्रेस नेतृत्व मानता है कि 2024 लोकसभा चुनाव के बाद पार्टी को जो राजनीतिक ऊर्जा मिली, उसे संगठनात्मक मजबूती में बदलना जरूरी है। राहुल गांधी की रणनीति केवल चुनाव लड़ने तक सीमित नहीं है, बल्कि अगले तीन वर्षों में राज्य इकाइयों को पुनर्गठित कर 2029 के लिए एक नई नेतृत्व पीढ़ी तैयार करने की है। यही वजह है कि कई पुराने चेहरों की जगह नए नेताओं को अवसर देने की चर्चा तेज हो गई है। कांग्रेस का यह संगठनात्मक पुनर्गठन आने वाले महीनों में राष्ट्रीय राजनीति की दिशा तय करने वाला बड़ा कदम माना जा रहा है। यदि प्रस्तावित बदलाव लागू होते हैं तो यह 2029 के लक्ष्य को ध्यान में रखकर पार्टी की सबसे बड़ी आंतरिक कवायद साबित हो सकती है।

### मीडिया रिपोर्ट्स पर...

अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड, के वरिष्ठ अधिकारियों तथा परियोजना निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में आंध्र प्रदेश में 8 हजार 512 किलोमीटर और पश्चिम बंगाल में 3 हजार 748 किलोमीटर लंबाई की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति, गुणवत्ता और रखरखाव संबंधी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

**निर्माण गुणवत्ता पर विशेष जोर**: समीक्षा बैठक के दौरान गडकरी ने अधिकारियों को जमीनी स्तर पर कार्यों की गति बढ़ाने, गुणवत्ता निगरानी तंत्र को और अधिक प्रभावी बनाने तथा आधुनिक निर्माण तकनीकों को अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बेहतर निर्माण गुणवत्ता से राजमार्गों की आयु बढ़ेगी, सड़क पर सफर अधिक सुगम होगा और यात्रियों को सुरक्षित एवं निर्बाध आवागमन की सुविधा मिलेगी। उन्होंने सड़क निर्माण में उन्नत तकनीकों के उपयोग पर बल देते हुए कहा कि टिकाऊ और दक्ष राजमार्ग देश की आर्थिक प्रगति, क्षेत्रीय संपर्क और यात्री सुविधाओं को नई गति प्रदान करेंगे।

**मानसून तैयारी पर विशेष फोकस** : मानसून को देखते हुए केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों को व्यापक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करने, ढलानों की सुरक्षा (स्लोप प्रोटेक्शन), भूस्खलन और जलभराव की आशंकाओं को कम करने तथा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली विकसित करने पर जोर दिया। गडकरी ने कहा कि बारिश के दौरान राजमार्गों पर यातायात बाधित न हो और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, इसके लिए सभी एजेंसियां समन्वित तरीके से कार्य करें।

**इन मुद्दों पर हुई विस्तृत चर्चा** : बैठक में राष्ट्रीय राजमार्गों की गुणवत्ता और रखरखाव से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा की गई। इनमें रिटेनिंग एवं आरई वॉल की गुणवत्ता, सड़क सुरक्षा ऑडिट, संकेतक बोर्ड और रोड साइनेज, हरित पट्टी विकास, पौधारोपण और लैंडस्केपिंग, प्रीकास्ट निर्माण तकनीक का उपयोग, दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट्स का सुधार, एक्सपेंशन जॉइंट्स की गुणवत्ता, परियोजनाओं के तार्किक समापन बिंदु, निर्माण सामग्री के मानकों का अनुपालन जैसे विषय प्रमुख रूप से शामिल रहे।

**समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश** : समीक्षा के अंत में गडकरी ने सभी संबंधित एजेंसियों और ठेकेदारों को निर्देश दिया कि जहां भी कमियां चिन्हित की गई हैं, वहां सुधारात्मक कदम तत्काल उठाए जाएं। उन्होंने निर्धारित गुणवत्ता मानकों का सख्ती से पालन करने और परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर जोर दिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग केवल परिवहन का माध्यम नहीं, बल्कि आर्थिक विकास की जीवनरेखा हैं। इसलिए उनकी गुणवत्ता, सुरक्षा और रखरखाव में किसी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी।

### केंद्रीय कृषि मंत्री...

जल संरक्षण और वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने का आह्वान किया। 1 से 30 जून तक देशभर में चलने वाले इस अभियान के शुभारंभ अवसर पर चौहान ने कहा कि धरती हमारी माता है और इसकी सेहत बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अंधाधुंध रासायनिक खाद और कीटनाशकों का उपयोग न करें, बल्कि मिट्टी की जांच के आधार पर जरूरत के अनुसार ही उर्वरकों का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि ज्यादा रासायनिक उपयोग से मिट्टी की उर्वरता घटती है और उसमें मौजूद लाभकारी सूक्ष्म जीव नष्ट होते हैं, जिसका सीधा असर उत्पादन और खेती की लागत पर पड़ता है।

उन्होंने कहा कि 'खेत बचाओ अभियान' केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि धरती माता को बचाने का राष्ट्रीय संकल्प है। इस अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिक, कृषि विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञ, कृषि विज्ञान केंद्रों के अधिकारी, कृषि विभाग की टीमें और जनप्रतिनिधि गांव-गांव जाकर किसानों को जागरूक करेंगे। किसानों को मिट्टी परीक्षण, संतुलित पोषण प्रबंधन, प्राकृतिक खेती, आधुनिक बुवाई तकनीक, जल संरक्षण और उन्नत खेती के तरीके सिखाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हर किसान का सॉयल हेल्थ कार्ड बनना जरूरी है, ताकि किसान अपनी जमीन की जरूरत समझकर खाद का उपयोग करे। इससे खेती की लागत कम होगी, उत्पादन बढ़ेगा और मिट्टी लंबे समय तक उपजाऊ बनी रहेगी। श्री चौहान ने स्पष्ट कहा कि सरकार किसानों को रियायती दरों पर उर्वरक उपलब्ध करा रही है, लेकिन इसका मतलब जरूरत से ज्यादा उपयोग नहीं है। सही मात्रा में खाद का उपयोग ही टिकाऊ खेती की कुंजी है।

चौहान ने कहा कि खेती को लाभकारी बनाना केंद्र सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि सोयाबीन, धान और दलहन फसलों के लिए क्षेत्र में विशेष प्रदर्शन किए जाएंगे।

### 11-12 जून को नई...

गवर्नेंस, शहरी गतिशीलता और जलवायु अनुकूल अवसंरचना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा होगी। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि सम्मेलन का मुख्य विषय -लोगों के लिए शहरः समावेशी और लचीले शहरी भविष्य के लिए ब्रिक्स सहयोग- रखा गया है। इसका उद्देश्य लोगों की जरूरतों को केंद्र में रखकर शहरों का विकास करना है। उन्होंने बताया कि किफायती आवास, पेयजल, सीवरेज, स्वच्छता, बुनियादी सेवाएं, रोजगार और सतत शहरी विकास आज सभी देशों के सामने प्रमुख चुनौतियां हैं। ब्रिक्स देशों के प्रतिनिधि इन विषयों पर अपने अनुभव साझा करेंगे और बेहतर मॉडलों का अध्ययन करेंगे।

**दो दिवसीय सम्मेलन में भाग लेंगे ब्रिक्स सदस्य देश** : ब्रिक्स के सभी '11 सदस्य देशों' को मंत्रिस्तरीय स्तर के प्रतिनिधिमंडलों के साथ भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। इसमें ब्रिक्स सदस्य देशों के मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी, नीति-निर्माता, शहरी विकास विशेषज्ञ और पेशेवर भाग लेंगे। मंच के पहले दिन उद्घाटन सत्र और ब्रिक्स देशों की साझा शहरी प्राथमिकताओं पर उच्चस्तरीय पूर्ण अधिवेशन (प्लेनरी) आयोजित किया जाएगा। प्रतिनिधियों को नई दिल्ली के चयनित स्थलों का भ्रमण भी कराया जाएगा, जिससे वे भारत के शहरी परिवर्तन और विकास कार्यों को प्रत्यक्ष रूप से देख सकें।

**ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग को और मजबूत करने की उम्मीद** : केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि सम्मेलन में होने वाले विचार-विमर्श से शहरीकरण संबंधी चुनौतियों के लिए साझा नीतिगत समाधान विकसित करने तथा समावेशी, लचीले और जन-केंद्रित शहरों के निर्माण के लिए ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग को और मजबूत करने की उम्मीद है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत नई दिल्ली में ब्रिक्स परिवार के सभी प्रतिनिधियों का स्वागत करने और लोगों के लिए बेहतर शहरों के निर्माण के उद्देश्य से मिलकर कार्य करने को लेकर उत्साहित है।

### हरियाणा भाजपा प्रदेश...

मजबूत बनाने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। भेंट के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने डॉ. अर्चना गुप्ता को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके सफल, प्रभावी एवं प्रेरणादायक कार्यकाल की कामना की। उन्होंने विश्वास जताया कि डा. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में हरियाणा भाजपा संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा पार्टी के विस्तार को नई गति मिलेगी। डॉ. अर्चना गुप्ता ने राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा उन पर जताए गए विश्वास के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगी।

### एयर मार्शल चौधरी...

सैन्य नर्सिंग सेवा के अतिरिक्त महानिदेशक के रूप में अपना कार्यभार संभाला है।


**भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय**
**खानपुर कलां, सोनीपत**
ऑफिस नं. 01263-283038, फैक्स नं. 01263-283779
( बी++ ग्रेड, एनएएसी प्रमाणित )

**विज्ञा. सं. मई/2026/अनुबंधात्मक**

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां पूर्णतया अनुबंध आधार पर आयुर्वेदिक मेडिकल ऑफिसर (एएमओ) मैट्रोन, उप-वैद्य (फार्मासिस्ट), पंचकर्मा तकनीशियन, पंचकर्मा सहायक के पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

आवेदन प्राप्ति हेतु अन्तिम तिथि 11.06.2026 है।

अधिक विवरण हेतु कृपया विश्वविद्यालय वेबसाइट अर्थात **www.bpsmv.ac.in** पर पधारें।

संवाद-1239/11/91/2027/45793/सी/88/7 दि. 01.06.26 — रजिस्ट्रार

**शुद्धिपत्र/सुधार सूचना**

आरओएफ इंफ्राटेक एंड हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड
"Antares by ROF", सेक्टर-07, सोहना, गुरुग्राम, हरियाणा
लाइसेंस संख्या/वर्ष: 182/2024, दिनांक: 10-12-2024
हरेरा पंजीकरण संख्या: 29/2026, दिनांक: 13.04.2026
पंजीकृत कार्यालय: एम-18, मार्केट एम-ब्लॉक, ग्रेटर कैलाश-II, नई दिल्ली-110048
कॉर्पोरेट कार्यालय: बिल्डिंग संख्या 80, पहली मंज़िल, सेक्टर-44, गुरुग्राम
कॉल करें: 0124-4399399, 180030702828 | www.rof.co.in

यह हमारे पिछले विज्ञापन के संदर्भ में है, जो दिनांक 27.05.2026 को 'हरि भूमि' और 'दैनिक भास्कर' में प्रकाशित विज्ञापन हमारे प्रोजेक्ट ANTARES BY ROF के पहले ई-ड्रॉ के बारे में था। यह प्रोजेक्ट 'अफोर्डेबल ग्रुप हाउसिंग पॉलिसी, 2013 के तहत, लाइसेंस संख्या 182 वर्ष 2024, दिनांक 10.12.2024 के अंतर्गत, आरओएफ इंफ्राटेक और हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित किया जा रहा है।
इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि एक टाइपिंग की गलती के कारण, 27.05.2026 को 'हरि भूमि' और 'दैनिक भास्कर' में प्रकाशित विज्ञापन में, कारपेट एरिया पर 'बेसिक सेल्स प्राइस' गलती से रू. 88881/-प्रति वर्ग फुट लिख दिया गया था, सभी संबंधित आवेदकों और हितधारकों से अनुरोध है कि वे पिछले विज्ञापन में जहाँ कहीं भी इनका उल्लेख किया गया हो, वहाँ कारपेट एरिया पर बेसिक सेल्स प्राइस को रू. 5450/- प्रति वर्ग फुट ही पढ़ें तथा क्रमांक संख्या 4 में सामुदायिक हॉल 4425.963 वर्ग मी. के स्थान पर 4425.963 वर्ग फुट और आंगनवाड़ी-सह-शिशु-गृह 4425.963 वर्ग मी. के स्थान पर 4425.963 वर्ग फुट पढ़ा जाये।
नोट: यह सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त कॉलोनी की भवन योजना को ज्ञापन संख्या ZP-2059/JD(RA)/2025/39819 दिनांक 15.10.2025, लाइसेंस संख्या 182/2024 दिनांक 10.12.2024 के माध्यम से अनुमोदित किया गया था। दिनांक 07.01.2026 का पर्यावरण मंजूरी (ईसी) संख्या EC24B3812HR5852407N और दिनांक 26.02.2026 और स्थापना के लिए सहमति (सीटीई) ज्ञापन संख्या HSPCB/Consent/:12074107426GUSOCTE136711517 दिनांक 26.02.2026 सक्षम अधिकारियों द्वारा प्रदान किया गया है। परियोजना दोपहिया वाहन पार्किंग स्थान प्रदान करती है, अर्थात, प्रति आवास इकाई 0.5 ईसीएस, जैसा कि किफायती आवास नीति दिनांक 19.08.2013 और संशोधन दिनांक 04.01.2021 के अनुसार पहले से ही उक्त भवन योजनाओं में अनुमोदित है। यह स्पष्ट किया जाता है कि कारपेट क्षेत्र पर संशोधित आवंटन दर को दिनांक 08.04.2026 की संशोधित नीति के अनुसार माना जाएगा।
नोट: किसी भी परियोजना के पहले के ड्रॉ के सफल आवेदकों के सरेंडर/वापस लिए गए आवेदकों को इस नोटिस के प्रकाशन के 02 सप्ताह के भीतर वर्तमान परियोजना में आवेदन दाखिल करने से पहले एसटीपी कार्यालय, गुरुग्राम में स्थिति को अपडेट करना होगा।
बाकी सभी विवरण और नियम व शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | राजकीय महाविद्यालय रिथोज, जिला गुरूग्राम में विशेष मरम्मत बकाया कार्य (सी.एम. घोषणा सं. 9687 दिनांक 29.11.2014)। | बंद होने की तिथि 06.06.2026 | 49.48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम में स्वर्ण जयंती राज्य लोनिवि विश्राम गृह हेतु विशेष मरम्मत (फ्लोरिंग)। | बंद होने की तिथि 06.06.2026 | 37.58 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | हरियाणा नये सचिवालय भवन, सेक्टर-17, चण्डीगढ़ के बाहरी क्षेत्र का पुनरोद्धार। | बंद होने की तिथि 08.06.2026 | 124.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1724585654 pwd-eecd-chandigarh@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में स्लिप रोड का निर्माण करके डाबरा चौक जंक्शन का सुधार (रोड आईडी 4826)। | बंद होने की तिथि 03.06.2026 | 38.51 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 5 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | पाउडर रूप में आईएसआई मार्क्ड पॉली एल्यूमीनियम क्लोराइड की खरीद। | 02.06.2026 02.07.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज पानीपत | गांव सींक, ब्लॉक इसराना :- पानीपत में बीसी चौपाल निकट पशु चिकित्सालय से कुराड़ रोड तक साइड नाला और टो-वॉल सहित आईपीबी सहित फिरनी का निर्माण। | 29.05.2026 05.06.2026 | 77.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9068676922 prexeeng.pnp@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज अम्बाला | एसडीए - गांव कामबासी ब्लॉक बराड़ा में जागीरचंद से संजीव कुमार पुत्र बदामा राम के मकान तक नाला का निर्माण + 2 कार्य। | 30.05.2026 05.06.2026 | 15.74 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज सोनीपत | गांव ककरोई में लोनिवि रोड से रामजीवन पुत्र श्री किरदार सिंह (निकट एसटीपी प्लांट) के खेत तक बीओई पथ का निर्माण। | बंद होने की तिथि 08.06.2026 | 7.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9268376188 brijmohansdo@gmail.com |
| 9 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | न्यू कलानौर माइनर के आरडी 17550/आर पर सम्प वैल का निर्माण + 19 कार्य। | बंद होने की तिथि 04.06.2026 | 20.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला | सिंचाई विभाग के यांत्रिकी मंडल, फरीदाबाद हेतु मौजूदा मैनुअल एचओटी से ईओटी इलैक्ट्रिक ऑपरेटेड ट्रेवलिंग क्रेन में परिवर्तन द्वारा 05 टन क्षमता के 02 अदद 06 डायरेक्शनल ईओटी क्रेन अप्रूव्ड मेक की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन। | 30.05.2026 11.06.2026 | 14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 172582542 xenproc@gmail.com |
| 11 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | वर्ष 2026-27 हेतु बाढ़ का पानी निकालने के लिए 15/20 एचपी इलैक्ट्रिक स्टार डेल्टा स्टार्टर्स की विशेष मरम्मत और 01 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 05.06.2026 | 17.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 12 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सिरसा | खरीफ 2026 हेतु रोड़ी ब्रांच आरडी 47000-109500-टेल (पंजुआना सेक्शन) की आंतरिक सफाई और बाहरी सफाई + 12 कार्य। | बंद होने की तिथि 04.06.2026 | 126.55 लाख | hid.gov.in | 9996665761 xensrs.swd1925@yahoo.com |
| 13 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला | 1. महेन्द्रगढ़ जल सेवाएं यांत्रिकी मंडल, नारनौल से सम्बन्धित हार्डवेयर और वैद्युत मदों की आपूर्ति, 2. वर्कशॉप डिवीजन चरखी दादरी से सम्बन्धित वैद्युत मदों की आपूर्ति। | 30.05.2026 11.06.2026 | 69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722582542 xenproc@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in — पीआरडीएच-11/2027/260/45794/I/88/7 दि. 01.06.26

हरिभूमि सहेली



पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महिलाएं अहम भूमिका निभा सकती हैं। इसके लिए बहुत बड़ी कोई कार्य योजना बनाने की भी जरूरत नहीं है। घर के आंगन से ही इसकी शुरुआत कर, वे दूसरों को भी पर्यावरण संरक्षित करने के लिए प्रेरित कर सकती हैं। महिलाएं किन मोर्चों पर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देकर देश को प्रदूषण मुक्त रख सकती है, हर तरफ हरियाली बिखेर सकती है, जानिए।

विशेष
विश्व पर्यावरण दिवस
5 जून

# पर्यावरण सहेजने के मोर्चे पर डटें महिलाएं

कवर स्टोरी
**डॉ. मोनिका शर्मा**

सदा से ही सब कुछ सहेजने का भाव रखने वाली महिलाएं पर्यावरण को बचाने में अहम भूमिका निभा सकती हैं। अब इस फ्रंट पर बिना देरी किए सार्थक कदम उठाने की भी दरकार है। 2026 के विश्व पर्यावरण दिवस की थीम 'नाउ फॉर क्लाइमेट चेंज' है। यानी एनवॉयरनमेंट प्रोटेक्शन के लिए जल्द से जल्द कार्रवाई करनी ही होगी। यह विषय हमारी धरती, पर्यावरण और मौसमी बदलावों से जुड़ी हर चेतावनी को समझने का संदेश देता है। ऐसे में महिलाएं तुरंत इस फ्रंट को संभाल सकती हैं। उन छोटे-छोटे कदमों को बढ़ावा दे सकती हैं, जो पर्यावरण बचाने में बहुत कारगर सिद्ध हो सकते हैं। घर हो या बाहर, महिलाएं इस ओर बढ़ने की शीघ्र पहल करें।

## आंगन से शुरू हो मुहिम

घर-परिवार में सब कुछ संभालने वाली स्त्रियां आम-सी बातों और आदतों पर ध्यान देकर भी एनवॉयरनमेंट प्रोटेक्शन से जुड़ी कार्रवाई को बल दे सकती हैं। आप भी अपने आंगन से ही इसकी शुरुआत कर सकती हैं। ई-वेस्ट को कम करना, बिजली और पानी की बचत, फूड वेस्ट न करना, आस-पास जाने के लिए पैदल चलना, पेपर-नैपकिन की बजाय रुमाल का यूज करना, रि-साइकिलिंग के लिए घर के कचरे का सही तरीके से निपटारा करने जैसे काम हर घर में किए जा सकते हैं।



वाटर प्यूरीफायर से निकलने वाले वेस्ट पानी से पौधों को सींचना हो या पोंछा लगाने में इस्तेमाल करना। सिंगल-यूज प्लास्टिक से दूरी बनाने के लिए बाजार जाते हुए थैला साथ रखने की आदत बनानी हो या लाइट, पंखे जैसे उपकरणों को बेवजह चलते ना रहने देना। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए आप खुद भी सजग हों और घर के दूसरे सदस्यों को भी इन आदतों को अपनाने को प्रेरित करें। असल में 'नाउ फॉर क्लाइमेट चेंज' मुहिम का मूल मंत्र भी 'सोच बड़ी, पर शुरुआत छोटी' ही है। डेली लाइफ में छोटे-छोटे बदलाव कर क्लाइमेटिक हालातों पर गहरा असर डाला जा सकता है। बड़ी जनसंख्या वाले हमारे देश में तो ऐसी हर सहज शुरुआत और भी मायने रखती है।

## तीज-त्योहारों के व्यावहारिक अर्थ समझें

हमारे पर्व-त्योहारों को मनाने से जुड़ी बुनियादी सोच, प्रकृति और इंसान के बीच सहज संतुलन बनाने वाली ही है। कुदरत का आभार और संरक्षण इनसे जुड़े मुख्य संकल्प हैं। ऋतु-परिवर्तन से जुड़े हमारे त्योहार जल, धरती और हरियाली जैसे प्राकृतिक संसाधनों को सहेजने का व्यावहारिक पाठ पढ़ाने वाले रहे हैं। मकर संक्रांति, पोंगल, फूलदेई और बैसाखी जैसे पर्व सीधे तौर पर फसल चक्र और प्रकृति की पूजा से ही जुड़े हैं। वट सावित्री, आंवला नवमी, सरहुल और पीपल पूर्णिमा जैसे बहुत से त्योहार पेड़ों के पूजन-अर्चन के संग धरती की गोद में हरियाली के बने रहने की प्रार्थनाएं भी लिए हैं। तुलसी और केले के पौधे तो हर दिन पूजे जाते हैं। पारंपरिक रूप से हल्दी, चंदन और फूलों के प्राकृतिक रंग हमारे जीवन का हिस्सा रहे हैं। जल, अग्नि, वायु और आकाश के संतुलन वाली परंपरागत जीवनशैली में मिट्टी की मूर्तियों के पूजन का रिवाज रहा है। विशेष अवसरों पर नदियों और कुओं की पूजा की जाती है। चिंता की बात यह है कि बीते कुछ वर्षों में त्योहारों के रंग-ढंग भी बदल गए हैं। जिसके चलते नदी-तालाब प्लास्टिक से अंट गए हैं। दिखावटी-सजावटी चीजों ने प्रकृति के रंग छीनने का काम किया है। यही वजह है कि इन पर्वों को मनाने वाली स्त्रियां त्योहारों के व्यावहारिक अर्थ समझकर पर्यावरण सहेजने की धुरी बन सकती हैं। प्रकृति को सहेजने के लिए, स्त्रियां इन त्योहारों को पारंपरिक संस्कारों के साथ मनाएं।



## बनाएं सहेलियों के समूह

सहेलियां एक-दूजे को देखकर फैशन और स्टाइल ही नहीं, ईको-फ्रेंडली आदतें भी अपना सकती हैं। किट्टी पार्टी या आस-पड़ोस का कोई ग्रुप पर्यावरण सहेजने वाली एक्टिविटीज से भी जुड़ सकती हैं। अपने-अपने घर में किचन गार्डन बना सकती हैं। छत पर सब्जियां और छोटी-सी बालकनी में हरी मिर्च, धनिया, पुदीना जैसे पौधे आसानी से उगा सकती हैं। अपने उगाए सब्जी, फल-फूल आदि एक-दूजे संग शेयर कर खुशियां साझा कर सकती हैं। अपनी फ्रेंड्स के साथ मिलकर किसी स्थानीय पार्क में पौधारोपण करने या किसी तालाब की साफ-सफाई का भी प्लान बनाएं। सरकारी संस्थान या किसी संगठन द्वारा रोपे गए पौधों के देखभाल की जिम्मेदारी लें। नई चीजें खरीदने की बजाय मिलकर पुरानी चीजों का मेकओवर करें। यह एक-दूसरे से कुछ क्रिएटिविटी सीखने और कुदरत को सहेजने की सबसे सुंदर राह है। पार्टियों की तस्वीरें ही नहीं, सोशल मीडिया में अपनी इन गतिविधियों को भी शेयर करें। पर्यावरण के प्रति सजगता और जिम्मेदारी रखने का भाव लिए छोटे-छोटे कदम डिजिटल दुनिया में दूसरी महिलाओं को भी प्रेरणा देंगे, वे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सक्रिय होंगी। ❀

# परवरिश में घुली हो हरियाली

पर्यावरण का संकट किसी एक व्यक्ति के लिए नहीं पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय है। इससे निपटने के लिए हमें तो हर संभव प्रयास करने ही होंगे, साथ ही अपने बच्चों को भी जागरूक बनाना होगा। उनकी परवरिश इस तरह करनी होगी कि बच्चों के व्यवहार-जीवनशैली में पर्यावरण-सजगता शामिल हो।

सजगता
**पूर्ति खरे**



बच्चे अपने पैरेंट्स और परिवार से जो सीखते हैं, वो उनके व्यक्तित्व का स्थाई हिस्सा बन जाता है। उनकी आदतें, सोच, व्यवहार और जीवन के प्रति दृष्टिकोण सबकी पहली पाठशाला घर-परिवार ही होती है। ऐसे में यदि बचपन से ही उन्हें प्रकृति के प्रति प्रेम, पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और संसाधनों के सम्मान की सीख मिले, तो यह केवल आदत नहीं, उनके भावी जीवन की बुनियाद भी रखता है।

**व्यवहार में शामिल हो सजगता:** आज जब दुनिया ग्लोबल वार्मिंग, पेय जल संकट, प्रदूषण और घटते जंगलों जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रही है, तब पर्यावरण शिक्षा को केवल बच्चों के स्कूल की किताबों तक सीमित रखना पर्याप्त नहीं है। इसे उनके रोजमर्रा की दिनचर्या, व्यवहार और संस्कारों में शामिल करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है। बच्चों को अगर हम आज पर्यावरण के प्रति सजग बनने के संस्कार देंगे तो वे जीवनपर्यंत पर्यावरण संरक्षण को लेकर संवेदनशील रहेंगे।



**प्रकृति से बढ़ती दूरी है मूल वजह:** पहले के समय में पर्यावरण संरक्षण शब्द भले इतना प्रचलित न रहा हो, लेकिन हमारी जीवनशैली प्रकृति के बेहद करीब हुआ करती थी। दादी-नानी की रसोई में प्लास्टिक नहीं, कपड़े के थैले और मिट्टी के बर्तन होते थे। पानी की एक-एक बूंद की कीमत समझी जाती थी। पेड़ केवल छाया देने वाली वस्तु नहीं, परिवार के सदस्य जैसे माने जाते थे। गर्मियों में घरों के बाहर पक्षियों के लिए पानी रखा जाता था, बचा हुआ खाना पशुओं को दे दिया जाता था और त्योहार भी प्रकृति के अनुकूल मनाए जाते थे। यह सब किसी पाठ्यक्रम का हिस्सा नहीं था, बल्कि जीवन का स्वाभाविक व्यवहार था। लेकिन आधुनिकता और सुविधाओं की दौड़ में हम प्रकृति से धीरे-धीरे दूर होते चले गए। ऐसे में पर्यावरण शिक्षा को फिर से जीवन के केंद्र में लाना जरूरी हो गया है।

**महसूस कराएं प्राकृतिक आत्मीयता:** जब बच्चा मिट्टी में पौधे का बीज रोपता है, किसी मुरझाए पेड़ को पानी देता है, किसी चिड़िया को दाना डालता है या पहली बारिश की खुशबू महसूस करता है, तब उसके भीतर प्रकृति के प्रति आत्मीयता जन्म लेती है। आज की पीढ़ी बेहद संवेदनशील और जागरूक है। जरूरत केवल उन्हें सही दिशा देने की है। यदि हम उन्हें यह समझा पाएं कि पृथ्वी केवल मनुष्यों की नहीं, बल्कि पक्षियों, जानवरों, पेड़-पौधों और आने वाली पीढ़ियों की भी है, तो वे निश्चित ही जिम्मेदार नागरिक बनेंगे। यह भी सच है कि बच्चों को केवल डर दिखाकर पर्यावरण के प्रति जागरूक नहीं बनाया जा सकता। इसलिए जरूरी है कि उन्हें प्रकृति की सुंदरता, उसकी उदारता और उससे मिलने वाले सुख का भी अनुभव कराया जाए। उन्हें यह महसूस होना चाहिए कि पर्यावरण बचाना कोई बोझ नहीं, बल्कि जीवन को सुंदर बनाने का तरीका है।

**बनें बच्चों के रोल मॉडल:** बच्चे सबसे ज्यादा अनुकरण घर में करते हैं। यदि वे अपने माता-पिता को पानी व्यर्थ बहाते, हर छोटी चीज के लिए प्लास्टिक का उपयोग करते या बिजली की अनावश्यक बर्बादी करते देखेंगे, तो वही सीखेंगे। वहीं यदि घर में कपड़े के थैले इस्तेमाल होंगे, पौधों की देखभाल की जाएगी, पानी और बिजली बचाने पर ध्यान दिया जाएगा, तो बच्चे इसे सहज व्यवहार की तरह अपनाएंगे।

**ये सरल तरीके भी हैं कारगर :** सप्ताह में एक दिन 'नो प्लास्टिक डे' रखा जा सकता है। बच्चों के साथ मिलकर बालकनी या छत पर छोटा-सा किचन गार्डन बनाया जा सकता है। उसकी देखभाल की जिम्मेदारी बच्चों को ही सौंपी जा सकती है। जन्मदिन पर महंगे रिटर्न गिफ्ट्स की जगह पौधे बांटने की शुरुआत की जा सकती है। छुट्टियों में बच्चों को किसी जंगल, नदी या गांव की सैर कराई जा सकती है ताकि वे प्रकृति को वास्तविक रूप में महसूस कर सकें। ❀



अफर्मेशन यानी सकारात्मक कथन आत्मविश्वास बढ़ाने, सफलता पाने की दिशा में बहुत प्रेरक सिद्ध होता है। यह कैसे काम करता है, आपको भी जानना चाहिए।

# अफर्मेशन का होता है जादुई असर


स्वप्रेरणा
**अंजू जैन**

अक्सर मनोविज्ञानी, व्यवहार विशेषज्ञ, समाजशास्त्री और प्रेरक वक्ता, जीवन में आगे बढ़ने, सुकून और समृद्धि हासिल करने के लिए अफर्मेशंस को बहुत प्रभावी मानते हैं।

**क्या हैं अफर्मेशन:** अफर्मेशन यानी सकारात्मक कथन, मस्तिष्क को रीप्रोग्राम करने की एक वैज्ञानिक तकनीक है, जो न्यूरोप्लास्टिसिटी के माध्यम से तनाव कम करती है, आत्मविश्वास बढ़ाती है और व्यवहार में सकारात्मक बदलाव लाती है। शोध बताते हैं कि यह तकनीक मस्तिष्क के रिवॉर्ड सिस्टम को सक्रिय करती है और सेल्फ वर्थ की भावना को बढ़ाती है।

**अफर्मेशन के प्रमुख फायदे:** यह तनावपूर्ण स्थितियों में शांत रहने और मानसिक लचीलापन बढ़ाने में मदद करती है। साथ ही सकारात्मक कथन, मस्तिष्क के उन हिस्सों को सक्रिय करते हैं, जो आत्म-धारणा और समस्या-समाधान से जुड़े होते हैं। ये कथन नकारात्मक विचारों को बदलते हैं, आत्म-संदेह और डर को दूर करते हैं। वैज्ञानिक सोच पर अनुसंधान करने वाले वैज्ञानिकों के अनुसार, हमारा मस्तिष्क लगातार बदलता रहता है। अफर्मेशन तकनीक नए तंत्रिका मार्ग बनाने में मदद करती है, जिससे सोचने का तरीका बदलता है।

**प्रभावी ढंग से करें अफर्मेशन का उपयोग:** अफर्मेशन का प्रभावी उपयोग करने के लिए अपने लक्ष्यों और मूल्यों के अनुसार स्वयं के कथन बनाएं। इन्हें दोहराना अपनी दैनिक आदत बनाएं, जैसे सुबह या रात को सोने से पहले। इन्हें गहराई से अपनाना होगा और रोज महसूस करना होगा। यह मस्तिष्क को शांत, अधिक लचीला और लक्ष्यों के प्रति केंद्रित बनाने का एक सिद्ध और वैज्ञानिक तरीका है।



**अपनाएं 10 कारगर अफर्मेशन:** कुछ ऐसे सकारात्मक विचार हैं, जो हर महिला के मन में होने चाहिए। ये आपको प्रेरित करेंगे, आत्मविश्वास को भी बढ़ाएंगे।

**आत्मसम्मान के लिए:** मैं पर्याप्त हूं और मुझे किसी को कुछ भी साबित करने की जरूरत नहीं है। मेरे लिए सबसे पहले अपना आत्मसम्मान है।

**फोकस के लिए:** मेरी ऊर्जा अनमोल है, मैं इसे केवल उन चीजों पर लगाती हूं, जो मुझे आगे बढ़ाती हैं। फालतू की चीजें या सिर्फ दूसरों को खुश करने के लिए मुझे ऊर्जा और सुकून नष्ट नहीं करना चाहिए।

**साहस के लिए:** मैं अपनी क्षमताओं पर विश्वास करती हूं और हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हूं। खुद मुझे ही आगे बढ़कर अपनी मुसीबतों का सामना करना है।

**स्वावलंबन के लिए:** मैं अपनी खुशियों की खुद निर्माता हूं। मैं दूसरों पर निर्भर नहीं रहूंगी। आत्मनिर्भरता मेरे लिए आवश्यक है।

**कार्यकुशलता के लिए:** आज मैं जो भी करूंगी, उसमें अपना सर्वश्रेष्ठ दूंगी और खुद पर गर्व करूंगी। आगे बढ़ना है तो मुझे मेहनत करनी होगी।


**विकास के लिए:** गलतियां करना सीखने का हिस्सा है। मैं उनसे डरती नहीं, बल्कि आगे बढ़ती हूं। भला किससे गलतियां नहीं होतीं।

**सेल्फ-केयर के लिए:** मैं अपने शरीर और मन का सम्मान करती हूं और उनकी देखभाल करना मेरी प्राथमिकता है। मेरी खुशी मेरे लिए सर्वोपरि है।

**समृद्धि के लिए:** मैं सफलता और प्रचुरता के योग्य हूं। जब मेरे भाई-बहन, दोस्त आगे बढ़ सकते हैं तो मैं भी बढ़ सकती हूं।

**मानसिक शांति के लिए:** मेरा शांत स्वभाव ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। शांत मन ज्यादा शक्तिशाली होता है।

**सेल्फ-लव के लिए:** मैं जैसी हूं, वैसी ही सुंदर और शक्तिशाली हूं। मुझे दूसरों से सर्टिफिकेट नहीं चाहिए। आप इनमें से अपनी पसंद के अनुसार किसी एक को डेस्क कैलेंडर या स्टिकी नोट पर लिखकर टेबल पर रख सकती हैं। ❀



सीजनल केयर
**शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट**


ट्रैवलिंग में साथ रखें ये प्रोडक्ट्स

# मेंटेन रहेगा ग्लोइंग मेकअप

गर्मी की छुट्टियों में बहुत से लोग अपने परिवार, दोस्तों के संग हिल स्टेशंस या अन्य पर्यटक स्थलों पर घूमने जाते हैं ताकि नेचर का आनंद ले सकें और शहरों की भाग-दौड़ भरी उबाऊ जिंदगी से राहत मिल सके। लेकिन इस मौसम में खुले वातावरण में घूमने से पसीने, टैनिंग, त्वचा में जलन, सनबर्न से ब्यूटी पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। लेकिन अगर आप ट्रैवलिंग के दौरान अपने साथ कुछ जरूरी ब्यूटी प्रोडक्ट्स रखती हैं तो आप इस मौसम में त्वचा को होने वाले नुकसानों से खुद को बचा सकती हैं।

**फेस वाइप्स:** गर्मी में सबसे ज्यादा परेशानी पसीने से होती है। तेज धूप की वजह से ऑयली स्किन पर गंदगी और तेल जम जाता है। इससे चेहरा डल लगता है और मेकअप भी खराब हो जाता है। इसलिए इस मौसम में जब भी आप घूमने जाएं तो अपने साथ फेस वाइप्स जरूर रखें। फेस वाइप्स से बिना पानी के चेहरे की त्वचा साफ हो जाती है और चेहरे की नर्व्स में ब्लड सर्कुलेशन भी बढ़ता है। गीले फेस वाइप्स को आप अपनी सुविधानुसार उपयोग कर सकती हैं। जब आपके पास पानी और फेस वॉश उपलब्ध नहीं हो तो इसे यूज करें। इससे आपकी स्किन तुरंत साफ और फ्रेश लगेगी।





**ड्राई शैंपू:** यात्रा के दौरान कई बार बालों को धोने का कम ही समय मिल पाता है। ऐसे में ड्राई शैंपू काफी मददगार हो सकता है। ड्राई शैंपू पानी रहित उत्पाद है, जिसे बालों को साफ करने के लिए आमतौर पर स्प्रे या पावडर के रूप में उपयोग किया जाता है। इसे सिर की त्वचा पर लगाया जाता है और यह बालों से तेल या सीबम को सोख लेता है, जिससे बाल साफ और तरोताजा दिखते हैं। यदि आपकी स्कैल्प सेंसिटिव है तो अल्कोहलबेस्ड या सुगंधित ड्राई शैंपू से बचें।

**वाटर प्रूफ काजल:** अधिकतर महिलाएं अपनी सुंदरता को निखारने के आंखों पर काजल लगाना खूब पसंद करती हैं। लेकिन गर्मी के मौसम में पसीने से काजल फैलने की समस्या हो सकती है। इस समस्या से बचने के लिए वाटर प्रूफ काजल आपकी मदद कर सकता है। वाटर प्रूफ काजल आंखों पर लंबे समय तक मेंटेन रहता है। इन्हें लगाने से आंखों को परेशानी नहीं होती है और सेंसिटिव आंखों वाली महिलाओं के लिए भी उपयुक्त होता है। जैल आधारित काजल 12 घंटों तक टिका रहता है, जिसे आप ब्रश की मदद से लगा सकती हैं।

**ग्लिटर:** ग्लिटर नाखूनों को एक नया लुक देता है, जिससे साधारण मेनीक्योर भी खास दिखने लगता है। ग्लिटर मेनीक्योर अनेक प्रकार के कस्टमाइजेशन का अवसर प्रदान करता है और विभिन्न रंगों और फिनिश के साथ आपके सौंदर्य को निखारता है। ❀

डाइट एडवाइस
**विधि**

आमतौर पर महिलाएं वर्क प्रेशर की वजह से ब्रेकफास्ट में कुछ भी खा लेती हैं या स्किप कर देती हैं। आपको हेल्दी और एक्टिव रहने के लिए अपने ब्रेकफास्ट में ऐसे फूड्स शामिल करने चाहिए, जिससे आपको एनर्जी मिल सके।

# जब डेली करेंगी न्यूट्रिशस ब्रेकफास्ट आप रहेंगी हेल्दी-एनर्जेटिक

डॉक्टर्स कहते हैं कि दिन की शुरुआत हैवी ब्रेकफास्ट से होनी चाहिए। इससे पूरे दिन एनर्जी बनी रहती है लेकिन बहुत सी महिलाएं, सुबह की भाग-दौड़ और काम में ब्रेकफास्ट पर ध्यान नहीं देती हैं या बिना ब्रेकफास्ट किए ही रह जाती हैं। डेली न्यूट्रिशस ब्रेकफास्ट नहीं करने से सारा दिन सुस्ती और आलस महसूस होता है। वीकनेस आने लगती है। नाश्ते में ऐसी चीजें खानी चाहिए, जो हेल्दी हों। क्योंकि सही ब्रेकफास्ट दिनभर एनर्जेटिक और एक्टिव बनाए रखता है। ब्रेकफास्ट हेल्दी होने से कई सारी बीमारियां भी शरीर से दूर रहती हैं, साथ ही मेंटल हेल्थ भी बेहतर रहती है और इम्यून सिस्टम भी मजबूत होता है।



**क्या खाएं:** सुबह के नाश्ते में जितना हो सके हेल्दी और पौष्टिक चीजें शामिल करनी चाहिए। प्रोटीन, फाइबर, हेल्दी फैट से भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन करना चाहिए। इसके लिए ताजे फल, स्प्राउट्स, ओट्स, अंडा, दलिया, सूजी, मूंग दाल चीला, ड्राई फ्रूट्स, दूध को ब्रेकफास्ट में शामिल करना चहिए। सुबह के ब्रेकफास्ट में परांठों की जगह उपमा, नमकीन दलिया, घी लगी रोटी शामिल करना फायदेमंद होता है। प्रोटीन से भरपूर नाश्ता आपके शरीर को दिनभर की ऊर्जा देने में मदद करता है। प्रोटीन-रिच नाश्ते में उबले हुए अंडे, पनीर, दही, दलिया या ओटमील, मूंग दाल का चीला खा सकती हैं। फाइबर पाचन को सही बनाए रखने में मदद करता है। यह दिल के लिए भी अच्छा होता है। फाइबर से भरपूर ब्रेकफास्ट के लिए फलों का सलाद, साबुत अनाज की ब्रेड या परांठे, आलू या शकरकंदी की चाट खा सकती हैं। हेल्दी फैट से शरीर को एनर्जी मिलती है। यह शरीर के लिए जरूरी हार्मोन के प्रोडक्शन में भी मददगार है। इसके लिए एवोकाडो, नट्स, मूंगफली का मक्खन, अलसी का तेल ब्रेकफास्ट में शामिल कर सकती हैं। फ्रेश फल और सब्जियां न सिर्फ शरीर को हाइड्रेट करते हैं, बल्कि ये जरूरी विटामिन और मिनरल्स से भी भरपूर होती हैं। ये इम्यूनिटी को बढ़ाने में मददगार हैं। शरीर को पूरे दिन हाइड्रेटेड रखने के लिए पानी के अलावा, ब्रेकफास्ट में नीबू पानी, नारियल पानी, ग्रीन टी लेना भी अच्छा होता है। मीठे के लिए ब्रेकफास्ट में शहद, मेपल सिरप या गुड़ का इस्तेमाल कर सकती हैं। एक छोटे से फल जैसे कि आम, पपीता या सेब को भी मिठास के लिए शामिल कर सकती हैं। नाश्ते में स्मूदी केला और दूध एक बेहतरीन ऑप्शन हो सकता है। बिना अतिरिक्त मात्रा में नमक या चीनी की दही का ऑप्शन भी सेहतमंद होता है।



**क्या न खाएं:** ब्रेकफास्ट में कुछ फूड आइटम्स को नहीं खाना चाहिए।

**वाइट ब्रेड:** सफेद ब्रेड को लो क्वालिटी के कार्ब्स के साथ प्रोसेस किया जाता है, जिससे मोटापा, ब्लड शुगर बढ़ने और हार्ट डिजीज का खतरा भी पैदा होता है।

**समोसा-पकौड़े:** तली हुई चीजें खाने से सीने में जलन, पेट में भारीपन और शरीर में कोलेस्ट्रॉल बढ़ सकता है।

**मीठा दही:** इससे शरीर में शुगर की मात्रा बढ़ सकती है।

**इंस्टेंट नूडल्स:** इनमें बहुत ज्यादा नमक, प्रिजरवेटिव्स और अनहेल्दी फैट्स होते हैं, इसलिए ये सुबह के खाने के लिए बिल्कुल हेल्दी नहीं होते हैं। ❀

**(डायटिशियन शीला सहरावत से बातचीत पर आधारित)**

# फ्रेंच ओपनः दिग्गज खिलाड़ियों की उम्मीदों की कब्रगाह बनता रोलां गैरो

पेरिस से डॉ. हिमांशु द्विवेदी

हरिभूमि खास







जैसे मुट्ठी में रेत को लंबे समय तक संभालकर रखना बेहद कठिन होता है, वैसे ही टेनिस की दुनिया में रेत के मैदान पर अपनी बादशाहत कायम रखना भी असाधारण चुनौती है। इसीलिए क्ले कोर्ट को टेनिस जगत की सबसे कठिन परीक्षा माना जाता है। राफेल नडाल और ब्योन बोर्ग ही इस नियम के अपवाद थे, जिन्होंने वर्षों तक फ्रेंच ओपन पर ऐसा आधिपत्य स्थापित किया जिसे खेल इतिहास की महानतम उपलब्धियों में गिना जाएगा। लेकिन अधिकांश महान खिलाड़ी उस स्वप्न को साकार नहीं कर पाते। क्ले कोर्ट यानि रेतीला मैदान इस बार तो तमाम दिग्गज खिलाड़ियों की उम्मीदों की कब्रगाह बनता जा रहा है।

क्या यह अपने आप में आश्चर्यजनक नहीं है कि टूर्नामेंट के शुरुआती तीन दौर पूरा होने तक पुरुष वर्ग के शीर्ष दस वरीय खिलाड़ियों में से आधे से अधिक बाहर हो चुके हैं? कार्लोस अल्काराज तो फिटनेस संबंधी समस्याओं के कारण पहले ही प्रतियोगिता से दूर थे, लेकिन यानिक सिनर, नोवाक जोकोविच और डेनियल मेदवेदेव जैसे बड़े नाम भी क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने में भी नाकाम रहे। कुछ तो दूसरे और तीसरे दौर में ही विदा हो गए। यह दर्शाता है कि रोलां गैरो की चुनौती केवल प्रतिभा या रैंकिंग के बल पर पार नहीं की जा सकती।

दरअसल, फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट खिलाड़ियों के धैर्य, संयम, एकाग्रता, शारीरिक सामर्थ्य, मानसिक दृढ़ता और तकनीकी कुशलता की कठोर परीक्षा लेता है। यहां गति से कहीं अधिक महत्व धैर्य का है। हार्ड कोर्ट और घास के मैदानों पर अपनी विस्फोटक सर्विस से प्रतिद्वंद्वी को असहाय कर देने वाले खिलाड़ी यहाँ अक्सर एक-एक अंक के लिए संघर्ष करते नजर आते हैं। क्ले कोर्ट पर गेंद टप्पा खाने के बाद अपनी गति खो देती है, रैलियां लंबी हो जाती हैं और अंक जीतने के लिए बार-बार नए अवसर बनाने पड़ते हैं। ऐसे में पैरों की चपलता, कोर्ट कवरेज और मानसिक दृढ़ता ही खिलाड़ी की सबसे बड़ी पूंजी बन जाती है। जहाँ अन्य टूर्नामेंटों में कई मुकाबले अपेक्षाकृत तेजी से समाप्त हो जाते हैं, वहीं फ्रेंच ओपन में पाँच सेट तक चलने वाली थकाऊ लड़ाइयां सामान्य बात हैं। यही कारण है कि यहां केवल कौशल नहीं, बल्कि सहनशक्ति और मानसिक शक्ति भी निर्णायक भूमिका निभाती है। पिछले वर्ष का फाइनल इसका सर्वश्रेष्ठ उदाहरण था, जब यानिक सिनर और कार्लोस अल्काराज़ के बीच ग्रैंड स्लैम इतिहास के सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक खेला गया। जो पांच घटे से भी ज्यादा समय तक चला था। कई बार ऐसा लगा कि मैच सिनर की मुट्ठी में है, लेकिन अल्काराज़ ने असाधारण जुझारूपन दिखाते हुए हार के कगार से वापसी की और अंततः खिताब अपनी झोली में डाल लिया।इस वर्ष भी क्ले कोर्ट का वही निर्मम स्वभाव दिखाई दे रहा है। सिनर कई मौकों पर मैच जीतने की स्थिति में पहुँचने के बावजूद अपनी लय खो बैठे। कुछ क्षणों की एकाग्रता भंग हुई और प्रतिद्वंद्वी ने वापसी का रास्ता खोज लिया। अंतिम सेटों में उनका खेल बिखरता हुआ नजर आया। यह क्ले कोर्ट की सबसे बड़ी ख़ासियत ही यह है कि खिलाड़ी की तकनीक से पहले उसके धैर्य की परीक्षा लेता है। पिछली बार के उपविजेता सिनर इस बार दूसरे दौर में ही चारों खाने चित हो गये।

कमोबेश यही स्थिति पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच के साथ भी देखने को मिली। 39 वर्ष की आयु में भी जिस स्तर का टेनिस वह खेल रहे हैं, वह खेल प्रेमियों को हैरत में डाल देता है। लेकिन उम्र और परिस्थितियों की अपनी सीमाएं होती हैं। इस बार उन्हें एक ऐसे युवा खिलाड़ी ने चुनौती दी, जो उनके करियर की शुरुआत के समय पैदा भी नहीं हुआ था। तीसरे दौर में उन्नीस वर्षीय ब्राजील खिलाड़ी के साथ पाँच सेट तक चले संघर्ष में जोकोविच ने अनुभव, कौशल और इच्छाशक्ति का परिचय दिया, लेकिन निर्णायक क्षणों में उनकी थकान साफ दिखाई दी।

जोकोविच अपने प्रतिद्वंदी फोन्सेका से भले ही तीसरे दौर मे हार गये लेकिन उनमें अभी काफी टेनिस बाकी है। उनके पास अनुभव है, दक्षता है, एकाग्रता है लेकिन सामर्थ्य का अभाव दिखने लगा है। पिछले कुछ समय से देखने में आ रहा है कि वह शुरुआती तीन सेट में जितना बेहतर खेलते हैं, वह लय पांच सेट तक बरकरार नहीं रख पाते। अगर मैच पांच सेट तक खिंच जाता है तो उम्र उनके प्रदर्शन पर हावी हो जाती है। पेरिस की गर्मी, लंबी रैलियां और लगातार शारीरिक दबाव अंततः उन पर भारी रहे। जोकोविच के अलावा मेदवेदेव, बेन शेल्टर, फ्रिट्ज, बबलिक भी बाहर हो चुके हैं। महिला वर्ग में पिछली चैंपियन गाफ भी हार चुकी हैं। यही फ्रेंच ओपन की वास्तविकता है। यहाँ नाम, प्रतिष्ठा और उपलब्धियाँ सम्मान तो दिला सकती हैं, जीत की गारंटी नहीं। क्ले कोर्ट हर खिलाड़ी को नए सिरे से परखता है।

यही कारण है कि टेनिस के इतिहास में अनेक महान खिलाड़ी आए, लेकिन साम्राज्य तो राफेल नडाल जैसा खिलाड़ी ही स्थापित कर सका। नडाल के खाते में फ्रेच ओपन का खिताब चौदह बार दर्ज है , जिस पर विश्वास ही नहीं होता। आज जब एक के बाद एक दिग्गज बाहर हो रहे हैं, तब यह तथ्य और भी स्पष्ट होकर सामने आता है कि रोलां गैरो केवल प्रतिभा का नहीं, बल्कि धैर्य, सहनशक्ति और मानसिक दृढ़ता का भी सर्वोच्च मंच है। यहाँ वही टिकता है जो अंत तक लड़ने की क्षमता रखता है। इस बार यहां नया चैंपियन देखने को मिलेगा क्योंकि पुराना कोई विजेता अब टूर्नामेंट में मौजूद नहीं है।

## मुख्यमंत्री ने शाजापुर जिले को 388 करोड़ रुपए की लागत के 43 विकास कार्यों की दी सौगात

# राज्य सरकार सुशासन के माध्यम से मध्य प्रदेश की प्रगति का मार्ग कर रही प्रशस्त

हरिभूमि न्यूज भोपाल

### मुख्यमंत्री ने शुजालपुर से किया कॉलेज चलो अभियान और महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया का शुभारंभ

### शुजालपुर के सुंदरसी का संबंध पुराने समय में सम्राट विक्रमादित्य से जुड़ता है

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र के गठन के बाद यहां सिर्फ 5 मेडिकल कॉलेज थे, लेकिन हमारी सरकार ने जनहित को सर्वोपरि रखा और पिछले दो साल में ही प्रदेश को 7 नए मेडिकल कॉलेजों की सौगात मिल चुकी है। मप्र में शाजापुर जिले की अपनी एक अलग पहचान रही है। शुजालपुर के सुंदरसी का संबंध पुराने समय में सम्राट विक्रमादित्य से जुड़ता है। शुजालपुर शाजापुर जिले की सबसे सक्षम और संपन्न तहसील है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुजालपुर में आयोजित कॉलेज चलो अभियान और प्रदेश के महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया के शुभारंभ के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने 388 करोड़ रुपए की लागत से 43 विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया। इसके साथ ही 70 करोड़ रुपए की लागत से आयुर्वेदिक महाविद्यालय, चिकित्सालय और 14 करोड़ 37 लाख की लागत से 50 बिस्तरीय आयुष चिकित्सालय का भूमि-पूजन किया।






सीएम ने शुजालपुर में विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया।

### मुख्यमंत्री ने 4 सांदीपनि विद्यालयों का किया लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 122 करोड़ रुपए की लागत से मां शारदा सांदीपनि विद्यालय, महाराणा प्रताप सांदीपनि विद्यालय, मिहिर भोज सांदीपनि विद्यालय और राजा भोज सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम में 14 करोड़ 58 लाख रुपए की लागत से 4 नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का लोकार्पण संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी वर्ष किसानों से 2625 रुपए प्रति क्विंटल गेहूं खरीदा गया। प्रदेश में गेहूं खरीद का नया कीर्तिमान स्थापित हुआ है। हम किसान कल्याण वर्ष की घोषणाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### देश में 25 करोड़ से अधिक लोगों को निकाला जा चुका है गरीबी रेखा से बाहर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार सुशासन के माध्यम से प्रदेश की प्रगति का मार्ग प्रशस्त कर रही है। राज्य के प्रत्येक गरीब, किसान, युवा और महिला सहित सभी वर्गों के जरूरतमंदों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। आज देशभर में 25 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया हैं। यह गर्व का विषय है। आज उज्जैन से लेकर अयोध्या और धार की भोजशाला तक जयकारे गूंज रहे हैं। हमारी सरकार न्यायालय के निर्णय को लागू कराने की प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती है।

### उज्जैन में आरंभ होगा शासकीय होम्योपैथिक महाविद्यालय

मंत्री परमार ने कहा कि एक शासकीय होम्योपैथिक महाविद्यालय उज्जैन में खोला जाएगा। नागरिकों के लिए बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य हमारी सरकार की प्राथमिकता है। मध्यप्रदेश नई शिक्षा नीति को लागू करने वाला देश का अग्रणी राज्य है। शुजालपुर में सड़कों के चौड़ीकरण की आवश्यकता बताई तथा अन्य स्थानीय अपेक्षाओं से डॉ. यादव को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने शुजालपुर में शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय से निकलते हुए आम जनता से मिलने के लिए डेढ़ किमी लंबा रोड शो किया। इस अवसर पर अनेक सामाजिक संस्थाओं ने 50 से अधिक मंचों से मुख्यमंत्री का पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया।

## 'इंदौर ट्रैफिक साथी' मोबाइल एप का किया शुभारंभ

# इंदौर शहर में खोले जाएंगे तीन नए थाने पुलिस बल की कमी भी की जाएगी दूर

**सीएम ने 'डिस्ट्रिक्ट ड्रोन यूनिट' के तहत 18 हाईटेक ड्रोन किए लोकार्पित 10 पुलिस वाहनों को दिखाई हरी झंडी**




हरिभूमि न्यूज भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को इंदौर में 'डिस्ट्रिक्ट ड्रोन यूनिट' का लोकार्पण तथा 'इंदौर ट्रैफिक साथी' मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने 18 अत्याधुनिक हाईटेक ड्रोन्स का और 10 पुलिस वाहनों का लोकार्पण कर इन्हें इंदौर पुलिस के बेड़े में शामिल कराया। यह ड्रोन्स पुलिस की तीसरी आंख के रूप में हर वक्त कानून-व्यवस्था बनाए रखने, यातायात प्रबंधन और निगरानी व्यवस्था को और भी अधिक प्रभावी बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों की मांग पर इंदौर शहर में तीन नए पुलिस थाने खोलने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि पुलिस बल की कमी की पूर्ति भी क्रमबद्ध रूप से की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम हर साल पुलिस विभाग के 22 हजार 500 पदों पर भर्ती कर रहे हैं। हम प्रदेश के हर जिले में पुलिस बैंड की स्थापना भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ड्रोन पुलिस का कान्सेप्ट इंदौर से ही आया है। अब यह एक मिसाल बनेगा। इस अवसर पर मंत्री तुलसीराम सिलावट, पूर्व मंत्री एवं विधायक उषा ठाकुर, महेन्द्र हार्डिया, विधायक रमेश मेंदोला, मालिनी गौड़, मधु वर्मा, मनोज पटेल, राकेश शुक्ला सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं नागरिकगण उपस्थित थे।

### तकनीक से लोगों की तकदीर बदलेंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विज्ञान वास्तव में सुशासन की दिशा में 'लोक कल्याणकारी राज्य' के लिए एक वरदान साबित हो रहा है। मध्यप्रदेश सरकार तकनीक से लोगों की तकदीर बदलने, उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने और लोकसेवा का नया अध्याय लिखने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं 'डिस्ट्रिक्ट ड्रोन यूनिट' और 'इंदौर ट्रैफिक साथी' जैसे नवाचार पुलिस और प्रशासन दोनों को नई ताकत प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज लोकार्पित ड्रोन्स कानून व्यवस्था की स्थापना में पुलिस के लिए सहायक होंगे, वहीं ट्रेफिक साथी ऐप वाहन चालकों के लिए बेहद कारगर साबित होगा। इस एप के जरिए वाहन चालक पार्किंग की बेहतर लोकेशन जान सकेंगे।

## 6.77 करोड़ मूल्य का तेंदूपत्ता जलकर हुआ नष्ट

# तेंदूपत्ता गोदाम में आग मामले में दो वनरक्षकों को किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज बीजापुर

ईटपाल स्थित तेंदूपत्ता गोदाम में 25 मई 2026 को भीषण अग्निकांड हुआ था। इस घटना में लगभग 6.77 करोड़ रुपये मूल्य का तेंदूपत्ता जलकर नष्ट हो गया। वन विभाग ने पहली कार्रवाई करते हुए दो वनरक्षकों को निलंबित किया है। वनमंडलाधिकारी बीजापुर ने गोदाम सहायक सुनील बुरका को निलंबित कर दिया है। वनरक्षक कामेश्वर एनका के निलंबन का प्रस्ताव इंद्रावती टाइगर रिजर्व के उप निदेशक को भेजा गया है। वनक्षेत्रपाल और उपवनक्षेत्रपाल स्तर के गोदाम प्रभारियों पर कार्रवाई की अनुशंसा भी उच्च कार्यालय को भेजी गई है। नुकसान की भरपाई के लिए दावा प्रक्रिया शुरू की है।




### अफसरों पर कब होगी कार्रवाई

स्थानीय लोगों ने घटना के आठ दिन बाद भी बड़े अधिकारियों पर कार्रवाई न होने पर सवाल उठाए हैं। बड़े नियंत्रणकर्ता अधिकारियों और गोदाम प्रभारियों को बचाने की कोशिश की जा रही है। लोगों के अनुसार, घटना के तीसरे दिन ही डीएफओ को हटा दिया गया था। लेकिन आठ दिन बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। जांच टीम भी मौके पर नहीं पहुंची है।

## विधायक के साथ राज्य कर्मचारी संघ की बैठक

# विधायक सबनानी ने कहाः कर्मियों की जायज मांगों का अधिकारी जल्द करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज भोपाल

मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश कार्यालय तुलसी नगर में संघ की जिला इकाई भोपाल के पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में विधायक भगवान दास सबनानी, संघ के प्रदेशाध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव, प्रदेश महामंत्री जितेंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में कर्मचारियों की लंबित मांगों सहित समस्याओं पर चर्चा की गई।

बैठक में विधायक सबनानी ने आयुष विभाग के समयमान, लोक निर्माण विभाग के समयमान के लिए अधिकारयों को निर्देश दिए। साथ ही शिक्षा विभाग के विकलांग भत्ता के लिए हेड चेंज करने, अर्जित अवकाश के एरियर आदि के निराकरण हेतु अधिकारियों से फोन पर चर्चा कर शीघ्र निराकरण करने को कहा। बैठक में जिले की कार्यकारिणी द्वारा वर्तमान मे टीईटी परीक्षा हेतु केंद्र कार्यकारिणी के माध्यम से केंद्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से चर्चा हेतु समय लेकर निराकरण का प्रस्ताव दिया गया। जिला अध्यक्ष जितेंद्र शाक्य एवं जिला सचिव शिवेंद्र चौहान ने जिला संगठन में जिला उपाध्यक्ष के दायित्व के लिए राकेश धनगर शिक्षक कार्यालय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ईंटखेड़ी को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।



कर्मचारियों से चर्चा करते विधायक सबनानी।

## विलीनीकरण आंदोलन स्वतंत्रता के बाद का एक महत्वपूर्ण अध्याय

**भोपाल।** आज भोपाल गौरव दिवस मनाया जाएगा। यह दिन भोपाल की आजादी को लेकर मनाया जाता है। जब पूरे देश में आजादी का जश्न बनाया जा रहा था तब भोपाल में सन्नाटा पसरा हुआ था। इसे असली आजादी देश की स्वतंत्रता के 2 साल बाद 1 जून 1949 को मिली व 659 दिन बाद तिरंगा फहराया जा सका। यह बात भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने भोपाल गौरव दिवस को याद करते हुए कही। महापौर रहते हुए मैंने पार्षदों के बीच यह बात रखी कि हमें 'भोपाल गौरव दिवस' के रूप में मनाना चाहिए। नगर परिषद ने भोपाल विलीनीकरण दिवस को 'भोपाल का गौरव दिवस' के रूप में मनाने का संकल्प पारित किया।

## कैलाश सारंग पार्क में होगा प्रतिमा का अनावरण

# भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप है त्रिभाषा फॉमूला

**नई दिल्ली** । राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत तीन भाषा नीति एक संतुलति, समावेशी एवं भविष्य को ध्यान में रखते हुए किया गया महत्वपूर्ण सुधार है।

त्रिभाषा फॉमूले के संबंध में फैलाई जा रही सूचनाएं तथ्यहीन एवं भ्रामक हैं। यह बात भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय संगठन मंत्री श्री बी. आर. शंकरानंद ने कही। वे भारतीय शिक्षण मंडल की अखिल भारतीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय अध्यक्ष श्री सच्चिदानंद जोशी भी उपस्थित थे। स्व. कैलाश नारायण सारंग का संपूर्ण जीवन सेवा, संस्कार, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरणादायी उदाहरण रहा है। उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने और परिवार एवं समाज में वरिष्ठजनों के प्रति सम्मान की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से यह आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। तीन जून को नरेला विधानसभा के वार्ड 38 स्थित कैलाश सारंग पार्क एकतापुरी में स्व. कैलाश नारायण सारंग की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। कार्यक्रम में भजन संध्या एवं विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिक एवं समाजजन सहभागी होंगे।

## अधिकारियों को दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

# इंदौर के संकटग्रस्त वार्डों में विशेष जलापूर्ति योजना की जाए लागू

**जल संकट की स्थिति पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ली बैठक**

हरिभूमि न्यूज भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को इंदौर स्थित संभागायुक्त कार्यालय पहुंचकर शहर में उत्पन्न जल संकट की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की तथा अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि 24×7 जल नियंत्रण कक्ष के माध्यम से प्रतिदिन सुबह एवं शाम जलापूर्ति की समीक्षा की जाए। संकटग्रस्त वार्डों में विशेष जलापूर्ति योजना लागू कर प्रभावित क्षेत्रों को प्राथमिकता के आधार पर राहत प्रदान की जाए।

बैठक में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, विधायक गोलू शुक्ला, विधायक मालिनी गौर, विधायक मधु वर्मा, महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि नल से जल सप्लाई के समय में असमानता और विसंगतियों को तत्काल दूर किया जाये। साथ ही सभी क्षेत्रों में संतुलित जल वितरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने शासकीय महाविद्यालयों, छात्रावासों तथा अन्य आवासीय संस्थानों में जल उपलब्धता की विशेष चिंता करने के निर्देश दिए। साथ ही जल चोरी करने वालों एवं मोटरों के माध्यम से अवैध रूप से पानी खींचने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई करने को कहा।



### जल टंकियों का पूर्ण क्षमता से उपयोग सुनिश्चित करें

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि शहर की बड़ी जल टंकियों का पूर्ण क्षमता से उपयोग सुनिश्चित किया जाए। निजी एवं नगर निगम के टैंकरों की मिनट-टू-मिनट मॉनिटरिंग की जाए। पाइपलाइन लीकेज एवं वितरण हानि को तत्काल सुधारकर जल की बर्बादी रोकी जाए। इउन्होंने कहा कि भोपाल से वरिष्ठ अपर मुख्य सचिव स्तर के अधिकारी पूर्व में भी इंदौर का दौरा कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों और नागरिक समितियों के साथ नियमित संवाद तथा समन्वय बनाए रखने तथा जल संकट की स्थिति से संबंधित जानकारी एवं प्रतिवेदन मुख्यमंत्री कार्यालय को निरंतर उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

## कुछ बोलने से पहले पटवारी आत्ममंथन करेंः डॉ. बाजपेई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के शुजालपुर में दिये बयान को लेकर प्रदेश की राजनीति में जारी बयानबाजी के बीच भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता डॉ हितेश बाजपेई ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर पलटवार किया है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कांग्रेस नेतृत्व पर जनादेश का सम्मान नहीं करने का आरोप लगाया। डॉ बाजपेई ने कहा कि चुनाव हारना और जनता के फैसले को लगातार नकारना दो अलग-अलग बातें हैं। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का उदाहरण देते हुए लिखा कि अटल जी चुनाव हारे, लेकिन उन्होंने कभी जनता के निर्णय पर सवाल नहीं उठाए। वहीं कांग्रेस नेताओं पर हार के बाद जनादेश को स्वीकार न करने और चुनी हुई सरकारों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि किसान का बेटा होना गर्व की बात है, लेकिन किसानों के नाम पर राजनीति करना उचित नहीं है। उन्होंने दावा किया कि मप्र की जनता ने 2023 के विस चुनाव में अपना फैसला स्पष्ट रूप से दिया था और वर्ष 2028 में भी वही जनता अपना निर्णय करेगी।



डॉ. बाजपेई

## गौरेला थाना क्षेत्र की सनसनीखेज घटना

# विधवा महिला से उसके दो देवरों ने किया दुष्कर्म, पुलिस कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज पेंड्रा

गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले से रिश्ते को शर्मसार कर देने वाला एक मामला सामने आया है, जहां विधवा महिला से उसी के दो देवरों ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह घटना गौरेला थाना क्षेत्र की है।जानकारी के अनुसार, पीड़ित महिला के पति का निधन करीब दस साल पहले हो गया था। पति की मौत के बाद महिला घर में अकेली थी। इसी का फायदा उठाते हुए महिला के रिश्ते में लगने वाले दो देवरों ने अलग-अलग समय पर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि उसने पहले भी इस घटना की रिपोर्ट लिखाने और कानूनी कार्रवाई के लिए काफी कोशिश की थी।

### शिकायत करने के बाद अन्यत्र चली गई थी पीड़िता

मामले में गौरेला के थाना प्रभारी शानिप रात्रे ने बताया कि पीड़ित महिला द्वारा आवेदन देने के बाद वे करीब एक साल के लिए किसी अन्य स्थान पर चली गई थीं। उनके द्वारा जो मोबाइल नंबर उपलब्ध कराया गया था वो भी लगातार गलत या बंद आ रहा था, इसके कारण पुलिस उनसे संपर्क नहीं कर पा रही थी। अब उनके वापस आने पर तत्काल दोनों मामले दर्ज किए गए हैं। मामला दर्ज कर जांच में जुटी पुलिसः इस मामले में भारतीय न्याय संहिता के तहत दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 64 (दुष्कर्म) के तहत दो अलग-अलग अपराध दर्ज किए गए हैं। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि पीड़ित महिला की शिकायत अनुसार दोनों घटनाएं अलग-अलग व्यक्तियों द्वारा, अलग समय और अलग परिस्थितियों में की गई थीं, अतः कानूनी रूप से दो पृथक मामले दर्ज करना आवश्यक था।

## चिंतन

# अडियल रुख ने खटाई में डाली शांति वार्ता

अमेरिका और ईरान के अडियल रुख ने पश्चिम एशिया वार्ता को एक बार फिर खटाई में डाल दिया है। मुश्किल यह है कि दोनों ही देश खुद को जीता हुआ दिखाना चाहते हैं। यह वार्ता जब कुछ आगे बढ़ती है तो दोनों ही देशों के रुख के कारण जल्द ही ठप हो जाती है। एक माह से भी अधिक समय हो गया है। छिटपुट घटनाओं को छोड़ दें तो दोनों ही देश युद्ध विराम पर सहमत हैं, लेकिन मुश्किल होर्मुज को लेकर है, जिसकी वजह से पूरी दुनिया ऊर्जा संकट से जूझ रही है। भारत समेत कई देशों में ऊर्जा संकट बढ़ने से पेट्रोल, डीजल और गैस के दाम बढ़ रहे हैं। धीरे-धीरे इसका प्रभाव और बढ़ता जा रहा है। इसके कारण पूरी दुनिया परेशान है। क्रूड की कीमतें अभी उच्चस्तर पर बनी हुई हैं। आपूर्ति संकट ने चालू बाजार में तेल की कीमतें बढ़ाई हुई हैं। ऐसा नहीं है कि पेट्रोल डीजल की बढ़ी कीमतों से अमेरिका को नुकसान नहीं हो रहा है। अमेरिका में पेट्रोल (गैसोलीन) की वर्तमान राष्ट्रीय औसत कीमत लगभग 4.39 डॉलर प्रति गैलन (लगभग 96 रुपये प्रति लीटर) हैं। पश्चिम एशिया एक बार फिर ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां युद्ध और शांति के बीच की दूरी बेहद कम दिखाई दे रही है। अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव ने न केवल क्षेत्रीय स्थिरता को प्रभावित किया है, बल्कि पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था और ऊर्जा सुरक्षा को भी चुनौती के सामने खड़ा कर दिया है। पिछले एक महीने से अधिक समय से दोनों देशों के बीच प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष वार्ताओं का दौर चल रहा है, लेकिन ठोस नतीजे सामने नहीं आ पाए हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह दोनों पक्षों का अडियल रवैया और अपनी-अपनी शर्तों पर समझौता कराने की जिद है। हालांकि हाल के सप्ताहों में बड़े सैन्य टकराव नहीं हुए हैं और दोनों देश युद्धविराम जैसे माहौल को बनाए रखने में सफल रहे हैं, लेकिन इससे स्थायी शांति की उम्मीद नहीं बंधती। असली विवाद होर्मुज जलडमरूमध्य और उससे जुड़े सुरक्षा तथा आर्थिक मुद्दों को लेकर है। दुनिया के कुल समुद्री तेल व्यापार का बड़ा हिस्सा इसी मार्ग से होकर गुजरता है। ऐसे में यहां किसी भी प्रकार का तनाव वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित करता है। वर्तमान संकट का असर पहले ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में दिखाई दे रहा है, जहां कच्चे तेल की कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी हुई हैं। ऊर्जा संकट का सबसे अधिक प्रभाव विकासशील देशों पर पड़ रहा है। भारत जैसे आयात-निर्भर देशों में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों पर दबाव बढ़ा है। परिवहन लागत बढ़ने से महंगाई का खतरा भी बढ़ जाता है, जिसका असर आम लोगों की जेब पर पड़ता है। यही कारण है कि यूएस-ईरान तनाव अब केवल दो देशों का द्विपक्षीय मुद्दा नहीं रह गया है, बल्कि यह वैश्विक आर्थिक स्थिरता का प्रश्न बन चुका है। वहीं, अमेरिका में नवंबर में होने वाले चुनाव से पहले ही राष्ट्रपति ट्रंप अपनी पार्टी रिपब्लिकन को जीत की खबर देना चाहते हैं। यही ईरान के साथ वार्ता का जोखिम भरा बिंदू भी है। ट्रंप हर प्रस्ताव को इसी पैमाने पर तौलते हैं। उन्हें हर बार इसके लिए कुछ और चाहिए होता है, जिसके कारण हर बार वार्ता खटाई में पड़ जाती है। देखा जाए तो ट्रंप जैसा समझौता चाहते हैं वैसे में सहमति बनने में कई माह लग सकते हैं। अब सबसे पहले होर्मुज और जरूरी मुद्दों पर सहमति बनाकर हालात सामान्य किए जाएं। इसके बाद समय लेकर जटिल मुद्दे सुलाझाएं जाएं तो यह काफी हद तक तर्कसंगत हो सकता है।

## मंथन

नृपेन्द्र अभिषेक नृप



# क्या सुरक्षित हैं हमारी राष्ट्रीय परीक्षाएं?

देश में इन दिनों एक बार फिर राष्ट्रीय परीक्षाओं की विश्वसनीयता चर्चा के केंद्र में है। पहले नीट-यूजी के प्रश्नपत्र लीक और परीक्षा प्रबंधन को लेकर उठे विवादों ने लाखों विद्यार्थियों और अभिभावकों को चिंतित किया था। इसके बाद सीबीएसई की डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली में तकनीकी गड़बड़ियों की खबरें सामने आईं। अब विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली सीयूईटी-यूजी परीक्षा में तकनीकी समस्याओं और परीक्षा केंद्रों पर अव्यवस्थाओं ने इस चिंता को और गहरा कर दिया है। इन घटनाओं ने केवल कुछ परीक्षाओं की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न नहीं लगाया है, बल्कि उस पूरे तंत्र की विश्वसनीयता को चुनौती दी है, जिस पर करोड़ों युवाओं के सपने और भविष्य आधारित हैं। आज प्रश्न केवल यह नहीं है कि किसी परीक्षा में तकनीकी त्रुटि क्यों हुई, बल्कि यह है कि क्या भारत की परीक्षा व्यवस्था तेजी से बदलती तकनीकी दुनिया के अनुरूप स्वयं को पर्याप्त रूप से तैयार कर पा रही है। भारत को युवाओं का देश कहा जाता है। यहां हर वर्ष करोड़ों विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेते हैं। इन परीक्षाओं का महत्व केवल नौकरी या प्रवेश तक सीमित नहीं होता, बल्कि ये सामाजिक गतिशीलता, अवसरों की समानता और प्रतिभा के सम्मान का माध्यम भी होती हैं। ऐसे में जब किसी परीक्षा की निष्पक्षता पर संदेह उत्पन्न होता है, तो उसका प्रभाव केवल परिणामों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह युवाओं के मनोबल, व्यवस्था के प्रति विश्वास और लोकतांत्रिक संस्थाओं की साख पर भी पड़ता है। यही कारण है कि हाल के वर्षों में बार-बार सामने आ रही परीक्षा संबंधी समस्याएं एक गंभीर राष्ट्रीय चिंता का विषय बन गई हैं। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) की स्थापना वर्ष 2017 में इस उद्देश्य से की गई थी कि देश की प्रमुख प्रवेश परीक्षाओं का संचालन अधिक पेशेवर, पारदर्शी और त्रुटिरहित ढंग से किया जा सके। इसके माध्यम से जेईई, नीट, सीयूईटी जैसी महत्वपूर्ण परीक्षाओं को एक सुव्यवस्थित ढांचे के अंतर्गत लाने का प्रयास किया गया। प्रारंभिक वर्षों में यह व्यवस्था अपेक्षाकृत सफल भी दिखाई दी। डिजिटल तकनीक के उपयोग, ऑनलाइन परीक्षाओं और केंद्रीकृत प्रबंधन ने प्रक्रिया को आधुनिक बनाने में मदद की। किंतु समय के साथ अनेक विवादों और तकनीकी चुनौतियों ने यह संकेत दिया कि केवल संस्थागत ढांचा बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसकी कार्यकुशलता और जवाबदेही भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। सीयूईटी-यूजी परीक्षा में सामने आई तकनीकी समस्याएं इसी व्यापक संकट का हिस्सा हैं। कई केंद्रों पर सर्वर संबंधी दिक्कतें, कंप्यूटरों की खराबी, लॉगिन में विलंब तथा परीक्षा संचालन में बाधाएं देखने को मिलीं। डिजिटल परीक्षा प्रणाली का मूल उद्देश्य मानवीय त्रुटियों को कम करना और प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाना था, लेकिन जब तकनीक स्वयं समस्या का कारण बन जाए तो विद्यार्थियों के लिए यह दोहरी चुनौती बन जाती है। परीक्षा के दौरान कुछ मिनटों का व्यवधान भी किसी अभ्यर्थी के प्रदर्शन को प्रभावित कर सकता है। ऐसे में यह प्रश्न स्वाभाविक है कि क्या तकनीकी अवसंरचना को पर्याप्त रूप से परखा और मजबूत किया गया था। समस्या का दूसरा महत्वपूर्ण आयाम परीक्षा के बढ़ते डिजिटलीकरण से जुड़ा है। डिजिटल तकनीक निस्संदेह आधुनिक परीक्षा प्रणाली की आवश्यकता है, किंतु इसके साथ अनेक जोखिम भी जुड़े हैं। साइबर सुरक्षा, डेटा संरक्षण, सर्वर क्षमता, नेटवर्क स्थिरता और आपदा प्रबंधन जैसी चुनौतियां लगातार बढ़ रही हैं। भारत जैसे विशाल देश में, जहां लाखों विद्यार्थी एक साथ परीक्षा देते हैं, वहां किसी भी तकनीकी विफलता का प्रभाव बहुत व्यापक हो सकता है। इसलिए केवल तकनीक अपनाना पर्याप्त नहीं है; उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण उसका सुरक्षित, विश्वसनीय और निरंतर परीक्षण किया हुआ होना है। नीट, सीबीएसई या सीयूईटी जैसे विवाद केवल अलग-अलग घटनाएं नहीं हैं। ये उस गहरे संस्थागत संकट के संकेत हैं, जो परीक्षा प्रणाली के विभिन्न स्तरों पर मौजूद कमजोरियों को उजागर कर रहे हैं। आवश्यकता केवल तात्कालिक संकट प्रबंधन की नहीं, बल्कि दीर्घकालिक संरचनात्मक सुधारों की है। ऐसी परीक्षा व्यवस्था का निर्माण करना होगा जिसमें तकनीक सहायक बने, बाधा नहीं; प्रशासन जवाबदेह हो, उदासीन नहीं; और सबसे बढ़कर, विद्यार्थियों को यह विश्वास हो कि उनकी सफलता का आधार केवल उनकी प्रतिभा, परिश्रम और योग्यता है। जब यह विश्वास स्थापित होगा, तभी परीक्षा वास्तव में ज्ञान और क्षमता की परीक्षा होगी, न कि व्यवस्था पर भरोसे की।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## मुद्दा

मनोज कुमार अग्रवाल

देश में जिस तरह की सांप्रदायिक नफरत और प्रतिशोध से भरी वारदातें सामने आती हैं उस से लगता है कि इन वारदातों के पीछे कोई ऐसी पूरी सुनियोजित साजिश रहती है जो नफरत और खूनी दरिंदगी भरी मानसिकता का बीजारोपण करती है। पिछले कुछ समय में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और इस से सटे उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में ऐसी कई बर्बरता भरी वारदातों को अंजाम दिया जा चुका है, जिनसे लगता है कि कानूनी सख्ती के बावजूद दरिंदों में पुलिस और कानून का रंचमात्र भी भय नहीं है। हाल ही में गाजियाबाद के खोड़ा थाना क्षेत्र में बकरीद के दिन एक 17 वर्षीय हिंदू किशोर, सूर्या चौहान की उसके ही पूर्व परिचित मुस्लिम दोस्तों ने बेरहमी से चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी।

# जहरीली मानसिकता कहां से जन्म ले रही

देश के कई इलाकों में जिस तरह की सांप्रदायिक नफरत और प्रतिशोध से भरी वारदातें सामने आती हैं उस से लगता है कि इन वारदातों के पीछे कोई ऐसी पूरी सुनियोजित साजिश रहती है जो नफरत और खूनी दरिंदगी भरी मानसिकता का बीजारोपण करती है पिछले कुछ समय में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और इस से सटे उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में ऐसी कई बर्बरता भरी वारदातों को अंजाम दिया जा चुका है, जिनसे लगता है कि कानूनी सख्ती के बावजूद दरिंदों में पुलिस और कानून का रंचमात्र भय नहीं है। ताज़ा घटनाक्रम में गाजियाबाद से एक बेहद सनसनीखेज और कलेजा कंपा देने वाला मामला सामने आया है। यहां खोड़ा थाना क्षेत्र में बकरीद के दिन एक 17 वर्षीय हिंदू किशोर, सूर्या चौहान की उसके ही पूर्व परिचित मुस्लिम दोस्तों ने बेरहमी से चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी। इस खौफनाक वारदात को अंजाम देने से ठीक पहले कट्टरपंथी हमलावरों ने पीड़ित से पूछा, "क्या तुमने कभी बकरा हलाल होते देखा है? आज तुझे दिखाते हैं।"आरोप है कि यह कहते ही उन्होंने सूर्या पर ताबड़तोड़ चाकुओं से हमला कर दिया। नोएडा के फोर्टिस अस्पताल में इलाज के दौरान तड़प-तड़प कर इस हिंदू लड़के ने दम तोड़ दिया। पुलिस की प्राथमिकी इस पूरी खौफनाक साजिश की गवाही दे रही है। पुलिस ने रविवार के तड़के मुख्य आरोपी असद को मुठभेड़ में ढेर कर दिया है इस से पहले 3 नामजद आरोपितों को गिरफ्तार किया और 2 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया ।

बता दें मृतक सूर्या चौहान मूल रूप से एटा का रहने वाला था। वह नवनीत विहार, खोड़ा में अपनी मां, बड़े भाई यश चौहान और छोटी बहन के साथ रहता था। उसके पिता कौशलेंद्र की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। सूर्या 11वीं कक्षा का छात्र था। जानकारी के मुताबिक, करीब 8 महीने पहले सूर्या का पड़ोस में रहने वाले असद नाम के युवक से किसी बात पर मामूली विवाद हुआ था। इसी पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए असद ने बकरीद के पवित्र दिन को चुना। 28 मई की दोपहर को असद ने सूर्या को फोन किया। उसने सूर्या को बकरीद की पार्टी के बहाने मिलने के लिए चौधरी स्कूल के पास वाली गली नंबर 2 में बुलाया। सूर्या अपने दोस्त आयुष और विक्की के साथ असद से मिलने पहुंचा था। विक्की और आयुष ने आंखों देखा हाल बताते हुए बेहद चौंकाने वाला खुलासा किया। विक्की ने बताया कि जैसे ही वे गली में पहुंचे, वहां पहले से ही असद, नवाब, फरहान, आतिफ और सारिक समेत 5 से 6 मुस्लिम युवक हथियारों के साथ घात लगाकर बैठे थे बताया जा रहा है कि आते ही उन्होंने सूर्या को चारों तरफ से दबोच लिया। इसके बाद उन्होंने सांप्रदायिक और हिंसक टिप्पणी करते हुए पूछा कि क्या कभी बकरा हलाल होते देखा है? चश्मदीदों के मुताबिक, आरोपितों ने चिल्लाते हुए कहा कि आज बकरीद है और आज कुर्बानी इस हिंदू लड़के की देंगे। यह कहते ही सभी आरोपितों ने सूर्या पर बड़े चाकुओं से हमला बोल दिया। उन्होंने सूर्या के पेट, सीने और शरीर के अन्य हिस्सों पर ताबड़तोड़ कई वार किए। हमला इतना बर्बर था कि चाकुओं की गोदने की वजह से सूर्या की आंतें तक बाहर आ गईं। मौके पर चीख-पुकार और शोर मच गया। खोड़ा नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष रीना भाटी और विभिन्न हिंदू संगठनों के लोग तुरंत मौके पर जमा हो गए मृतक के भाई यश चौहान द्वारा दी गई तहरीर जानलेवा हमला कर हत्या करने के प्रयास के संबंध में दर्ज कराई गई थी। प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि 28 मई को दोपहर करीब 3:30 बजे शिकायतकर्ता का भाई सूर्या अपने दोस्त आयुष (पुत्र मनोज भारती, निवासी नवनीत विहार, खोड़ा) के साथ जा रहा था। तभी खोड़ा की शर्मा डेरी वाली गली में लोकप्रिय विहार का रहने वाला अशद (पुत्र नवाब) मिला।अशद ने अचानक सूर्या के साथ गाली-गलौज करते हुए झगड़ा शुरू कर दिया और फिर जान से मारने की नीयत से उसके पेट में चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस जानलेवा हमले में सूर्या गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके बाद उसे इलाज के लिए नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित पक्ष ने पुलिस से इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। घटना स्थल पर मौजूद हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं में इस हत्या को लेकर गहरा आक्रोश है। उन्होंने योगी सरकार और स्थानीय प्रशासन से माँग की है कि सभी फरार आरोपितों को जल्द से जल्द पकड़ा जाए। हिंदू समाज का कहना है कि यह केवल दो गुटों की लड़ाई नहीं, बल्कि बहुसंख्यक समाज की सुरक्षा पर सीधा प्रहार है। विभिन्न संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि मुख्य आरोपित असद समेत सभी दोषियों के घरों पर तुरंत बुलडोजर नहीं चलाया गया और उन्हें सख्त सजा नहीं मिली, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। फिलहाल पुलिस स्थिति को नियंत्रण में बता रही है और मुख्य आरोपित की तलाश में लगातार दबिश दे रही है।




यूपी के गाजियाबाद और इस से सटे राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के आस-पास के क्षेत्रों में हत्या के कुछ हालिया मामलों में मुस्लिम समुदाय से जुड़े आरोपियों के नाम सामने आए हैं। हालांकि, पुलिस जांच और आधिकारिक रिपोर्टों में इन घटनाओं को सुनियोजित या समुदाय-विशिष्ट घृणा के बजाय मुख्य रूप से आकस्मिक विवादों, पुरानी दुश्मनी या आपसी रंजिश का परिणाम बताया गया है। दो माह पहले जेजे कालोनी उत्तम नगर की नृशंसता भरी वारदात याद होगी यहां हिन्दू त्योहार होली के दिन रंग-बिरंगे पानी के छींटे पड़ने और गुब्बारा लगने को लेकर दो समुदाय से जुड़े परिवारों के बीच विवाद हुआ था। इस घटना में 26 वर्षीय तरुण कुमार की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस मामले में हत्या का केस दर्ज कर कई आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इसी दिन यानि होली के दिन ही सिगरेट के विवाद में सूरज नामक 26 वर्षीय हिंदू युवक की हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में सादिक नामक आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की। सवाल यह है कि इस तरह की दरिंदगी और बर्बरता की सोच को कौन उकसा रहा है? बकरीद से दो दिन पहले ही गाजियाबाद से सटे हापुड़ जनपद के पिलखुवा में एक शनिदेव प्रतिमा को एक समुदाय विशेष के एक जेहादी ने तोड़ दिया बाद में सीसीटीवी कैमरे के जरिए मिले सबूत से पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। इन दिनों सोशल मीडिया पर भी मनमानी घृणा और विद्वेष की बातें बहुलता से वायरल हो रहीं हैं यह एक स्वस्थ समाज की संरचना को तोड़ रहा है और परस्पर जहरीली सोच तैयार कर रहा है सरकार को गंभीरता से सख्त कदम उठाने चाहिए और इस जहर की फसल को बीजनाश करनी चाहिए ।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# शिव कोई नाम नहीं है



संकलित

**दर्शन**

मनुष्य की प्रकृति को समझने, हर तरह के मनुष्य के लिए एक रास्ता खोजने के अर्थ में, यह वाकई एक शाश्वत या हमेशा बना रहने वाला योगदान है। यह उस युग का या उस युग के लिए योगदान नहीं है। सृष्टि का अर्थ है कि जो कुछ नहीं था, वह एक-दूसरे से मिलकर कुछ बन गया। उन्होंने इस सृष्टि को खोलकर एक शून्य की स्थिति में लाने का तरीका खोजा। इसीलिए हमने उन्हें शिव नाम दिया। इसका अर्थ है 'वह जो नहीं है'। जब 'वह जो नहीं है', कुछ या 'जो कुछ है' बन गया, तो हमने उस आयाम को ब्रह्म कहा। शिव को यह नाम इसलिए दिया गया, क्योंकि उन्होंने एक तरीका, एक विधि नहीं, बल्कि हर संभव तरीका बताया कि चरम मुक्ति को कैसे पाएं, जिसका अर्थ है, कुछ से कुछ नहीं तक जाना। शिव कोई नाम नहीं हैं, वह एक वर्णन है। जैसे यह कहना कि कोई डाक्टर है, वकील है या इंजीनियर है, हम कहते हैं कि वह शिव हैं, जीवन को शून्य बनाने वाले। इसे जीवन के विनाशकर्ता के रूप में थोड़ा गलत समझ लिया गया, लेकिन वह भी सही है। बात मात्र यह है कि जब आप 'विनाशकर्ता' शब्द का इस्तेमाल करते हैं, तो लोग उसे बुरा समझ लेते हैं। अगर किसी ने 'मुक्तिदाता' कहा होता तो उसे अच्छा माना जाता। धीरे-धीरे 'शून्य करने वाला', 'विनाशकर्ता' बन गया और लोग यह सोचने लगे कि वह बुरे हैं। आप उन्हें कुछ भी कहिए, उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता- बुद्धिमत्ता की प्रकृति यही है। अगर आपकी बुद्धिमत्ता एक ऊंचाई पर पहुंच जाती है, तो आपको किसी नैतिकता की जरूरत नहीं होगी।

# जीवन में गुरु की आवश्यकता क्यों?




संकलित

**प्रेरणा**

एक गाय घास चरने के लिए एक जंगल में चली गई। शाम ढलने के करीब थी। उसने देखा कि एक बाघ उसकी तरफ दबे पांव बढ़ रहा है। वह डर के मारे इधर-उधर भागने लगी। वह बाघ भी उसके पीछे दौड़ने लगा। दौड़ते हुए गाय को सामने एक तालाब दिखाई दिया। घबराई हुई गाय उस तालाब के अंदर घुस गई। वह बाघ भी उसका पीछा करते हुए तालाब के अंदर घुस गया। तब उन्होंने देखा कि वह तालाब बहुत गहरा नहीं था। उसमें पानी कम था और वह कीचड़ से भरा हुआ था। उन दोनों के बीच की दूरी काफी कम हुई थी। लेकिन अब वह कुछ नहीं कर पा रहे थे। वह गाय उस किचड़ के अंदर धीरे-धीरे धंसने लगी। वह बाघ भी उसके पास होते हुए भी उसे पकड़ नहीं सका। वह भी धीरे-धीरे कीचड़ के अंदर धंसने लगा। दोनों भी करीब करीब गले तक उस कीचड़ के अंदर फस गए। दोनों हिल भी नहीं पा रहे थे। गाय के करीब होने के बावजूद वह बाघ उसे पकड़ नहीं पा रहा था। थोड़ी देर बाद गाय ने उस बाघ से पूछा, क्या तुम्हारा कोई गुरु या मालिक है? बाघ ने गुर्राते हुए कहा, मैं तो जंगल का राजा हूं। मेरा कोई मालिक नहीं। मैं खुद ही जंगल का मालिक हूं। गाय ने कहा, लेकिन तुम्हारे उस शक्ति का यहां पर क्या उपयोग है? उस बाघ ने कहा, तुम भी तो फस गई हो और मरने के करीब हो। तुम्हारी भी तो हालत मेरे जैसी है। गाय ने मुस्कुराते हुए कहा, बिलकुल नहीं। मेरा मालिक जब शाम को घर आएगा और मुझे वहां पर नहीं पाएगा तो वह ढूंढते हुए यहां जरूर आएगा और मुझे इस कीचड़ से निकाल कर अपने घर ले जाएगा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### प्रदूषण व जमाखोरी से देश को बचाएंगे पॉलीमर नोट

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा देश में प्लास्टिक अर्थात पॉलीमर नोटों को प्रचलन में लाने की दिशा में किए जा रहे प्रयास न केवल भारतीय मुद्रा व्यवस्था के आधुनिकीकरण की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण तथा नकली मुद्रा पर प्रभावी नियंत्रण की दृष्टि से भी ऐतिहासिक साबित हो सकते हैं। यदि यह योजना व्यापक स्तर पर लागू होती है, तो इसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम सामने आ सकते हैं। आरबीआई पिछले एक दशक से पॉलीमर नोटों के प्रचलन की संभावनाओं पर विचार कर रहा है और इस परियोजना पर निरंतर कार्य भी किया जा रहा है। इसके अंतर्गत नोट छापने वाली इकाइयों से लेकर एटीएम मशीनों तक को नई व्यवस्था के अनुरूप तैयार करने की दिशा में प्रयास किए गए हैं। *– संतोष वर्मा, दुर्ग*

## ट्रेंड

### जहां जरूरी होगा कार्रवाई करेंगे



जमीन, भूमि एवं विकास कार्यालय (एल एंड डीओ) की एक विशेषता है। स्वतंत्रता से पहले भी एल एंड डीओ को जमीन हस्तांतरित की जाती रही है। चूंकि उस समय दिल्ली में राज्य सरकार नहीं थी, इसलिए केंद्र सरकार जमीन की मालिक बनी। अब जहां जरूरी होगा कार्रवाई की जाएगी। **-मनोहर लाल,** केंद्रीय मंत्री

### मैं जनता का पहला सेवक



मेरी राजनीति भी मेरे सूट की तरह ब्लैक एंड व्हाइट होगी। ये रंग साफ सोच और बिना किसी भ्रम के फैसले लेने का संदेश देते हैं। इतने सालों से आपको धोखा देने वालों को छोड़कर आपने भाई को चुना। मैं खुद को मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि जनता का पहला सेवक मानता हूं। **-विजय थलापति,** सीएम, तमिलनाडु

### राज्य में अराजकता फैली



कुछ विधायकों और सांसदों को डराने-धमकाने या रिश्वत देकर टीएमसी को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। जो लोग टीएमसी छोड़कर गए हैं, उनके जाने से पार्टी का भला ही हुआ है। राज्य में अराजकता पूरी तरह से फैली हुई है। **-ममता बनर्जी,** पूर्व सीएम, बंगाल

### रोजगार के लिए कदम उठा रहे



मेरा सपना गरीबी-मुक्त समाज देखना है। मैं हमेशा बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के बारे में सोचता हूं। विभिन्न श्रेणियों के तहत दी जाने वाली पेंशन बढ़ाकर 15,000 रुपये प्रतिमाह तक कर दी है। सरकार रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए कदम उठा रही है। **-एन. चंद्रबाबू नायडू,** सीएम, आंध्र प्रदेश

## करंट अफेयर

# ब्रिटेन में भारतीय कर्मी को बकाया वेतन देने का आदेश



ब्रिटेन में रोजगार न्यायाधिकरण ने भारतीय देखभाल कर्मी को 28,000 पाउंड से अधिक की बकाया मजदूरी और अवकाश वेतन देने का आदेश दिया है। न्यायाधिकरण ने पाया कि भारतीय कर्मी को काम दिलाने की जिम्मेदारी लेने वाली कंपनी उसे काम नहीं दिला सकी। दरअसल 33 वर्षीय शाबिन शाजी स्वास्थ्य एवं देखभाल कर्मी वीजा के तहत ब्रिटेन पहुंचा था। उसने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में नौकरी के लिए स्वान केयर सॉल्यूशंस लिमिटेड से आवश्यक 'स्पॉन्सरशिप' प्रमाणपत्र प्राप्त किया था। शाजी ने हाल ही में बर्मिंघम के रोजगार न्यायाधिकरण को बताया कि 'स्पॉन्सर' कंपनी ने न तो उन्हें कोई काम दिया और न ही वेतन का भुगतान किया, जो कि वेतन में अनधिकृत कटौती के समान है। रोजगार न्यायाधीश एडमंड्स ने अपने फैसले में कहा, दावेदार (शाजी) को यह साबित करना था कि उन्हें निर्धारित वेतन का भुगतान नहीं किया गया। मैंने पाया है कि दावेदार 15 अप्रैल 2023 से 21 अप्रैल 2024 तक कंपनी का कर्मचारी था। उसके अनुबंध में सप्ताह 40 घंटे कार्य और 22,880 पाउंड वार्षिक सकल वेतन का प्रावधान था। उन्होंने कहा, इस अवधि के दौरान दावेदार अपने काम के लिए तैयार, इच्छुक और सक्षम था। वह केवल इसलिए काम नहीं कर पाया क्योंकि प्रतिवादी (कंपनी) ने उसे काम उपलब्ध नहीं कराया।

## ऑफ बीट

# कपड़े धोने के पाउडर, तरल डिटर्जेंट में क्या अंतर है?



कपड़े धोने के पाउडर और तरल पदार्थ दोनों में सक्रिय तत्व 'सर्फेक्टेंट' होते हैं, जिन्हें डिटर्जेंट (उत्पाद का नाम) के रूप में भी जाना जाता है। ये आम तौर पर आवेशित या 'आयनिक' अणु होते हैं जिनकी संरचना में दो अलग-अलग भाग होते हैं। एक भाग पानी के साथ और दूसरा भाग तेलीय कणों के साथ क्रिया करता है। यह उपयोगी गुण सर्फेक्टेंट को कपड़ों से ग्रीस और गंदगी को हटाने और पानी के जरिए निकालने की अनुमति देता है। सर्फेक्टेंट बुलबुले भी बना सकते हैं। आपके पानी में घुले धातु के लवण सर्फेक्टेंट के प्रदर्शन को सीमित कर सकते हैं। तथाकथित खारे पानी में बहुत सारे घुले हुए कैल्शियम और मैग्नीशियम लवण होते हैं जो आसानी से साबुन का मैल बना सकते हैं। इसलिए कपड़े धोने के आधुनिक डिटर्जेंट में साबुन के मैल को बनने से रोकने के लिए फॉस्फेट और पानी से कठोर धातुओं को हटाने वाले तत्व होते हैं। कई उत्पादों में 'ऑप्टिकल ब्राइटनर' भी होते हैं। ये रसायन पराबैंगनी प्रकाश को अवशोषित करते हैं और नीली रोशनी छोड़ते हैं, जो सफेद रंग को और सफेद या चमकदार बनाता है। कपड़े धोने के डिटर्जेंट में आम तौर पर सुगंध होती है। इस सुगंध के लिए भी रसायन का उपयोग किया जाता है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## पश्चिम बंगाल में कैबिनेट विस्तार

# 35 मंत्रियों ने ली शपथ, इनमें घरेलू सहायिका से लेकर पत्रकार भी शामिल

लोकभवन में हुए कार्यक्रम में राज्यपाल आरएन रवि ने 35 नए मंत्रियों को शपथ दिलाई। इस विस्तार के साथ बंगाल में मंत्रिपरिषद की मंत्रियों की संख्या 41 हो गई है

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में सोमवार को सरकार का पहला मंत्रिमंडल विस्तार हुआ। लोकभवन में हुए कार्यक्रम में राज्यपाल आरएन रवि ने 35 नए मंत्रियों को शपथ दिलाई। सीएम सुवेंदु अधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। 13 नेताओं को कैबिनेट मंत्री, 3 को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 19 को राज्य मंत्री बनाया गया। इस विस्तार के साथ बंगाल में मंत्रिपरिषद की मंत्रियों की संख्या 41 हो गई है। इससे पहले 9 मई को सुवेंदु अधिकारी ने सीएम पद की शपथ ली थी। उनके साथ दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, निशीथ प्रमाणिक, अशोक कीर्तनिया और क्षुदीराम टुडू ने भी मंत्री पद की शपथ ली थी।

**13** कैबिनेट मंत्री

**3** राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

**19** राज्य मंत्री



मंत्री पद की शपथ लेते विधायक

### अभी भी 3 पद खाली

संविधान के 91वें संशोधन के अनुसार, राज्य मंत्रिमंडल में विधायकों की संख्या कुल संख्या के 15% तक सीमित है। पश्चिम बंगाल में 294 विधायक हैं, इसलिए मंत्रिमंडल में अधिकतम 44 मंत्री हो सकते हैं। सोमवार के शपथ ग्रहण के बाद कैबिनेट में 41 मंत्री हो गए हैं। तय सीमा के आधार पर 3 मंत्री और बनाए जा सकते हैं।

### नए मंत्रियों की सूची

कैबिनेट मंत्रियों में दीपक बर्मन, तपस रॉय, शंकर घोष, मनोज कुमार उरांव, अर्जुन सिंह, गौरी शंकर घोष, स्वपन दासगुप्ता, जगन्नाथ चट्टोपाध्याय, कल्याण चक्रवर्ती, अजय पोद्दार, शरद्वत मुखर्जी, दूध कुमार मंडल और अनुप कुमार दास शामिल हैं। राज्य मंत्रियों में जोएल मुर्मू, हरेकृष्ण बेरा, आनंदमय बर्मन, अशोक डिंडा, नदियार चंद बाउरी, विशाल लामा, शांतनु प्रमाणिक, मौमिता बिस्वास मिश्रा, उमेश रे, पूर्णिमा चक्रवर्ती, कौशिक चौधरी, भास्कर भट्टाचार्य, दिबाकर घरामी, अमिया किस्कू, कलिता माझी, गार्गी दास घोष, बिराज विश्वास, दीपंकर जना और सुमना सरकार को जगह मिली है। इसके अलावा, इंद्रनील खान, मालती राभा रॉय और राजेश महतो ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में शपथ ली।

### घरेलू सहायिका कलिता माझी बनी मंत्री



पूर्व बर्धमान जिले की आउसग्राम विधानसभा सीट से जीती 37 वर्षीय कलिता माझी कभी घरेलू सहायिका के रूप में काम करती थीं। अब मंत्री बन गई हैं। उनके पति प्लंबर का काम करते हैं।

### पत्रकारिता से जुड़े स्वप्नदास बने मंत्री

नए मंत्रियों में शामिल स्वपन दासगुप्ता को भाजपा के प्रमुख बौद्धिक चेहरों में गिना जाता है। पत्रकारिता और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को देखते हुए 2015 में उन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया था।



### पूर्व तेज गेंदबाज डिंडा भी अब सरकार में मंत्री

पूर्व तेज गेंदबाज अशोक डिंडा बंगाल सरकार में मंत्री बन गए हैं।। उन्होंने दिसंबर 2009 में श्रीलंका के खिलाफ भारत के लिए डेब्यू किया था। वे भारत की ओर से 13 वनडे और 9 टी-20 मैच खेल चुके हैं।



## खबर संक्षेप

### राज्यसभा की 27 सीटों की अधिसूचना जारी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने 27 राज्यसभा सीटों और 3 राज्यों में विधान परिषदों के चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी। सभी के लिए वोटिंग 18 जून को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक होगी। गिनती उसी दिन शाम 5 बजे से शुरू होगी। राज्यसभा और विधान परिषद चुनावों के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 8 जून है।



### अकाली नेता मजीठिया के ठिकानों पर छापेमारी

**अमृतसर।** मजीठा थाने पर हुए कथित हमले के मामले में शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता बिक्रमजीत सिंह मजीठिया पर गिरफ्तारी की तलवार लटकी हुई है। अमृतसर के एसपी देहात आदित्य वारियर ने बताया कि उनकी तलाश में सोमवार सुबह पंजाब पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापे मारे, लेकिन वे वहां नहीं मिले।



### 6 जून को भारत आ रहे सीजेपी के अभिजीत दिपके

**नई दिल्ली।** 'कॉकरोच जनता पार्टी' (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दिपके ने कहा कि वह परीक्षा से जुड़ी गड़बड़ियों को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन शुरू करने जा रहे हैं। वे 6 जून को भारत लौटेंगे।

## नीट पेपर लीक मामले में सुप्रीम कोर्ट को बड़ा फैसला

# सीबीटी नहीं, पेन-पेपर मोड में ही होगी दोबारा परीक्षा, 21 जून की तारीख तय

एनटीएक की जगह नई राष्ट्रीय परीक्षा संस्था बनाने की मांग

जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस अरविंद कुमार की बेंच ने मामले को जुलाई तक के लिए टाल दिया, जिससे नीट की दोबारा परीक्षा के लिए मांगी गई राहत प्रभावी रूप से खारिज हो गई। याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि वह केवल उस मांग पर जोर दे रहे हैं

**सीबीआई का दावा: पुणे के टीचर ने नीट पेपर अरेंज कराया था**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीट-यूजी की 21 जून की होने वाली परीक्षा को कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) के रूप में कराई जाने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने अभी कोई आदेश देने से साफ इनकार किया है। कोर्ट ने कहा कि पेपर लीक से जुड़ी पहले से लंबित याचिकाओं के साथ ही हम जुलाई में इसकी सुनवाई करेंगे। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के सांसद सुधाकर सिंह ने सुप्रीम कोर्ट में इस संबंध में याचिका दाखिल की थी। सोमवार को जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस अरविंद कुमार की बेंच ने मामले को जुलाई तक के लिए टाल दिया, जिससे नीट की दोबारा परीक्षा के लिए मांगी गई राहत प्रभावी रूप से खारिज हो गई। बेंच ने संकेत दिया कि वह इस मामले पर तुरंत सुनवाई नहीं करेगी। जस्टिस नरसिम्हा ने कहा कि हम इसे छुट्टियों के बाद देखेंगे। इसके साथ ही, उन्होंने मामले की सुनवाई टाल दी।



सीबीटी पर सुनवाई जुलाई में

### मुख्य आरोपी से लिए थे 5 लाख रुपए

नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने कहा कि पुणे की एक मेडिकल एकेडमी में फिजिक्स फैकल्टी रहे हर्षदकुमार शाह ने क्वेश्चन पेपर अरेंज कराने में भूमिका निभाई थी। शाह ने फिजिक्स का प्रश्नपत्र मनीषा हवालदार तक पहुंचाया था। जांच में यही पेपर मनीषा के मोबाइल से बरामद हुआ। सीबीआई ने अदालत को बताया कि डॉ. मनोज शिरुरे पेपर लीक से जुड़े नेटवर्क का हिस्सा थे। मुख्य आरोपी शिवराज मोटेगांवकर से 5 लाख रुपए लिए थे।

### 3 आरोपी 15 जून तक न्यायिक हिरासत में

मामले में दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने आरोपी डॉक्टर मनोज शिरूरे, आरोपी तेजस हर्षद कुमार शाह और मनीषा संजय हवलदार को 15 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। सोमवार को तीनों आरोपियों की कस्टडी समाप्त होने पर सीबीआई ने उन्हें अदालत में पेश किया। सुनवाई के दौरान सीबीआई ने तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजे जाने की मांग की। इसके बाद कोर्ट ने अपना फैसला देते हुए तीनों आरोपियों को 15 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

**संसदीय समिति की मांग: एनटीए को भंग करें**

संसद की शिक्षा, महिला, बाल, युवा एवं खेल मामलों की स्थायी समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने की। यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट (यूडीएफ) ने समिति ने कहा कि नीट से जुड़े सवाल केवल परीक्षा के तरीके तक सीमित नहीं हैं, बल्कि पारदर्शिता, जवाबदेही और परीक्षा कराने वाली एजेंसी की विश्वसनीयता से भी जुड़े हैं। संगठन ने एनटीए को भंग कर संसद के कानून के तहत नई राष्ट्रीय परीक्षा संस्था बनाने की मांग की।

**राहुल गांधी का सरकार पर तीखा हमला**

### पीएम आम की बात कर सकते हैं पर सीबीएसई की नहीं

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैनिंग और पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया को लेकर केंद्र सरकार तथा शिक्षा मंत्रालय पर तीखा हमला बोला है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि सीबीएसई की गलतियों का खामियाजा छात्रों को भुगतना पड़ रहा है और अपनी ही उत्तर पुस्तिका की सही जांच कराने के लिए विद्यार्थियों से भारी शुल्क वसूला जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक छात्र को करीब 2000 रुपए तक खर्च करने पड़ सकते हैं। 4 लाख लोगों ने आवेदन दिए हैं। वहीं, राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम में आम पर बात कर सकते हैं, लेकिन सीबीएसई पर नहीं।



### शिक्षा मंत्रालय ने शुरू की आंतरिक जांच

सीबीएसई के अधिकारियों के खिलाफ जल्द ही एक्शन होने वाला है, क्योंकि शिक्षा मंत्रालय ने एक विवादित टेंडर प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं और बोर्ड के डिजिटल मूल्यांकन सिस्टम में गंभीर कमियों को लेकर आंतरिक जांच शुरू कर दी है। मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, बोर्ड के 'ऑन स्क्रीन मार्किंग' (ओएसएम) सिस्टम से जुड़ी टेंडर प्रक्रिया पर सीबीएसई से एक विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। अब तक दी गई सफाई से मंत्रालय पूरी तरह संतुष्ट नहीं हुआ है और अब बोर्ड के भीतर कई स्तरों पर जवाबदेही तय किए जाने की संभावना है।

## आरकॉम घोटाले में सीबीआई की बड़ी कार्रवाई!

# तिहाड़ में सजा काट रहे पूर्व ग्रुप एमडी झुनझुनवाला को अब ले गए मुंबई के आर्थर जेल, किया गिरफ्तार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) से जुड़े हजारों करोड़ रुपये के कथित बैंक ऋण घोटाले की जांच कर रही सीबीआई ने कंपनी के पूर्व ग्रुप मैनेजिंग डायरेक्टर अमिताभ झुनझुनवाला को गिरफ्तार कर लिया। जांच एजेंसी का आरोप है कि झुनझुनवाला कंपनी के वित्तीय प्रबंधन, बैंकिंग लेन-देन और ऋण राशि के उपयोग से जुड़े अहम फैसलों में शामिल थे तथा बैंकों से ऋण प्राप्त करने और उसके संचालन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। सीबीआई के अनुसार, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शिकायत पर दर्ज मामले में यह आरोप लगाया गया है कि आरकॉम और उसके तत्कालीन प्रमोटरों एवं अधिकारियों ने बैंकों को भारी वित्तीय नुकसान हुआ। स्टेट बैंक के नेतृत्व वाले 11 बैंकों के कंसोर्टियम द्वारा स्वीकृत ऋण के कारण बैंकों को करीब 6,015 करोड़ का नुकसान हुआ। वहीं, 17 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का कुल एक्सपोजर लगभग 19,694 करोड़ बताया गया है।



**मामला एक नजर में**

- स्टेट बैंक की शिकायत पर दर्ज हुआ मामला
- 11 बैंकों के कंसोर्टियम को 6,015 करोड़ रुपये का नुकसान
- 17 सरकारी बैंकों का कुल एक्सपोजर 19,694 करोड़ रुपये
- 29 मई को पहली चार्जशीट दाखिल
- 16 आरोपी, जिनमें 5 वरिष्ठ अधिकारी और 10 बैंक अधिकारी शामिल
- 1 जून को पूर्व ग्रुप एमडी अमिताभ झुनझुनवाला गिरफ्तार
- जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जारी

### तिहाड़ जेल से मुंबई लाया गया

अमिताभ झुनझुनवाला पहले से ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच किए जा रहे एक अन्य मामले में न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद थे। सीबीआई ने इस मामले में उनकी गिरफ्तारी के लिए मुंबई की विशेष अदालत से प्रोडक्शन वारंट प्राप्त किया था। स्वास्थ्य परीक्षण के लिए उन्हें एम्स, नई दिल्ली भेजा गया, जहां मेडिकल बोर्ड ने उन्हें यात्रा के लिए फिट घोषित किया। इसके बाद उन्हें मुंबई लाया गया और विशेष अदालत में पेश किया गया। अदालत में पेशी के दौरान सीबीआई ने उनकी औपचारिक गिरफ्तारी दर्ज कराई। अदालत ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजते हुए आर्थर रोड जेल भेजने का आदेश दिया। एजेंसी की ओर से पुलिस रिमांड की मांग पर मंगलवार को सुनवाई होगी।

### सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच

सीबीआई ने रिलायंस समूह की विभिन्न कंपनियों से जुड़े मामलों में कुल 7 एफआईआर दर्ज की हैं। ये मामले सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और एलआईसी की शिकायतों पर आधारित हैं। एजेंसी के अनुसार इन मामलों की जांच उच्चतम न्यायालय की निगरानी में चल रही है और वित्तीय लेन-देन की विस्तृत पड़ताल की जा रही है।

## संगठन के विस्तार, जमीनी स्तर पर पार्टी को और सशक्त बनाने पर चर्चा

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ किया लंबा मंथन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को पार्टी के पदाधिकारियों के साथ लंबा मंथन किया। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. संबित पात्रा ने मीडिया को बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की अध्यक्षता में आयोजित वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की हुई बैठक की प्रमुख जानकारियां साझा कीं। उन्होंने बैठक में नरेन्द्र मोदी सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्षों, संगठन के विस्तार, जमीनी स्तर पर पार्टी को और अधिक सशक्त बनाने तथा समाज के विभिन्न वर्गों तक संगठन की पहुंच को व्यापक करने के उद्देश्य से भविष्य की पहलों पर हुई महत्वपूर्ण चर्चाओं के बारे में बताया। बैठक में राष्ट्रीय पदाधिकारी और प्रदेश अध्यक्ष मौजूद रहे।

डॉ. पात्रा ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष की अध्यक्षता में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की टोली की एक बहुत लंबी बैठक चली। उन्होंने ने कहा कि केवल सरकार ही नहीं, संगठन का भी बहुत बड़ा विस्तार हुआ है। आज की बैठक का मुख्य आधार भी संगठन के इसी विस्तार को लेकर था। भाजपा का मानना है कि कार्यकर्ता देव दुर्लभ होते हैं। उनके सुझावों के आधार पर, सभी से सुझाव लेकर और सभी विषयों को संग्रहित करके आगे किस प्रकार पार्टी के कार्य का जमीनी स्तर पर विस्तार किया जा सके और उसे बढ़ाया जा सके, इसलिए सभी आयामों पर विस्तृत चर्चा की जा रही है। संगठन के विस्तार में भाजपा की कार्य पद्धति में एक बहुत बड़ा परिवर्तन नितिन नवीन की अध्यक्षता में होने वाला है। इसमें युवाओं को कैसे जोड़ा जा सके, महिलाओं का सशक्तिकरण कैसे हो, इन विषयों पर चिंतन चल रहा है।

# भाजपा की किसान विरोधी नीतियों से खेती बनी घाटे का सौदा: सैलजा

कहा-फसलों के लिए लाभकारी एमएसपी सुनिश्चित करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि भाजपा सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने का जो वादा किया था, वह पूरी तरह छलावा साबित हुआ है। आज स्थिति यह है कि खाद, बीज, कीटनाशक, डीजल और कृषि उपकरणों की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि ने किसानों की कमर तोड़ दी है। कुमारी सैलजा ने कहा कि हाल ही में एनपीके और पोटाश जैसे उर्वरकों की कीमतों में भारी बढ़ोतरी ने किसानों की चिंता और बढ़ा दी है। एनपीके (12:32:16), एनपीके (16:16:16), पोटाश तथा अन्य मिश्रित उर्वरकों के दामों में प्रति बैग सैकड़ों रुपये की वृद्धि हुई है। इससे खेती की लागत में हजारों रुपये का अतिरिक्त बोझ किसानों पर पड़ रहा है। सांसद ने कहा कि एक ओर भाजपा सरकार किसानों को लाभकारी मूल्य देने में विफल रही है, वहीं दूसरी ओर खेती के लिए आवश्यक संसाधनों को लगातार महंगा किया जा रहा है। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी देने के बजाय सरकार बड़े उद्योगपतियों और निजी कंपनियों के हितों को प्राथमिकता दे रही है। इसका सीधा असर देश के अन्नदाताओं पर पड़ रहा है।

## नई दिल्ली में भाजपा नेताओं से मिलकर आगे की रणनीति तय करेंगे

# अन्नामलाई छोड़ सकते हैं भाजपा! जल्द ही नई पार्टी बनाने की चर्चा

**अन्नामलाई बोले:** कृपया प्रतीक्षा करें, हम दो दिन में बैठकर बात करेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

तमिलनाडु भाजपा के पूर्व अध्यक्ष अन्नामलाई को लेकर अटकलों का दौर गर्म है। चर्चा है कि वे भाजपा को छोड़कर नई पार्टी बना सकते हैं। ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि अन्नामलाई भाजपा छोड़कर नई राजनीतिक पार्टी बना सकते हैं। उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात का अनुरोध भी किया है, जहां वे भाजपा में अपने भविष्य पर चर्चा कर सकते हैं। अन्नामलाई ने उन अफवाहों पर प्रतिक्रिया दी, जिनमें कहा जा रहा था कि वे भाजपा से इस्तीफा देकर नई पार्टी बना सकते हैं। नई दिल्ली रवाना होने से पहले उन्होंने लोगों से इंतजार करने को कहा और बताया कि कुछ दिनों में सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा। अन्नामलाई ने कहा कृपया प्रतीक्षा करें, हम दो दिन में बैठकर बात करेंगे। कुछ खबरों में यह भी कहा गया है कि अन्नामलाई नई दिल्ली दौरे के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात कर सकते हैं। अटकलों के मुताबिक, अन्नामलाई 4 जून को अपने जन्मदिन पर अपनी राजनीतिक पार्टी लॉन्च कर सकते हैं। मदुरै और कोयंबटूर में उनके '2.0 अवतार' वाले पोस्टर भी सामने आए हैं, जिससे लोगों में यह आशंका पैदा हो गई है कि अन्नामलाई भाजपा से अलग हो सकते हैं। इससे पहले, पूर्व भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी ने केंद्र सरकार की तीन-भाषा नीति पर खुले तौर पर सवाल उठाए थे। उनके उस पोस्ट ने, जिसमें उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय से इस नीति को रद्द करने की अपील की थी, इस बात की अटकलों को हवा दी थी कि वे भाजपा से नाखुश हैं।



# भाजपा ने नागेंद्र को राष्ट्रीय संगठनक (वरिष्ठ कार्यकर्ता संपर्क) की जिम्मेदारी सौंपी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने नागेंद्र नाथ त्रिपाठी को पार्टी के राष्ट्रीय संगठनक (वरिष्ठ कार्यकर्ता संपर्क) की जिम्मेदारी सौंपी है। उनका कार्यक्षेत्र नई दिल्ली निर्धारित किया गया है। यह जिम्मेदारी तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह इस संबंध में नियुक्ति पत्र के अनुसार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने नागेंद्र नाथ त्रिपाठी को राष्ट्रीय संगठनक (वरिष्ठ कार्यकर्ता संपर्क) की जिम्मेदारी दी है। इस पद का प्रमुख उद्देश्य वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ संवाद, समन्वय और संगठनात्मक अनुभवों को पार्टी की गतिविधियों से जोड़ना है। भाजपा लगातार संगठन विस्तार और कार्यकर्ताओं के साथ मजबूत संपर्क को प्राथमिकता देती रही है। ऐसे में यह नियुक्ति संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि नागेंद्र नाथ त्रिपाठी की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से प्रभावी होगी। नियुक्ति की सूचना पार्टी के सभी राष्ट्रीय पदाधिकारियों, प्रदेश प्रभारियों और प्रदेश अध्यक्षों को भी भेज दी गई है।



### अजेय कुमार राजस्थान में संगठन महामंत्री नियुक्त

भाजपा ने करीब ढाई साल बाद राजस्थान में संगठन महामंत्री की नियुक्ति कर दी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के निर्देश पर अजेय कुमार को प्रदेश का संगठन महामंत्री नियुक्त किया है। अब राजस्थान भाजपा के संगठन महामंत्री के रूप में अजेय कुमार पर आगामी पंचायत व निकाय चुनाव और संगठनात्मक चुनौतियों के बीच पार्टी को और मजबूत बनाने की जिम्मेदारी होगी। अजेय कुमार मूलतः उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के रहने वाले हैं। अभी तक उत्तराखंड के प्रदेश संगठन महामंत्री का जिम्मा संभाल रहे थे।



## सीबीएसई मूल्यांकन विवाद: टेंडर प्रक्रिया में निष्पक्ष जांच की मांग की

# पीएम मोदी से कांग्रेस के 4 सवाल, धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने मोदी सरकार को घेरते हुए खुलासा किया है कि सीबीएसई के नए 'ऑन-स्क्रीन' डिजिटल मूल्यांकन (ओएसएम) का ठेका कोएम्प्ट कंपनी को देने के लिए टेंडर के नियमों और तकनीकी मानकों को जानबूझकर कमजोर किया गया था।

मीडिया और प्रचार (संचार विभाग) के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने सीबीएसई की ऑन-स्क्रीन मूल्यांकन प्रणाली में कथित गड़बड़ियों और टेंडर प्रक्रिया में अनियमितताओं को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी की इन गंभीर मुद्दों पर चुप्पी को लेकर भी हमला बोला। खेड़ा ने पीएम मोदी से सवाल किया कि शिक्षकों और विशेषज्ञों द्वारा डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली में 36 बड़ी कमियों की चेतावनी दिए जाने के बावजूद, सीबीएसई ने इसे लगभग 18 लाख छात्रों पर जबरन क्यों थोपा? कोएम्प्ट कंपनी को ठेका देने से पहले टेंडर की शर्तों, स्कैन गुणवत्ता और साइबर सुरक्षा मानकों में ढील देने का आदेश किसने दिया था? इस दागी ट्रैक रिकॉर्ड वाली कंपनी (जो पहले तेलंगाना में 'ग्लोबरेना' नाम से काम करते हुए विवादों में आई थी) के भाजपा नेताओं तथा शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से क्या रिश्ते हैं?



खेड़ा ने कहा कि पिछले दो वर्षों में नीट, यूजीसी-नेट, सीयूईटी और विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ियों के कारण लाखों छात्र प्रभावित हुए हैं। अब सीबीएसई की नई ऑन-स्क्रीन मूल्यांकन प्रणाली में भी गंभीर खामियां सामने आ रही हैं। उन्होंने विस्तार से बताया कि पहले छात्रों की उत्तर पुस्तिकाएं सीधे परीक्षकों के पास जाती थीं, जहां उनका मूल्यांकन किया जाता था, लेकिन यह व्यवस्था बदल दी गई। नई प्रणाली के तहत उत्तर पुस्तिकाओं को स्कैन कर पोर्टल पर अपलोड करने की व्यवस्था की गई और इस प्रक्रिया को संचालित करने के लिए एक निजी कंपनी को ठेका दिया गया। ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम के लिए वेंडर ढूंढने से पहले सीबीएसई को तीन अलग-अलग टेंडर जारी करने पड़े, क्योंकि पहले टेंडर में कोई बोली नहीं लगी और दूसरे टेंडर में कोई तकनीकी रूप से योग्य बोली लगाने वाला नहीं मिला। ऐसे में अगस्त 2025 में टेंडर का तीसरा दौर आयोजित किया गया, जिसमें कोएम्प्ट कंपनी शामिल हुई।

उन्होंने कहा कि कोएम्प्ट कंपनी को ठेका देने के लिए बार-बार टेंडर नियम बदल दिए गए, स्कैन गुणवत्ता की डीपीआई 300 होनी चाहिए थी, लेकिन इसे घटाकर 200 कर दिया गया जिससे उत्तर पुस्तिका पढ़ने लायक नहीं रह गई। पहले टेंडर में स्पष्ट रूप से रोबोटिक हाई-स्पीड स्कैनर की अनिवार्य शर्त थी, जिसके तहत टीसीएस कंपनी क्वालीफाई कर गई थी, लेकिन बाद में इसकी अनिवार्यता को हटाकर सामान्य स्कैनर तक सीमित कर दिया गया। अनुभव और सुरक्षा मानकों में ढील देकर कंपनी के पिछले प्रदर्शन, वित्तीय मजबूती और खुद का डेटा सेंटर होने जैसी शर्तों को पूरी तरह दरकिनार कर दिया गया। ब्लैकलिस्टिंग के नियमों को नरम करते हुए यह शर्त भी हटा दी गई कि कंपनी अतीत में ब्लैकलिस्ट न हुई हो।

## खबर संक्षेप

### महिंद्रा-मैन्युलाइफ बीमा को मिला निगमन प्रमाणपत्र

**नई दिल्ली।** महिंद्रा ग्रुप और मैनुलाइफ के बीमा संयुक्त उद्यम (जेवी) को कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय से निगमन का प्रमाणपत्र मिल गया है। सोमवार को जारी संयुक्त बयान के अनुसार, मंजूरी के बाद महिंद्रा मैनुलाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड (एमएमआईएल) अस्तित्व में आ गई है। भारत में बढ़ती सुरक्षा खाई को कम करना है।

### सुजुकी मोटरसाइकिल की बिक्री मई में 3 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की कुल बिक्री मई, 2026 में तीन प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,32,244 इकाई हो गई, जो पिछले वर्ष समान अवधि में 1,28,897 इकाई थी। कंपनी कि अब तक की सर्वाधिक मासिक बिक्री है। बमई, 2026 में घरेलू बाजार में कंपनी की बिक्री दो प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,10,028 इकाई रही।

### रुपया 10 पैसे कमजोर होकर 94.95 प्रति डॉलर



**मुंबई।** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव तथा कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच सोमवार को रुपया 10 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.95 पर रहा। कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में डॉलर की मजबूती और इजराइल-लेबनान के बीच जारी तनाव से निवेशकों की जोखिम लेने की धारणा प्रभावित हुई, जिसका असर भी रुपये पर पड़ा।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पांच मई को दी थी मंजूरी

# बैंकों ने ईसीएलजीएस के तहत छोटे उद्यमों को 35,000 करोड़ रुपये के ऋण किए मंजूर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया संघर्ष से प्रभावित सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों और उद्योगों को बैंकों ने आपातकालीन ऋण गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) के तहत 35,000 करोड़ रुपये के कर्ज स्वीकृत किए हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पांच मई को इसकी मंजूरी दी थी। इस योजना का उद्देश्य 2.55 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त कर्ज प्रदान करना है। इसमें मौजूदा वैश्विक संकट से प्रभावित एयरलाइन कंपनियों के लिए 5,000 करोड़ रुपये भी शामिल हैं।

वित्तीय सेवा विभाग के संयुक्त सचिव मनोज मुत्तथिल अयप्पन ने यहां संवाददाताओं से कहा कि 29 मई तक बैंकों ने लगभग 80,000 आवेदनों को मंजूरी दी है। इनमें 35,194 करोड़ रुपये के ऋण शामिल हैं और 15,720 करोड़ रुपये की गारंटी जारी की गई है। उन्होंने कहा, ''चूंकि हमने एक अच्छा लक्ष्य हासिल कर लिया है, इसलिए उम्मीद है कि ग्राहकों को इस योजना से लाभ होगा...। पूरी प्रक्रिया डिजिटल है और इसे पांच से सात दिन में पूरा किया जा सकता है।''

#### एमएसएमई के लिए 100 प्रतिशत ऋण गारंटी कवरेज

इस योजना का उद्देश्य नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड (एनसीजीटीसी) द्वारा सदस्य ऋण संस्थानों (एमएलआई) को एमएसएमई के लिए 100 प्रतिशत और गैर-एमएसएमई के लिए 90 प्रतिशत ऋण गारंटी कवरेज प्रदान करना है। यह गारंटी पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर अल्पकालिक नकदी असंतुलन से निपटने के लिए पात्र उधारकर्ताओं को दी गई अतिरिक्त ऋण सुविधा के तहत चूक राशि के लिए है।

- खाड़ी संघर्ष से प्रभावित एमएसएमई उद्योगों को मिलेगा कर्ज
- उद्देश्य 2.55 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त कर्ज प्रदान करना
- वैश्विक संकट से प्रभावित एयरलाइंस कंपनियां भी शामिल



#### योजना को व्यापक रूप से उदार बनाया गया

अयप्पन ने कहा, ''योजना को व्यापक रूप से उदार बनाया गया है, ताकि अधिकतम लाभार्थियों को इसका लाभ मिल सके। केवल वे ग्राहक जो 31 मार्च, 2026 तक एसएमए 2 (विशेष उल्लेखित खाता) के तहत हैं, उन्हें योजना से बाहर रखा गया है।'' एसएमए-2 के रूप में वर्गीकृत ग्राहक वे हैं, जिनका ऋण भुगतान (मूलधन या ब्याज) 60 दिन से अधिक और अधिकतम 90 दिन तक बकाया है।

***रोजगार नुकसान को रोकने समय पर नकदी प्रदान करना :*** *योजना का उद्देश्य कंपनियों को बनाए रखने और रोजगार नुकसान को रोकने के लिए समय पर नकदी प्रदान करना है। यह निर्बाध घरेलू उत्पादन को भी बढ़ावा देगा और परिवेश को मजबूत बनाए रखेगा। इस योजना के तहत, बैंक उनकी मौजूदा कार्यशील पूंजी पर 20 प्रतिशत अतिरिक्त ऋण प्रदान कर सकते हैं।*

#### एयरलाइन के लिए अवधि पहले वितरण से सात वर्ष होगी

*एयरलाइन क्षेत्र के लिए अवधि पहले वितरण की तिथि से सात वर्ष होगी। इसमें दो वर्ष का स्थगन शामिल है। एमएसएमई और गैर-एमएसएमई के लिए यह पहले वितरण की तिथि से पांच वर्ष होगी, जिसमें एक वर्ष का स्थगन शामिल है। फरवरी में शुरू हुए पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यम) और एयरलाइन कंपनियों को भारी वित्तीय चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। ईसीएलजीएस को पहली बार मई, 2020 में कोरोना वायरस महामारी के दौरान आर्थिक संकट को कम करने के लिए पेश किया गया था।*

# जीएसटी संग्रह मई में 3.2 प्रतिशत बढ़कर 1.94 लाख करोड़ रुपये पार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- वृद्धि वस्तुओं एवं सेवाओं की आपूर्ति में सुधार से हुई
- मई 2025 में सकल जीएसटी संग्रह 1.88 लाख करोड़ रुपये रहा

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह मई में 3.2 प्रतिशत बढ़कर 1.94 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। यह वृद्धि वस्तुओं एवं सेवाओं की आपूर्ति में सुधार तथा आयात से मिलने वाले कर संग्रह में लगातार बढ़ोतरी के कारण हुई। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई। मई, 2025 में सकल जीएसटी संग्रह 1.88 लाख करोड़ रुपये रहा था। घरेलू लेनदेन से मई के दौरान केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) संग्रह 37,397 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) 45,143 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) 51,990 करोड़ रुपये रहा। इस अवधि में कर योग्य वस्तुओं की आपूर्ति में 26.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो घरेलू मांग को दर्शाती है। वहीं सेवाओं के क्षेत्र में यह वृद्धि 22.2 प्रतिशत रही जो घरेलू खपत की मजबूती को दिखाती है। आयात से आईजीएसटी संग्रह 19.1 प्रतिशत बढ़कर मई में 59,654 करोड़ रुपये हो गया जो औद्योगिक क्षमता के विस्तार का संकेत है। जीएसटी 'रिफंड' 2.6 प्रतिशत बढ़कर 27,281 करोड़ रुपये हो गया।'रिफंड' समायोजित करने के बाद, मई में शुद्ध जीएसटी राजस्व 3.3 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.67 लाख करोड़ रुपये रहा।

#### वैश्विक व्यवधान के बावजूद यह वृद्धि हुई

जैन ने कहा कि सितंबर, 2025 से दरों में तेज कटौती और पिछले कुछ महीनों में भू-राजनीतिक व्यवधानों के बावजूद यह वृद्धि हुई है। साथ ही, वस्तुओं और सेवाओं के आयात तथा घरेलू खपत में उल्लेखनीय विस्तार हुआ है जो अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शाता है।

## खाड़ी तनाव के बीच सोने की कीमत 2,500 रुपये टूटी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमत 2,500 रुपये टूटकर 1.60 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अमेरिका और ईरान के बीच फिर से शुरू हुए सैन्य संघर्ष के कारण कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने के बाद वैश्विक बाजारों में आई गिरावट से यहां भी सोने कमजोर पड़ गया। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में 2,500 रुपये (1.53 प्रतिशत) की गिरावट आई। शुक्रवार को बंद हुई कीमत 1,62,900 रुपये प्रति 10 ग्राम से गिरकर यह 1,60,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गयी। चांदी की कीमतों में भी भारी गिरावट आई और यह 5,000 (या लगभग 2 प्रतिशत) टूटकर 2,69,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गई। पिछले सत्र में चांदी की कीमत 2,74,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

## शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन गिरावट, सेंसेक्स 508 अंक फिसला

एजेंसी ▶▶ मुंबई



अनिश्चित वैश्विक संकेतों के बीच स्थानीय शेयर बाजार सोमवार को वित्तीय, एफएमसीजी एवं वाहन शेयरों में बिकवाली के कारण लगातार चौथे सत्र में गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 508 अंक फिसल गया जबकि निफ्टी में 165 अंक की गिरावट रही।

विश्लेषकों के मुताबिक, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और अमेरिका-ईरान संघर्ष को लेकर अनिश्चितता के कारण घरेलू बाजार दबाव में रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 508.40 अंक गिरकर 74,267.34 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में 1,164.25 अंक का उतार-चढ़ाव दर्ज किया गया। इसी तरह, निफ्टी भी 165.15 अंक गिरकर 23,382.60 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, एनटीपीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक और बजाज फाइनेंस के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। इसके उलट टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इंटरग्लोब एविएशन, एचसीएल टेक और टाटा स्टील के शेयरों में तेजी दर्ज की गई। ऑनलाइन ट्रेडिंग मंच एनरिच मनी के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर. ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ने से क्षेत्रीय स्थिरता को लेकर चिंता बढ़ी है और इसे लेकर बाजार में सतर्कता का माहौल बना हुआ है।

### देश के निर्यात में अप्रैल-मई में दहाई अंक में वृद्धि

**नई दिल्ली।** देश के निर्यात में चालू वित्त वर्ष 2026-27 के अप्रैल-मई माह के दौरान दहाई अंक में वृद्धि दर्ज की गई है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने यह भी कहा कि वाणिज्य मंत्रालय भारत के मुक्त व्यापार समझौतों के बारे में जानकारी देने के लिए 1,000 लोगों को नियुक्त करेगा। वाणिज्य मंत्रालय 15 जून को मई के व्यापार आंकड़े जारी करेगा। अधिकारी ने कहा, '' इन दो महीनों के दौरान निर्यात में दहाई अंक में वृद्धि हुई है।'' अप्रैल में निर्यात 13.78 प्रतिशत बढ़कर 43.56 अरब डॉलर रहा।

**उत्तर रेलवे**

निविदा सूचना (ई–टेंडरिंग द्वारा)

निविदा संख्या: 558-Sig-16-M-TENDER-1476 दिनाँक: 29.05.2026

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | दिल्ली मंडल के बाढ़ संभावित क्षेत्रों में IP-67 मोटर युक्त 'इन्सुलेटेड पॉइंट मशीन' लगाने का प्रावधान। |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | Rs. 4,94,33,860.75/- |
| धरोहर राशि (₹) | Rs. 9,88,700.00/- |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता–C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय। | निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय 29.05.2026 / निविदा खुलने का दिनांक 24.06.2026 15:00 बजे तक |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। | उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखे नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |

1840/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## मई में तिनसुकिया मंडल का स्लीपर रिन्युअल कार्यों में रिकॉर्ड प्रगति



**मालीगांव।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के तिनसुकिया मंडल ने मई 2026 के दौरान थ्रू स्लीपर रिन्यूअल (टीएसआर) कार्यों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज कर बुनियादी ढांचे के रखरखाव के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। मराणहाट-डिब्रूगढ़ सेक्शन में ट्रैक रिलेइंग ट्रेन (टीआरटी) मशीन का उपयोग कर कुल 10.61 किलोमीटर स्लीपर रिन्यूअल सफलतापूर्वक पूरा किया गया, जो हाल के समय में मंडल के बेहतरीन प्रदर्शनों में से एक है। यह उपलब्धि इस महीने के दौरान 21 ट्रैफ़िक ब्लॉक (जिनमें 9 रात्रि ब्लॉक शामिल थे) के प्रभावी उपयोग से संभव हो पाई है, जिससे नवीनीकरण कार्यों में बिना किसी रुकावट के प्रगति सुनिश्चित हुई। विभिन्न विभागों के बीच घनिष्ठ समन्वय, जनशक्ति और मशीनों की कुशल तैनाती, निर्बाध शंटिंग कार्य और सिग्नलिंग एवं ओवरहेड ट्रैक्शन कार्यों के एक साथ निष्पादन से निर्धारित समय सीमा के भीतर लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्लीपर रिन्यूअल कार्यों के सफल समापन से एनएफआर के तिनसुकिया मंडल के मोरानहाट-डिब्रूगढ़ सेक्शन में ट्रैक संरक्षा और परिचालन विश्वसनीयता में काफी वृद्धि हुई है।

### जम्मू मंडल में मई 2026 में टिकट चेकिंग अभियान से 66.50 लाख की आय

**जम्मू।** उत्तर रेलवे के जम्मू मंडल द्वारा यात्रियों को बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा से रोकने तथा रेल राजस्व की सुरक्षा के उद्देश्य से मई 2026 माह के दौरान विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में मंडल के टिकट चेकिंग स्टाफ ने रेलवे स्टेशनों, ट्रेनों एवं प्लेटफार्मों पर सघन जांच की। *मई 2026 का प्रदर्शन - आंकड़ों पर गौर करें, तो 31 मई 2026 तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार जम्मू मंडल में चलाए गए अभियान के तहत बिना टिकट व अनियमित यात्रा करने वाले यात्रियों में कुल 12,693 मामले दर्ज किए गए। इन मामलों से मंडल को कुल *66,50,165 का राजस्व प्राप्त हुआ। यह राजस्व केवल टिकट जांच के माध्यम से बिना टिकट, बिना वैद्य पास, प्लेटफार्म टिकट के बिना प्लेटफार्म पर पाए जाने तथा अन्य अनियमितताओं पर वसूल की गई राशि है। उचित सिंघल, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, जम्मू ने बताया, कि बिना टिकट यात्रा न केवल रेलवे को आर्थिक नुकसान पहुंचाती है, बल्कि इससे वैध टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को भी असुविधा होती है। सीटों पर अवैध कब्जा, भीड़ बढ़ना और सुरक्षा संबंधी समस्याएं भी उत्पन्न होती हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए मंडल द्वारा नियमित रूप से विशेष जांच दल तैनात किए जाते हैं।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 (2)(ii) Cr.Pc. देखें

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **स्वेता आहुजा पुत्री के.एल. आहुजा** निवासी: म.नं. 40ए, एलआईजी डीडीए फ्लेट्स राजोरी गार्डन, दिल्ली एवं डब्ल्यूजेड 124, टोडापुर, नई दिल्ली और म.नं. 1093, विकास कुंज, विकासपुरी, दिल्ली ने **FIR No. 121/2011, u/s 323/341/34 IPC, थाना : मोती नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या सन्देह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त **स्वेता आहुजा** नही मिल रही है और समाधानप्रद रूप से प्रदर्शित कर दिया गया है कि उक्त **स्वेता आहुजा** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए छिपा हुई है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 121/2011, u/s 323/341/34 IPC, थाना : मोती नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **स्वेता आहुजा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 07.07.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अंशुल सिंघल
जेएमएफसी–04, वेस्ट, कमरा नं. 268,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/7126/WD/2026
(court notice)

**अभियुक्त व्यक्तियों की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तों **1. प्रकाश गोयल** पुत्र शैलेंद्र गोयल और **2. शैलेंद्र गोयल** पुत्र ओम प्रकाश, निवासी मकान नं. ए–27, भूतल, हनुमान मंदिर रोड, किरण गार्डन, उत्तम नगर, नई दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 307/24 धारा 420 भा.द.स., थाना तिलक नगर, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1. प्रकाश गोयल** और **2. शैलेंद्र गोयल** मिल नहीं रहे हैं, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1. प्रकाश गोयल** और **2. शैलेंद्र गोयल** फरार हो गए हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे हैं)। इनके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 307/24 धारा 420 भा.द.स., थाना तिलक नगर, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्तों **1. प्रकाश गोयल** और **2. शैलेंद्र गोयल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **04.07.2026** को हाजिर हों।

आदेशानुसार: श्री विकास मदान,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–07, (पश्चिम),
कमरा नं. 289, दूसरी मंजिल,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/6802/WD/2026

## राशिफल

**मेष** – संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद–विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** – खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन–पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद–विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** – क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म–कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** – कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** – कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** – लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन–सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक** – संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु** – स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** – आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** – क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन–पाठन में रुचि रहेगी।


**मीन** – किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

## जेईई-एडवांस्ड 2026: एलन का ऐतिहासिक कीर्तिमान, शुभम आल इंडिया टॉपर



**कोटा।** आईआईटी रुड़की द्वारा जारी जेईई-एडवांस्ड 2026 रिजल्ट्स में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट कोटा ने लगातार तीसरे वर्ष ऑल इंडिया रैंक-1 देकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इन रिजल्ट्स के साथ एलन ने अब तक आईआईटी-जेईई में 7 बार ऑल इंडिया रैंक-1 दिए हैं तथा अपने इतिहास में दूसरी बार ऑल इंडिया रैंक-1, 2 और 3 को दोहराया है। इससे पहले वर्ष 2016 में भी एलन ने यह उपलब्धि हासिल की थी। एलन के विद्यार्थियों ने देश की टॉप-10 रैंक में से 6, टॉप 50 में 24 क्लासरूम स्टूडेंट्स रहे है। यह प्रदर्शन एक बार फिर साबित करता है कि राष्ट्रीय स्तर पर टॉप रैंकर्स तैयार करने में एलन देश का सबसे सफल और लगातार प्रदर्शन करने वाला संस्थान है। देशभर में एलन की सफलता की अगुवाई एलन के कोटा क्लासरूम स्टूडेंट शुभम कुमार ने की। शुभम ने 360 में से 330 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल की। श्रेष्ठता के दौर को जारी रखते हुए एलन के ही क्लासरूम स्टूडेंट कबीर छिल्लर ने 360 में से 329 अंकों के साथ ऑल इंडिया रैंक-2 तथा जतिन चाहर ने 319 अंकों के साथ ऑल इंडिया रैंक-3 प्राप्त की। इसके साथ ही ऑल इंडिया गर्ल्स टॉपर आरोही देशपांडे भी एलन कोटा क्लासरूम से है। आरोही ने 280 अंकों के साथ ऑल इंडिया रैंक-77 प्राप्त की है। इसके साथ ही एलन ऑनलाइन लाइव कोर्स से यशवर्धन ने ऑल इंडिया रैंक-52 प्राप्त कर ऑनलाइन में बेस्ट रिजल्ट दिया है। टॉप रैंकर्स की सूची में एलन क्लासरूम प्रोग्राम के स्टूडेंट्स अर्नव गौतम (एआईआर-7), कनिष्क जैन (एआईआर-8), दर्श सिक्का (एआईआर-10) हासिल करते हुए देश की टॉप-10 रैंक में सफलता की संख्या 6 तक पहुंचा दी है। टॉप-10 से आगे बढ़ते हुए देश की टॉप-20 रैंक में एलन के 12 स्टूडेंट्स, टॉप-50 में 24 स्टूडेंट्स शामिल हैं। देश के 7 में से पांच आईआईटी जोन टॉपर एलन क्लासरुम से हैं। इसमें दिल्ली, गुवाहाटी, कानपुर, भुवनेश्वर और रूडकी जोन टॉपर शामिल हैं।

## शब्द पहेली - 6244




**बाएँ से दाए**


1. मूर्ख, बुद्धिहीन-4
3. रुई की फसल-3
5. वंश, खानदान-2
6. आह, पीड़ा भरी ध्वनि-3
7. जी, इच्छा, चित्त-2
9. पहनना-3
11. दास, नौकर, सेवक-5
14. अग्नि, आग-3
16. चयनित, स्वीकृत-4
17. जाति, संप्रदाय-2
18. उस समय-2
19. आदत, व्यवहार-4
23. माला का मोती-3
24. लालन-पालन-5
27. पूर्णिमा-3
28. वश, अधीन-2
30. खबर देने वाला-3
31. खदान, माइन-2
32. आश्रय, पनाह-3
33. संपत्ति-4

**ऊपर से नीचे**

1. घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2. धारा के बीच में, अधर में-2,2
3. आफत, आपदा-3
4. एक समान-2
5. गृहपति, चांसलर-4
6. दाना-2
8. प्रतिकृति, प्रतिरूप-3
10. रोकर धनराशि-3
12. प्रेम, आसक्ति-3
13. नीर, जल-2
15. भाग्य, तकदीर-3
17. जंबुल, जांब-3
18. टेंशन, परेशानी-3
20. काया, बदन-2
21. उष्णता-3
22. नाश होने योग्य-4
23. साम्राज्ञी, रानी-3
25. रमण करने योग्य-4
26. अदा, चोंचला-3
27. पूड़ी, गोलगप्पा-2
29. पिता की बहन-2
31. उर्वरक, गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

**शब्द पहेली- 6243 का हल**





# युवा खिलाड़ियों की मौजूदगी, नई चुनौतियां स्वीकार करने के लिए करती है प्रेरित : कोहली

एजेंसी ▸▸| अहमदाबाद

*भारतीय सुपरस्टार विराट कोहली ने आईपीएल में अपना सबसे तेज अर्धशतक लगाने और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को लगातार दूसरी ट्रॉफी दिलाने के बाद कहा कि टी20 प्रारुप में अपने खेल को नया रूप देने के लिए उन्हें अपनी सोच में बदलाव करना पड़ा और इस बीच युवा खिलाड़ियों ने भी उन्हें प्रेरित किया। कोहली ने 18वें ओवर की आखिरी गेंद पर अरशद खान के खिलाफ शानदार छक्का लगाकर टीम को लगातार दूसरी बार चैंपियन बनाया।*

*कोहली ने 42 गेंद में 9 चौके और 3 छक्कों की मदद से नाबाद 75 रन की पारी खेलने के बाद प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। उन्होंने पुरस्कार समारोह में कहा, ' यह वही पल है, जिसका हर खिलाड़ी सपना देखता है। मैंने कई बार इस क्षण की कल्पना की थी, खासकर विजयी रन बनाने की। बल्लेबाजी के लिए उतरते समय मैं पूरी तरह सहज था।' कोहली ने कहा, 'मुझे पता था कि रन-चेज़ में क्या करना है। युवा खिलाड़ियों की मौजूदगी आपको लगातार अपने खेल में सुधार करने और नई चुनौतियां स्वीकार करने के लिए प्रेरित करती है।'*

### पूरे टूर्नामेंट में रहा हमारा दबदबा : पाटीदार

अहमदाबाद। आरसीबी ने आईपीएल में अपना दूसरा खिताब उस दिन जीता जब कप्तान रजत पाटीदार अपना 33वां जन्मदिन मना रहे थे, लेकिन इस सुखद संयोग से भी कहीं अधिक वह प्रतियोगिता में अपनी टीम के शुरू से अंत तक के दबदबे से खुश थे। पाटीदार ने कहा, ' ईमानदारी से कहूं तो पिछले साल बहुत दबाव था। इस साल टूर्नामेंट में हमारे प्रदर्शन की वजह से माहौल काफी शांत रहा। मुझे लगता है कि हमने न सिर्फ अच्छा खेल दिखाया, बल्कि इस साल हमने टूर्नामेंट में अपना दबदबा बनाए रखा।' उन्होंने कहा, ''हमें पूरा भरोसा था कि अगर हम इसी तरह खेलते रहे तो हम निश्चित रूप से दूसरा खिताब जीतने में सफल रहेंगे।' पाटीदार ने इसके साथ ही अन्य टीम को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि उनकी टीम लगातार तीसरा खिताब जीतने के लिए भी कोई कसर नहीं छोड़ेगी।



### विजय जुलूस नहीं निकालेगा आरसीबी

**अहमदाबाद।** पिछले साल की भगदड़ और 11 लोगों की मौत को ध्यान में रखते हुए आरसीबी ने आईपीएल में लगातार दूसरी खिताबी जीत के लिए विजय जुलूस नहीं निकालने का फैसला किया है। आरसीबी के एक सूत्र ने कहा, 'बेंगलुरु में किसी भी प्रकार का जश्न मनाने की संभावना बहुत कम है। कुछ दिशानिर्देश निर्धारित हैं और हमें उनका पालन करना होगा।' इस बीच बेंगलुरु शहर के पुलिस आयुक्त सीमंथ कुमार सिंह ने कहा, 'हम किसी भी प्रकार के सार्वजनिक समारोह की अनुमति नहीं देंगे। यदि कोई जश्न मनाना चाहता है तो वह घर के अंदर मना सकता है।'

### आरसीबी के प्रशंसकों ने पूरी रात मनाया जश्न

*बेंगलुरु। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के उत्साही प्रशंसकों ने अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में अपनी टीम की लगातार दूसरी खिताबी जीत का संयमित होकर पूरी रात जश्न मनाया और स्थानीय पुलिस ने भी यह सुनिश्चित किया कि 'विजय उत्सव' बेकाबू न हो जाए। पिछले साल खिताब जीतने के जश्न के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ में 11 लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। उसे घटना को ध्यान में रखते हुए बेंगलुरु पुलिस ने शहर के उन प्रमुख इलाकों में गश्त की, जहां रविवार रात मोटेरा में गुजरात टाइटन्स पर आरसीबी की शानदार जीत के बाद प्रशंसक जमा हुए थे। पुलिस की घेराबंदी के बावजूद लोगों ने पूरी रात जश्न मनाया लेकिन इस बार किसी तरह की अप्रिय घटना नहीं घटी। विजय उत्सव में शामिल एक प्रशंसक ने कहा, ' हमें खुशी है कि आरसीबी ने लगातार दो खिताब जीते हैं, लेकिन फाइनल एकतरफा रहा। हमें उम्मीद थी कि गुजरात टाइटंस कड़ी चुनौती पेश करेगा।' दिल्ली से आए एक प्रशंसक ने कहा, 'मैं विराट कोहली का प्रशंसक हूं और इसीलिए मैं आरसीबी का समर्थन करता हूं। मुझे खुशी है कि आज रात दोनों ने अच्छा प्रदर्शन किया।' बेंगलुरु पुलिस ने आरसीबी की जीत की संभावना को देखते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहर के मुख्य क्षेत्रों के आसपास गश्त शुरू कर दी थी।*

## खबर संक्षेप



### पीएम मोदी ने 19 पदक जीतने पर भारतीय टीम को दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22वीं एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 10 स्वर्ण पदकों सहित 19 पदक जीतने वाले भारतीय टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह शानदार प्रदर्शन खिलाड़ियों के दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता को दर्शाता है। भारत ने हांगकांग में आयोजित की गई चार दिवसीय प्रतियोगिता में 10 स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य सहित कुल 19 पदक जीतकर चीन (14 स्वर्ण, नौ रजत, दो कांस्य) के बाद दूसरा स्थान हासिल किया। मोदी ने 'एक्स' पर कहा, 22वीं एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 10 स्वर्ण पदकों सहित 19 पदक जीतने के लिए भारतीय टीम को हार्दिक बधाई। यह उत्कृष्ट प्रदर्शन भारत के युवा एथलीटों के दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता को दर्शाता है।

### टॉप्स विकास समूह में 22 नौकायन खिलाड़ी शामिल



**नई दिल्ली।** जापान के आइची-नागोया में सितंबर-अक्टूबर में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारियों के मद्देनजर नौकायन (रोइंग) के 22 खिलाड़ियों को सोमवार को टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के विकास समूह में शामिल किया गया। यह फैसला मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) की 174वीं बैठक में लिया गया। भारतीय नौकायन संघ (आरएफआई) की ओर से वार्षिक राष्ट्रीय चयन ट्रायल और विभिन्न नौकाओं के लिए दलों को अंतिम रूप दिए जाने के बाद खिलाड़ियों की सूची जारी की गई। विकास समूह में शामिल प्रमुख खिलाड़ियों में पेरिस ओलंपिक 2024 में हिस्सा लेने वाले बलराज पंवार, 2022 एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता अरविंद सिंह और दो पदक जीत चुके जसविंदर सिंह शामिल हैं। कुल 22 खिलाड़ियों को छह विभिन्न नौका वर्गों में टॉप्स विकास समूह में शामिल किया गया है।

### आईजीपीएल राइजिंग स्टार्स संयुक्त 12वें स्थान पर कार्तिक

**अल जदीदा।** भारत के उभरते हुए गोल्फर कार्तिक सिंह ने आईजीपीएल मोरक्को राइजिंग स्टार्स 2026 के अंतिम दौर में एक अंडर 71 का स्कोर बनाकर संयुक्त 12वां स्थान हासिल किया। आखिरी नौ होल में एक डबल बोगी और एक बोगी करने के बावजूद कार्तिक का प्रदर्शन सराहनीय रहा। इस बीच थाईलैंड के तानापत पिचैकूल ने बांग्लादेश के अनुभवी खिलाड़ी सिद्दीकुर रहमान को दो शॉट से हराकर खिताब जीता। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने तीसरे दौर में आठ अंडर 64 के स्कोर के बाद दो शॉट की बढ़त बना ली थी। उन्होंने अंतिम दौर में दो अंडर 70 का स्कोर बनाकर अपनी बढ़त को बरकरार रखा। उन्होंने कुल 9 अंडर का स्कोर बनाया।



## आईपीएल 2026 समीक्षा : टाइटन्स ने अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीमों में बनाई पहचान

# आरसीबी और गुजरात का शानदार सफर एमआई-एलएसजी को करना होगा मंथन

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने एक और बेहद सफल सत्र में शानदार प्रदर्शन किया, गुजरात टाइटन्स ने प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी निरंतरता बनाए रखी लेकिन आईपीएल की बड़ी टीम मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने निराशाजनक प्रदर्शन के बाद 2026 सत्र के खत्म होने से पहले ही अगले सत्र के लिए बदलाव की प्रक्रिया शुरू कर दी। टी20 क्रिकेट में कोई भी टीम किसी को भी हरा सकती है और लीग की प्रकृति में यह बात साफ दिखी क्योंकि प्लेऑफ में जगह बनाने वाली टीम का फैसला लीग चरण के आखिरी दिन हुआ। आरसीबी, गुजरात टाइटन्स और सनराइजर्स हैदराबाद लीग चरण के आखिरी दिन से पहले ही क्वालीफाई कर चुकी थीं, लेकिन राजस्थान रॉयल्स 24 मई को मुंबई इंडियंस को हराकर चौथी टीम के तौर पर प्लेऑफ में शामिल हो गई, जिसने आखिरी दिन पंजाब किंग्स को बाहर कर दिया।

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

18 साल से आईपीएल खिताब का इंतजार कर रही इस फ्रेंचाइजी ने पिछले सत्र में अपनी ऐतिहासिक जीत के बाद अब जीत को अपनी आदत बना लिया है। एंडी फ्लावर और मो बोबाट के नेतृत्व वाले 'थिंक टैंक' ने एक ऐसी चैंपियन टीम तैयार की है, जो मैदान पर जबरदस्त प्रदर्शन कर रही है। विराट कोहली अपने करियर के इस पड़ाव पर भी युवा खिलाड़ियों से मुकाबला करने के लिए लगातार अपने खेल में नए प्रयोग कर रहे हैं।

### गुजरात टाइटन्स

टाइटन्स ने अपने छोटे से आईपीएल इतिहास में सबसे लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीमों में से एक के तौर पर अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने पांच सत्र में तीन बार फाइनल में जगह बनाई है, जिसमें अपने पहले ही सत्र में ख़िताब जीतना भी शामिल है। शुभमन गिल, साई सुदर्शन और जोस बटलर ने लगातार रन बनाए। अगर कभी ये खिलाड़ी नाकाम रहे तो मध्यक्रम उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सका, जिससे इसी विभाग को वह अगली नीलामी में मजबूत करना चाहेगी।

### सनराइजर्स हैदराबाद

पैट कमिंस की कप्तानी वाली इस टीम ने धीमी शुरुआत के बाद इस सत्र में ज्यादा कुछ गलत नहीं किया। हालांकि 'एलिमिनेटर' में वैभव सूर्यवंशी और जोफ्रा आर्चर के शानदार प्रदर्शन के आगे उन्हें हार का सामना करना पड़ा। उनके लिए सकारात्मक चीज प्रफुल हिंगे और साकिब हुसैन जैसे तेज गेंदबाजों का उभरकर सामने आना रही।

### राजस्थान रॉयल्स

कप्तान रियान पराग ने खुद यह बात स्वीकार की है कि रॉयल्स को लीग चरण के आखिरी दिन का इंतजार करने के बजाय, उससे काफी पहले ही प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर लेना चाहिए था। उनका अभियान काफी हद तक 15 साल के किशोर खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी पर निर्भर था जो अपने पहले पूरे सत्र में 237.30 के जबरदस्त स्ट्राइक रेट से 776 रन बनाकर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने।

### मुंबई इंडियंस

भारत के कई बड़े सितारों से सजी टीम इस सत्र में सबसे ज्यादा निराशाजनक प्रदर्शन करने वाली टीम रही। जसप्रीत बुमराह, हार्दिक, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा की चौकड़ी इस सत्र को भुलाना चाहेगी। रोहित शर्मा ने शीर्ष क्रम में ठीक प्रदर्शन किया, लेकिन चोट की वजह से उनका सत्र प्रभावित रहा।

### लखनऊ सुपर जायंट्स

दो निराशाजनक सत्र के बाद कप्तान ऋषभ पंत के पद छोड़ने के साथ ही अगले सत्र के लिए टीम में बदलाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। पहले हिस्से में टीम की बल्लेबाजी पूरी तरह फ्लॉप रही जबकि मोहम्मद शमी, मोहसिन खान और प्रिंस यादव की अगुवाई में गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया।

### दिल्ली कैपिटल्स

लगातार दूसरे सत्र में दिल्ली कैपिटल्स अक्षर पटेल की कप्तानी में प्लेऑफ में जगह बनाने में नाकाम रही। यह एक और ऐसा सत्र रहा, जिसमें केएल राहुल ने 500 से ज्यादा रन बनाए लेकिन आखिरी नतीजों के लिहाज से उन रनों की अहमियत नहीं रही। टीम के पास बल्लेबाजी में जरूरी ताकत की कमी थी। गेंदबाजी में भी जरूरी धार नहीं थी।

### पंजाब किंग्स

आईपीएल के पहले हाफ में सबसे मजबूत टीम मानी जा रही पंजाब किंग्स ने दूसरे हाफ में लगातार छह मैच हारकर अपने प्लेऑफ में पहुंचने के मौकों को गंवा दिया। उनकी शानदार बल्लेबाजी ने उनकी कमजोर गेंदबाजी की भरपाई कर दी थी, लेकिन बाद में क्षेत्ररक्षण समेत तीनों ही विभागों में उनका प्रदर्शन गिर गया।

### कोलकाता नाइट राइडर्स

शुरुआती छह मैच हारने के बाद भी 10 टीम में से सातवें स्थान पर रहकर केकेआर ने अच्छा प्रदर्शन किया। पूरी संभावना है कि अजिंक्य रहाणे ने आईपीएल में अपना आखिरी सत्र खेल लिया है। टीम को सभी विभागों में संघर्ष करना पड़ा और अब उसे पूरी तरह से नए सिरे से तैयार करने की जरूरत है।


### चेन्नई सुपर किंग्स

पांच बार की चैंपियन टीम 2023 में खिताब जीतने के बाद से अब तक प्लेऑफ में जगह बनाने में नाकाम रही है। रुतुराज गायकवाड़ की अगुआई वाली फ्रेंचाइजी को अब अपनी रणनीति में बदलाव करने की जरूरत है।

## क्रिकेट

# आईसीसी ने लागू किए नए नियम टी20 में कोच की मैदान में एंट्री

लेग साइड वाइड, डे टेस्ट में पिंक बॉल पर लगी मुहर




एजेंसी ▸▸| अहमदाबाद

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने क्रिकेट नियमों से जुड़ी कुछ सिफारिशों पर मुहर लगा दी है। अहमदाबाद में बोर्ड मीटिंग के दौरान इस पर फैसला लिया गया।

इसके तहत दिन में होने वाले टेस्ट मैच में पिंक बॉल के इस्तेमाल, लेग साइड वाइड ट्रायल, अवैध बॉलिंग एक्शन पर हॉक आई डेटा के एक्सेस को मंजूरी दी गई। इससे आने वाले समय में क्रिकेट में काफी बदलाव देखने को मिलेंगे। वहीं आईसीसी ने टी 20 मैच के दौरान कोच को मैदान में एंट्री का प्रावधान रखा है। आईसीसी ने बताया कि अगर खराब रोशनी के चलते खेल में रुकावट आती है तब अंपायर दोनों टीमों की सहमति से लाल गेंद की जगह पिंक बॉल से खेल को आगे बढ़ा सकते हैं।

ऐसा इसलिए किया जा रहा क्योंकि कई बार खराब रोशनी के चलते मैच में समय खराब होता है और इससे नतीजा नहीं निकल पाता है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के अंक दांव पर होने की वजह से इस तरह के नतीजे टीमों के लिए नुकसानदेह साबित हुए हैं।

### लेग साइड वाइड पर अहम फैसला

बोर्ड मीटिंग में लेग साइड वाइड पर अहम फैसला हुआ। अब अगर किसी बल्लेबाज के लेग साइड में कोई गेंद जाती है तो वह सीधे-सीधे वाइड नहीं होगी। अंपायर यह जांच करेंगे कि वह बल्लेबाज से कितनी दूर है। उसके हिसाब से ही फैसला किया जाएगा। कहा जा रहा है कि एक तय लाइन रखी जाएगी और उसके अंदर अगर गेंद रहती है तो वह वाइड नहीं होगी। लेकिन इस पर फैसला मैदानी अंपायर ही लेगा। अभी इस नियम को आईसीसी ने ट्रायल पर डाला है।

## डब्ल्यूटीटी प्रिस्टिना फीडर सीरीज

# 15 साल की दिव्यांशी ने रचा इतिहास, जीते दो स्वर्ण पदक




एजेंसी ▸▸| प्रिस्टीना

उभरती हुई खिलाड़ी 15 वर्षीय दिव्यांशी भौमिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डब्ल्यूटीटी फीडर महिला एकल खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। वह इस उपलब्धि हासिल करने वाली भारत की सबसे कम उम्र की महिला खिलाड़ी बन गई हैं। विश्व रैंकिंग में 211वें स्थान पर काबिज दिव्यांशी ने फाइनल में चीनी ताइपे की विश्व नंबर 38 येह यी-तियान को रोमांचक मुकाबले में 3-2 (8-11, 11-8, 11-5, 7-11, 11-7) से पराजित किया। भारतीय खिलाड़ी ने पहला गेम गंवाने के बाद जबरदस्त वापसी करते हुए अद्भुत संयम, जुझारुपन और आत्मविश्वास का परिचय दिया तथा यादगार जीत दर्ज की। इस प्रदर्शन के साथ उन्होंने सीनियर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी दमदार मौजूदगी का अहसास कराया। दिव्यांशी की यह उपलब्धि केवल भारतीय टेबल टेनिस के लिए ही ऐतिहासिक नहीं है, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी उन्हें विशिष्ट स्थान दिलाती है।

### महिला युगल में जीता गोल्ड

दिव्यांशी ने अपने शानदार अभियान में एक और स्वर्णिम उपलब्धि जोड़ते हुए महिला युगल वर्ग का स्वर्ण पदक भी जीता। उन्होंने साथी भारतीय किशोर खिलाड़ी सिंड्रेला दास के साथ मिलकर जापान की साची आओकी और कोकोना मुरामात्सु की जोड़ी को रोमांचक फाइनल में 3-2 (7-11, 14-12, 12-14, 11-8, 11-7) से हराया। करीब आधे घंटे तक चले इस संघर्षपूर्ण मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने पहला गेम गंवाने के बावजूद शानदार वापसी की। निर्णायक क्षणों में दबाव के बीच उनका धैर्य और दृढ़ता देखने लायक रही, जिसने भारत की इस उभरती हुई जोड़ी की बढ़ती परिपक्वता और उज्ज्वल भविष्य की झलक पेश की।

### उम्र से कहीं अधिक दिखाई परिपक्वता

मात्र 15 वर्ष की आयु में वह जापान की स्टार खिलाड़ी मिवा हारिमोटो के बाद डब्ल्यूटीटी फीडर सर्किट में महिला एकल खिताब जीतने वाली दुनिया की दूसरी सबसे युवा खिलाड़ी मानी जा रही हैं। प्रिस्टीना में आयोजित प्रतियोगिता के दौरान दिव्यांशी ने पूरे सप्ताह अपने खेल से प्रभावित किया। उन्होंने अपने से अधिक अनुभवी और ऊंची रैंकिंग वाली खिलाड़ियों को बेखौफ आक्रामक खेल तथा अटूट आत्मविश्वास के दम पर मात दी।

# नार्वे चेस : गुकेश और दिव्या हारे कार्लसन ने दर्ज की बड़ी जीत

एजेंसी ▸▸| ओस्लो

नॉर्वे चेस 2026 के छठे राउंड में कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। पुरुष और महिला दोनों वर्गों में खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर रही, जिससे खिताब की दौड़ और दिलचस्प हो गई है। पुरुष वर्ग में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने टूर्नामेंट लीडर अलीरेजा फिरोजा को हराकर बड़ी जीत दर्ज की। सफेद मोहरों से खेलते हुए कार्लसन ने पूरे मुकाबले में दबाव बनाए रखा और बाद के चरण में अपनी बढ़त का फायदा उठाकर जीत हासिल की। यह फिरोजा की टूर्नामेंट में पहली क्लासिकल हार रही एक अन्य मुकाबले में वेस्ली सो ने भारत के युवा ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानंदा को हराया। लंबा चला यह मुकाबला काफी संघर्षपूर्ण रहा, लेकिन एंडगेम में वेस्ली ने बेहतर खेल दिखाते हुए पूरे तीन अंक हासिल किए। इस जीत के साथ वह



अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए हैं।

### कीमर से हारे गुकेश

मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश को जर्मनी के विंसेंट कीमर के हाथों हार का सामना करना पड़ा। कीमर इस मुकाबले में गुकेश पर शुरुआत से ही हावी रहे और वह अपने दमदार खेल को अंत तक बरकरार रखने में सफल रहे। विंसेंट ने गुकेश को वापसी करने का मौका नहीं दिया और शानदार जीत दर्ज की।

# 'जी' ने हासिल किए भारत के लिए 'फीफा वर्ल्ड कप' राइट्स

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत में फुटबॉल प्रेमियों के लिए बड़ी राहत की बात है कि 'जी' पर 2026 फीफा विश्व कप का सीधा प्रसारण किया जाएगा क्योंकि 11 जून से शुरू होने वाले टूर्नामेंट से 10 दिन पहले 'जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेस लिमिटेड' ने फुटबॉल की विश्व संचालन संस्था फीफा के साथ 8 साल की भागीदारी की घोषणा की।

इस साझेदारी के तहत 'जी' भारत में विश्व कप 2026 समेत फीफा के सभी मुकाबलों का प्रसारण करेगा। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल संस्था फीफा के साथ हुए इस करार के तहत 'जी' फीफा के 39 वैश्विक फुटबॉल टूर्नामेंट का प्रसारण करेगा, जिनमें 11 जून 2026 से शुरू होने वाला फीफा विश्व कप भी शामिल है। अमेरिका, कनाडा और मेक्सिकों विश्व कप 2026 की संयुक्त मेजबानी करेंगे।

### 'यूनाईट8 स्पोर्ट्स नेटवर्क' में होगा विश्वकप का प्रसारण

विश्व कप का टीवी पर सीधा प्रसारण जी एंटरटेनमेंट अपने नए 'यूनाईट8 स्पोर्ट्स नेटवर्क' के जरिए करेगा जबकि इसकी लाइव स्ट्रीमिंग 'जी5' ऐप पर उपलब्ध होगी। जी एंटरटेनमेंट के पास भारतीय बाजार के लिए फीफा विश्व कप 2026, फीफा विश्व कप 2030, फीफा महिला विश्व कप 2027 के साथ 2034 तक के अन्य अहम फीफा टूर्नामेंट और डॉक्यू-सीरीज कंटेंट के मीडिया अधिकार होंगे। जी एंटरटेनमेंट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पुनीत गोयंका ने कहा, 'हम दुनिया के सबसे बड़े खेल टूर्नामेंट में से एक को भारतीय दर्शकों तक पहुंचाने को लेकर बहुत उत्साहित हैं। मीडिया अधिकार हासिल करने और विशेष खेल चैनल शुरू करने में किया गया हमारा निवेश, इस खेल की लंबी अवधि की संभावनाओं में हमारे पक्के विश्वास को दर्शाता है। '




## आज से शुरू हो रहा थाईलैंड ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट

# बुलंद हौसलों के साथ कोर्ट पर उतरेगी सात्विक-चिराग की जोड़ी

एजेंसी ▸▸| जकार्ता

सिंगापुर ओपन में लंबे समय से चले आ रहे खिताबी इंतजार को समाप्त करने के बाद आत्मविश्वास से भरपूर भारत की स्टार पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी अब मंगलवार से शुरू हो रहे थाईलैंड ओपन सुपर 1000 में लगातार दूसरा खिताब जीतने के इरादे से कोर्ट पर उतरेगी।

पूर्व विश्व नंबर एक भारतीय जोड़ी को प्रतियोगिता में चौथी वरीयता मिली है। अपने पहले मुकाबले में उनका सामना मलेशिया के कांग खाई शिंग और आरोन ताई की जोड़ी से होगा। पुरुष युगल में भारत की दूसरी जोड़ी एमआर अर्जुन और हरिहरन अम्साकरुणान का मुकाबला मलेशिया के नूर मोहद अजरीन आयुब अजरीन और तान वी कियोंग से होगा। यदि दोनों भारतीय जोड़ियां अपने-अपने शुरुआती मुकाबले जीतती हैं तो दूसरे दौर में आमने-सामने हो सकती हैं।

### पहला मुकाबला मलेशिया के शिंग और आरोन की जोड़ी से



### सिंधू की पहली भिड़ंत थाईलैंड की ओंगबामरुंगफान से

महिला एकल में भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधू अपने अभियान की शुरुआत थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान के खिलाफ करेंगी। सिंधू सिंगापुर ओपन में क्वार्टर फाइनल तक पहुंची थीं। अन्य भारतीय खिलाड़ियों में मालविका बंसोड़ का सामना थाईलैंड की सातवीं वरीय पोर्नपावी चोचुवोंग से होगा, जबकि उन्नति हुड्डा को पहले ही दौर में जापान की विश्व नंबर 12 नोजोमि ओकुहारा जैसी मजबूत प्रतिद्वंद्वी मिली हैं।

### लक्ष्य भिड़ेंगे अल्वी फरहान से

लक्ष्य सेन पुरुष एकल में अपने पहले मुकाबले में इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से भिड़ेंगे। वहीं किदांबी श्रीकांत का सामना जापान के युशी तनाका से होगा। अन्य भारतीय खिलाड़ियों में आयुष शेट्टी का मुकाबला चीन के वेंग होंग यांग से होगा, जबकि एचएस प्रणय आयरलैंड के एनट के खिलाफ चुनौती पेश करेंगे। मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो के साथ रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गदे भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद भारत की एकमात्र जोड़ी पहले दौर में इंडोनेशिया की फेब्रियाना द्विपुजी कुसुमा और मेलिसा ट्रियास पुस्पितासारी के खिलाफ अभियान शुरू करेगी।




उम्मीद है कि इन वार्ताओं का मुख्य जोर एक अंतरिम व्यापार समझौते के विवरण को अंतिम रूप देने पर होगा

# अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल नई दिल्ली पहुंचाः भारत और अमेरिका के बीच लगभग सभी मुद्दे सुलझे, दोनों देश जल्द करेंगे समझौते पर हस्ताक्षर

**साथ ही व्यापक द्विपक्षीय ढांचे के तहत बातचीत को आगे बढ़ाने पर भी ध्यान दिया जाएगा**

**1** दोनों देश पहली किस्त पर हस्ताक्षर करने के बहुत करीब पहुंचा

**2** यूएसए का उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल 7 जून तक रहेगा

**3** 2, 3 और 4 जून को होगी बैठक, जिसमें कई बिंदुओं पर चर्चा होगी

**4** दोनों देशों के नेताओं ने 3 फरवरी को ही फ्रेमवर्क समझौते की घोषणा की थी

वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव जैन को द्विपक्षीय व्यापार वार्ताओं की कमान सौंपी गई है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते की पहली किश्त पर हस्ताक्षर करने के करीब पहुंच गए हैं। इसकी ज्यादातर अहम बातें पहले ही तय हो चुकी हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को यह जानकारी दी। उनकी यह प्रतिक्रिया तब आई जब अमेरिका का एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल बातचीत के एक नए दौर के लिए नई दिल्ली पहुंचा है। चल रही बातचीत के बारे में गोयल ने कहा कि अमेरिकी टीम के सदस्य 2, 3 और 4 जून को होने वाली बैठकों से पहले ही भारत पहुंचना शुरू हो गए थे। उन्होंने बताया, जहां तक अमेरिकी टीम की बात है, कुछ सदस्य पहले ही पहुंच चुके हैं, जबकि बाकी आज रात पहुंच रहे हैं। हमारी बैठकें 2, 3 और 4 जून को होनी हैं। दोनों देशों के नेताओं ने 3 फरवरी को ही फ्रेमवर्क समझौते की घोषणा कर दी थी। भारत-अमेरिका व्यापार सौदे पर चल रही बातचीत के संबंध में मंत्री ने कहा, सभी मुख्य बिंदु तय हो चुके हैं। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने हाल ही में कहा था



भारत का प्रतिनिधित्व मुख्य वार्ताकार दर्पण जैन के नेतृत्व वाला एक

कि 99% विवरण अंतिम रूप ले चुके हैं... मुझे पूरा भरोसा है कि हम अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते की पहली किश्त को जल्द से जल्द पूरा कर लेंगे। वह बोले, हम इस पर हस्ताक्षर करेंगे और फिर आगे चलकर एक और भी ज़्यादा व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौता कैसे बनाया जाए, इस पर आगे की बातचीत शुरू करेंगे। गोयल ने यह भी कहा कि इस समझौते में अमेरिका की टैरिफ संरचना में हुए बदलावों को भी ध्यान में रखा जाएगा। मुख्य वार्ताकार ब्रेंडन लिंच के नेतृत्व में अमेरिका का एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल 1 से 4 जून तक चार दिवसीय भारत दौरे पर है ।

## इन क्षेत्रों पर होगा फोकस

एक बयान में मंत्रालय ने कहा, चर्चाओं को आगे बढ़ाने के लिए मुख्य वार्ताकार के नेतृत्व में अमेरिकी टीम 1 से 4 जून 2026 तक भारत का दौरा करेगी। इसमें अंतरिम समझौते के विवरण को अंतिम रूप देने और व्यापक बीटीए के तहत कई क्षेत्रों जैसे बाजार पहुंच, गैर-टैरिफ उपाय, सीमा शुल्क और व्यापार सुविधा, निवेश संवर्धन, इकोनॉमिक सिक्योरिटी अलाइनमेंट पर बातचीत को आगे बढ़ाने का प्रस्ताव है। आमने-सामने की बातचीत का यह ताजा दौर 20 से 23 अप्रैल, 2026 के बीच वाशिंगटन में हुई पिछली बैठकों के बाद हो रहा है। तब जैन के नेतृत्व में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने अपने अमेरिकी समकक्षों से मुलाकात की थी।

## 7 फरवरी को जारी हुआ था ज्वॉइंट स्टेटमेंट

ये चर्चाएं 7 फरवरी, 2026 को दोनों देशों की ओर से जारी एक संयुक्त बयान पर आधारित हैं। इसके तहत भारत और अमेरिका ने पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार पर केंद्रित अंतरिम समझौते के लिए एक रूपरेखा पर सहमति जताई थी। साथ ही एक व्यापक बीटीए के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को कन्फर्म किया था। बातचीत अब उस चरण में प्रवेश कर गई है जिसे अधिकारियों ने अंतिम स्टेज बताया है। इसमें दोनों पक्ष अंतरिम व्यापार समझौते को पूरा करने के करीब पहुंच रहे हैं। हालांकि, अमेरिकी टैरिफ परिदृश्य में बदलाव के कारण दोनों देशों को समझौते की रूपरेखा के कुछ हिस्सों पर फिर से विचार करना पड़ सकता है।

## अमेरिका-भारत व्यापार समझौता

मौजूदा रूपरेखा के तहत भारत ने सभी अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं के साथ अमेरिकी कृषि और खाद्य उत्पादों की एक विस्तृत रेंज पर टैरिफ को समाप्त करने या कम करने का प्रस्ताव दिया है।

राजधानी में हुए ग्रेटर वेस्ट एशिया फोरम को संबोधित करते हुए बोले इजरायल के राजदूत

# अब्राहम समझौते में शामिल होने के लायक नहीं पाकिस्तान, दिए यहूदी विरोधी बयानः अजार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया क्षेत्र से लेकर खाड़ी तक के इलाके में बीते कुछ महीनों से ईरान के साथ चल रहे भीषण युद्ध और शांति वार्ता की प्रक्रिया में पाकिस्तान की भूमिका पर इजरायल को कतई भरोसा नहीं है। उसका कहना है कि हम पाकिस्तान पर भरोसा नहीं करते हैं। क्योंकि उसने लगातार यहूदियों के खिलाफ बयानबाजी की है। जिसे इजरायल बिलकुल भी स्वीकार नहीं करेगा। यह बातें भारत में इजरायल के राजदूत रूवेन अजार ने सोमवार को राजधानी में आयोजित किए गए ग्रेटर वेस्ट एशिया फोरम को संबोधित करते हुए दी है। उन्होंने यह भी कहा कि हम पाकिस्तान पर तब तक भरोसा नहीं कर सकते हैं। जब तक वह मामले को लेकर अपने रुख में तब्दीली नहीं करता है। उसे अब्राहम समझौते में तभी शामिल किया जा सकता है। जब वह यहूदियों के खिलाफ अपनी मानसिकता में बदलाव करे।



समझौता है। पाकिस्तान इसका विरोध करता रहा है। जिसकी वजह से इजरायली दूत की यह तल्ख टिप्पणी भी आई है। जिसमें उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे समझौतों का हिस्सा बनने के लिए महज कागजी हस्ताक्षर ही पर्याप्त नहीं हैं। बल्कि संबंधित देश यानी पाकिस्तान को अपनी सोच और नजरिए में बदलाव करना पड़ेगा।

## कागजी हस्ताक्षर नहीं मानेगा इजरायल

अजार के मुताबिक, इस इलाके का हकीकत में मूल निवासी उनका देश इजरायल ही है। जिसका प्रमाण कई इस्लामिक ग्रंथों और पुस्तकों में साफ तौर पर किया गया है। जो लोग इस बात को स्वीकार नहीं करते हैं। उनके लिए शांति की राह पर चलना कठिन होगा। गौरतलब है कि अब्राहम समझौता इजरायल और अरब देशों के बीच शांति और अमन कायम करने से जुड़ा हुआ एक

## भारत संग व्यापार से क्षेत्र को लाभ

इजरायल के राजदूत ने नई दिल्ली की प्रशंसा करते हुए कहा कि अगर पश्चिम एशिया क्षेत्र में शांति और स्थिरता लौटती है। तो भारत के साथ किए जाने वाले व्यापार और निवेश से समूचा क्षेत्र लाभान्वित होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि हमारे देश की लड़ाई लेबनान से नहीं है। बल्कि वहां सक्रिय चरमपंथी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह से है। जो इजरायल को खत्म करने की बात करता है।

## दिल्ली में रक्षा मंत्रियों ने बैठक में दिए बड़े संकेत



# इंडो-पैसिफिक में मजबूत होगी भारत-ऑस्ट्रेलिया की ताकत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रक्षा संबंधों को नई उड़ान देने के लिए सोमवार को नई दिल्ली में एक दूसरी द्विपक्षीय बैठक हुई।

बैठक में भारत के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह व ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और मजबूत बनाने पर चर्चा की। इस बैठक में समुद्री सुरक्षा, सैन्य सहयोग, रक्षा उद्योग, सह-विकास और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र की सुरक्षा से जुड़े मुद्दे प्रमुख रहे। बैठक के दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने ऑस्ट्रेलिया की 2026 की राष्ट्रीय रक्षा रणनीति और इंटीग्रेटेड इन्वेस्टमेंट प्रोग्राम का स्वागत करते हुए कहा कि दोनों देशों के रक्षा संबंधों में विकास की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा, आज की चर्चा के दौरान, मैं इस नीतिगत दस्तावेज और भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा संबंधों में विकास की संभावनाओं पर आपके विचार जानने के लिए उत्सुक हूं। वहीं रिचर्ड मार्ल्स ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया पहले से कहीं अधिक रणनीतिक रूप से एकजुट हैं और दोनों देश समुद्री क्षेत्र में सहयोग बढ़ा रहे हैं।

केरल के रहने वाले थे नवदंपती

# शादी के दिन हेलिकॉप्टर क्रैश में भारतवंशी पायलट की मौत, पत्नी को रेस्क्यू किया

एजेंसी ▶▶ जॉर्जिया

अमेरिका के जॉर्जिया में शादी के कुछ घंटों बाद भारतीय मूल के पायलट की हेलिकॉप्टर हादसे में मौत हो गई। उनकी पत्नी घायल हो गईं और करीब 6 घंटे तक मलबे में फंसी रहीं। डेव फिजी और जेस्नी की शादी 29 मई को डॉसनविल के द रिवेरे वेडिंग वेन्यू में हुई थी। समारोह में करीब 400 मेहमान शामिल हुए थे। नवविवाहित जोड़ा शादी के बाद हेलिकॉप्टर से अटलांटा के लिए रवाना हुआ था, लेकिन उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अमेरिका की नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड इस मामले की जांच कर रही है। हालांकि,



एजेंसी ने अभी तक दुर्घटना की वजह नहीं बताई है। शुरुआती जांच रिपोर्ट अगले 30 दिनों में आने की उम्मीद है। डेव के पिता जॉर्ज फिजी ने बताया कहा, मेरा बेटा बहुत खुश था। मैं उसे देख रहा था और उसकी खुशी महसूस कर रहा था। वह बेहद हैंडसम लग रहा था। जॉर्ज के मुताबिक, डेव और जेस्नी की दोस्ती चर्च के जरिए हुई थी।

दोनों परिवारों का संबंध अमेरिकी राज्यों साउथ कैरोलीना और जॉर्जिया के चर्च समुदायों से रहा है। दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदली और दोनों ने जीवनसाथी बनने का फैसला किया।

मेक इन इंडिया को मिला बूस्ट

# खुफिया मिशन और दुश्मन पर सटीक निशाने में माहिर भारत का दिव्यास्त्र, एमके-1 का परीक्षण हुआ सफल

***दिव्यास्त्र एमके-1 से प्लेटफॉर्म की तेजी से तैनात होने की क्षमता***

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकी इकोसिस्टम को बढ़ावा देते हुए, होवरिट ने जोधपुर में टैक्टिकल लोइटरिंग म्यूनिशन प्लेटफॉर्म,दिव्यास्त्र एमके-1 का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। दिव्यास्त्र एमके-1 के परीक्षण के दौरान भारतीय सेना का वरिष्ठ नेतृत्व भी मौजूद था। इस प्रदर्शन के हिस्से के तौर पर, दिव्यास्त्र एमके-1 यूएवी को एक वाहन पर लगे मोबाइल लॉन्चर से कई बार



सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया। दिव्यास्त्र एमके-1 एक स्वदेशी टैक्टिकल यूएवी है जिसे खुफिया जानकारी, निगरानी, टोही और सटीक हमले के मिशनों के लिए विकसित किया गया है। दिव्यास्त्र एमके-1 से प्लेटफॉर्म की तेजी से तैनात होने की क्षमता, युद्ध के मैदान में गतिशीलता और जमीनी हालात में टैक्टिकल लॉन्च की तैयारी का प्रदर्शन हुआ। इस अभ्यास के दौरान ऑपरेशनल माहौल में गतिशील आईएसआर और टोही मिशनों में मदद करने की यूएवी की क्षमता को भी और पुख्ता किया। आज के दौर के में, हथियारों की आर्थिक व्यवहार्यता उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी कि उनकी विस्फोटक क्षमता। आज के समय में जहां पारंपरिक क्रूज मिसाइलें बहुत महंगी होती हैं और उन्हें दुर्लभ, बहुत ही विशिष्ट लक्ष्यों के लिए सुरक्षित रखा जाता है ।

वहीं दिव्यास्त्र जैसे लोइटरिंग म्यूनिशन को विशेष रूप से बड़े पैमाने पर तैनात करने के लिए डिजाइन किया गया है। दिव्यास्त्र एमके-1 की ऑपरेशनल रेंज 500 किलोमीटर तक की है और यह 5 घंटे तक की उड़ान क्षमता के साथ भारतीय सेना को दिया गया है।




समझौते पर चर्चा और सीजफायर के ऐलान के बाद भी हमला

# अमेरिका ने ईरान ड्रोन और रडार सिस्टम को उड़ाया तो तेहरान ने यूएस बेस को बनाया निशाना

**ईरान के गोरुक और केशम द्वीप पर स्थित ड्रोन कमांड ठिकाने किए ध्वस्त**

**यह कार्रवाई ईरान द्वारा अमेरिकी एमक्यू-1 ड्रोन को मार गिराने के बाद हुई**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ईरान के साथ समझौता करने का दावा कर रहे हैं तो दूसरी तरफ उनकी सेना तेहरान पर हमले भी कर रही है। ताजा घटनाक्रम में अमेरिका ने दावा किया है कि उसने इस वीकेंड ईरान के ड्रोन कमांड ठिकानों पर हमला किया है। अमेरिका ने रविवार को कहा कि उसने इस वीकेंड ईरान के गोरुक और केशम द्वीप पर स्थित ईरानी रडार और ड्रोन नियंत्रण स्थलों पर आत्मरक्षा में हमले किए। अमेरिका ने इसे तेहरान की आक्रामक कार्रवाइयों का जवाब



बताया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ईरान ने एक अमेरिकी एमक्यू-1 ड्रोन को मार गिराया था, जो अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र के ऊपर उड़ान भर रहा था। सेंटकॉम ने कहा कि अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए ईरानी हवाई सुरक्षा प्रणालियों, एक ग्राउंड कंट्रोल स्टेशन और दो वन-वे (एकतरफा) हमलावर ड्रोनों को नष्ट कर दिया। उसने यह भी बताया कि इस दौरान किसी भी अमेरिकी सैन्यकर्मी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। वहीं, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने सोमवार को कहा कि उसकी एयरोस्पेस सेना ने उस एयरबेस को निशाना बनाया, जिसका इस्तेमाल उसके अनुसार सिरिक द्वीप पर एक टेलीकॉम टावर पर अमेरिका द्वारा किए गए हमले में किया गया था। हालांकि, उसने उस एयरबेस की जगह के बारे में कोई जानकारी नहीं दी।

## *पिछले हफ्ते भी हुआ था हमला*

*पिछले हफ्ते भी दोनों देशों के बीच जवाबी हमले हुए थे। तब अमेरिका की सेना ने होर्मुज स्ट्रेट के पास चल रहे एक ईरानी ड्रोन अभियान को निशाना बनाते हुए हमले किए थे। इस बात की जानकारी वॉशिंगटन के एक अधिकारी ने दी थी। उसके बाद ईरान ने एक अमेरिकी हवाई अड्डे को निशाना बनाया था। ये घटनाक्रम वॉशिंगटन और तेहरान के बीच जारी तनाव के बीच सामने आया है। अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने चेतावनी दी है कि अगर भविष्य का कोई भी समझौता अमेरिका की शर्तों को पूरा करने में विफल रहता है तो सैन्य कार्रवाई फिर से शुरू हो सकती है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सेनाएं आगे की कार्रवाई के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस बीच खबरों के मुताबिक राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ प्रस्तावित समझौते को और संशोधनों के लिए वापस भेज दिया है।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109